आश्विन कृष्ण पक्ष नवमी 12:25 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 26 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 37, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है ब्लैकहोल 16

अक्षय ने दिखाई हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक 15

## एक नजर

### मोदी आज महाराष्ट्र में कई प्रोजेक्ट का करेंगे शिलान्यास-उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे जिले का दौरा करेंगे और इस दौरान 22,600 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें सोलापुर हवाई अड्डे का उद्घाटन और परम रूद्र सुपरकंप्यूटर्स का लोकार्पण भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री जिला अदालत मेट्रो स्टेशन से पुणे के स्वारगेट तक चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

### मालवा एक्सप्रेस के पहियों से धुआं निकला, हड़कंप

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में इंदौर के डॉ. आम्बेडकर नगर (महू) से जम्मू-कश्मीर के कटरा के बीच चलने वाली मालवा एक्सप्रेस के पहियों से बुधवार को धुआं निकलता दिखाई दिया जिससे हड़कंप मच गया। रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से इस पर काबू पाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के पीआरओ खेमराज मीना ने बताया कि राऊ स्टेशन पर स्टेशन मास्टर ने ट्रेन के पहियों से धुआं निकलता देखा। एक डिब्बे के पहियों का ब्रेक जाम हो गया था।

### बेटी का यौन शोषण करने पर 20 साल की जेल

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पॉक्सो अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी नौ वर्षीय बेटी का यौन शोषण करने का दोषी ठहराते हुए 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इस मामले का खुलासा उसके पड़ोसी ने किया था। पॉक्सो के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली अदालत के न्यायाधीश डी.एस. देशमुख ने मंगलवार को अपने आदेश में 35 वर्षीय दोषी पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया।

### दिल्ली से अपहृत बच्ची को ट्रेन से किया बरामद

**बक्सर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने बिहार के बक्सर जिले के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर दिल्ली-मालदा ट्रेन से राष्ट्रीय राजधानी से कुछ दिन पहले अपहृत की गई आठ वर्षीय बच्ची को अपहरणकर्ता के चंगुल से मुक्त कराया। आरपीएफ कर्मियों ने मंगलवार दोपहर करीब दो बजे बच्ची को बरामद किया और इस मामले में बिहार के समस्तीपुर जिले के निवासी रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# हुनरमंद उप्र ने किया निहाल

## उप राष्ट्रपति बोले, यूपी के लिए गेम चेंजर साबित हुए योगी आदित्यनाथ

## गली ब्वाय से विदेशों तक की उड़ान ने बदली छोटे उद्यमियों की तकदीर

**इंटरनेशनल ट्रेड-शो**

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा-पहले सरकार मंच देती तो हुनरमंद बदलते देश की तस्वीर

धीरेंद्र सिंह, ग्रेटर नोएडा



इंटरनेशनल ट्रेड-शो के उद्घाटन अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को राधे-श्रीकृष्ण की मूर्ति देते मुख्यमंत्री योगी, साथ में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी, उप्र के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', एमएसएमई मंत्री राकेश सचान।

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा में बुधवार को इंटरनेशनल ट्रेड-शो का रंगारंग आगाज हुआ। इंडिया एक्सपो मार्ट में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ट्रेड शो की शुरुआत के साथ हुनरमंद उत्तर प्रदेश की तस्वीर दुनिया के सामने छा गई। अपने बाप-दादे के हुनर को गली-कस्बों, बाजारों और मेलों तक ढो रहे, उनकी नवोदित प्रतिभाओं को देश-विदेश तक खरीदार और प्रशंसकों की कतार देखने को मिली।

मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तरह-तरह के हुनर से सजे छोटे-छोटे उद्यमियों की कलाकृतियों से अभिभूत नजर आए। किसी की चिकन कढ़ाई तो किसी के जरीदोंजी, बांसुरी, खिलौनों, हॉर्न क्राफ्ट से लेकर 80 जीआई टैग हुए हुनर से हर कोई उत्साहित दिखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ यहां विभिन्न स्टॉल का अवलोकन करने के बाद उप राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा लगा वह दुनिया के सबसे विकसित देश में हैं। यह आयोजन प्रदेश के कारीगरों, शिल्पकारों तथा दुनियाभर के बायर्स को एक मंच पर लाने का अवसर प्रदान करता है। इतने विचारशील, दूरदर्शी और व्यावहारिक सोच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कैसे वर्णन किया जाए, देश का सबसे बड़ा राज्य उनके गतिशील शासन में फल-फूल रहा है। योगी इस राज्य के लिए 'गेम चेंजर' साबित हुए हैं और इससे देश को काफी मदद मिल रही है। मैं उनके 24x7 कार्य करने की विशेष शैली से अभिभूत हूं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इसे रोजगार का सबसे बड़ा मंच करार दिया।

### कृषि के बाद एमएसएमई सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी के साथ ही उत्तर प्रदेश एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला राज्य भी है। एक सर्वे के अनुसार यूपी के 75 जनपदों में 96 लाख एमएसएमई यूनिट है। कृषि के बाद यूपी में यह सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। मुख्यमंत्री बुधवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि सैकड़ों वर्ष से अलग-अलग क्षेत्रों में यूपी के अंदर रोजगार सृजन के लिए हस्तशिल्पियों, कारीगरों ने इन्हें बढ़ाने में योगदान दिया था, लेकिन आजादी के बाद उचित प्रोत्साहन के अभाव व समय पर तकनीक न मिलने से वे बंदी के कगार पर पहुंच चुके थे। 2017 में उप्र में हमारी सरकार आई तो प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के विजन को धरातल पर उतारने के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया।

## लखनऊ में नवंबर में आयोजित होगा कृषि भारत मेला

- 200 से ज्यादा एक्जीबिटर्स लेंगे हिस्सा, 1 लाख से अधिक किसान भी जुटेंगे

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर नवंबर में कृषि भारत मेले के आयोजन की तैयारी है। 15 से 18 नवंबर के बीच लखनऊ में प्रस्तावित इस मेले के माध्यम से उप्र. के कृषि क्षेत्र में नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इंटरनेशनल ट्रेड शो की तरह ही इस आयोजन में भी पार्टनर कंट्री के रूप में नीदरलैंड्स को शामिल किया गया है।

मेले का आयोजन 20,000 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में किया जाएगा। इसमें 200 से ज्यादा प्रदर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है। एक लाख से अधिक किसान भी इस आयोजन में भाग लेंगे। इस दौरान 10 से अधिक संगोष्ठियां होंगी, जबकि 4000 से अधिक कृषि आधारित बिजनेस से जुड़े लोग इसमें शामिल होंगे। वहीं आठ राज्यों के किसानों को भी इसमें शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। इस आयोजन से कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा एवं किसानों को एक मंच प्रदान किया जाएगा। एग्रीकल्चर टूरिज्म, सस्टेनेबिलिटी जोन, फार्मर वेलनेस जोन और यंग फार्मर्स जोन आदि के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे।

**विधानसभा चुनाव**

# जम्मू-कश्मीर : दूसरे चरण में 56% से अधिक मतदान



कटरा में एक मतदान केंद्र पर लगी मतदाताओं की कतार। ● एजेंसी

श्रीनगर, एजेंसी

- माता वैष्णोदेवी सीट पर सबसे ज्यादा 75 प्रतिशत वोटिंग

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान बुधवार शाम खत्म हो गया। दूसरे चरण में छह जिलों की कुल 26 सीटों के लिए मतदान कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि 56 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे ज्यादा 75.29 प्रतिशत मतदान माता वैष्णोदेवी सीट पर हुआ। जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोले ने बताया कि दूसरे चरण में 56.05 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि यह प्रतिशत अनुमानित है, क्योंकि हजरतबल और रियासी जैसे कुछ स्थानों पर मतदान अभी जारी है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। बहस होने जैसी कुछ छिटपुट घटनाएं हुईं, लेकिन कहीं भी पुनर्मतदान की आवश्यकता नहीं है।

### 16 विदेशी राजदूतों ने किया घाटी का दौरा

दूसरे चरण के दौरान विदेशी राजदूतों के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मतदान देखने के लिए घाटी का दौरा किया। आतंकवाद फैलने के बाद से यह शायद पहली बार है कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को जम्मू-कश्मीर में चुनाव के निरीक्षण की अनुमति दी गई। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस कदम की आलोचना की और कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव देश का आंतरिक मामला है। इससे पहले 18 सितंबर को हुए पहले चरण में 61.38 प्रतिशत मतदान हुआ था। सबसे ज्यादा 80.20 % वोटिंग किश्तवाड़ जिले में तो सबसे कम पुलवामा में 46.99 फीसदी दर्ज की गई थी।

# बदलापुर कांड : किसी को गोली मारने को मुठभेड़ नहीं कह सकते : हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी



- बंबई हाईकोर्ट ने कहा-आरोपी की मौत की निष्पक्ष जांच करे पुलिस

बंबई हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे को गोली मारने से बचा जा सकता था और उसकी मौत की जांच निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि अगर उसे पता चला कि जांच ठीक से नहीं हो रही है, तो वह उचित आदेश पारित करने के लिए बाध्य होगी। अदालत ने कहा कि हम पुलिस की गतिविधियों पर संदेह नहीं कर रहे हैं, लेकिन सभी पहलुओं पर स्पष्टता चाहते हैं। खंडपीठ ने कहा कि इस गोलीबारी को मुठभेड़ नहीं कहा जा सकता क्योंकि उसकी परिभाषा अलग है। खंडपीठ ने सोमवार शाम महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मुंब्रा बाईपास पर हुई गोलीबारी पर सवाल उठाए और कहा कि अगर पुलिस ने पहले शिंदे को काबू करने की कोशिश की होती तो इसे टाला जा सकता था। पीठ ने पूछा कि आरोपी के हाथ या पैर पर गोली चलाने के बजाय पहले उसके सिर में गोली क्यों मारी गई? अदालत ने कहा कि हालांकि वह इस स्तर पर कोई संदेह नहीं जता रही है, लेकिन यह विश्वास करना बहुत मुश्किल है कि शिंदे ने एक पुलिस अधिकारी से पिस्तौल छीनकर गोलियां चलाईं।

पीठ ने कहा कि पिस्तौल को खोलना और उससे गोली चलाना बहुत आसान नहीं होता। अदालत ने कहा कि जांच निष्पक्षता से की जानी चाहिए। अगर हमने पाया कि ऐसा नहीं हुआ, तो हम उचित आदेश पारित करने के लिए बाध्य होंगे। मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर को होगी।

# देश के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने जजों को दी हिदायत-टिप्पणी करने में सावधानी बरतें
- कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश की टिप्पणी मामले में सुनवाई बंद

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अदालतों को ऐसी टिप्पणियां करने के खिलाफ सतर्क रहने को कहा जो स्त्रियों के प्रति द्वेषपूर्ण मानी जाएं या किसी खास लैंगिकता या समुदाय के खिलाफ हों। साथ ही न्यायालय ने कहा कि भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कहा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अदालती कार्यवाही के दौरान कर्नाटक हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले की कार्यवाही बंद करते हुए ये कड़ी टिप्पणियां कीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतों को सतर्क रहना चाहिए कि न्यायिक प्रक्रियाओं के दौरान ऐसी टिप्पणियां न की जाएं। कर्नाटक हाईकोर्ट के महापंजीयक द्वारा सौंपी एक रिपोर्ट के संदर्भ में पीठ ने कहा कि इससे साफ संकेत मिलता है कि सुनवाई के दौरान की गईं टिप्पणियां कार्यवाही से असंबंधित थीं और इनसे बचना ही बेहतर था।

शीर्ष न्यायालय ने एक मामले में अदालत की कार्यवाही के दौरान एक महिला वकील के खिलाफ टिप्पणियों और एक अन्य मामले में बेंगलुरु में मुस्लिम बहुल एक इलाके को पाकिस्तान कहने को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश की विवादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों पर 20 सितंबर को स्वतः संज्ञान लिया था। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय शामिल थे। अदालत कक्ष में पीठ द्वारा आदेश सुनाए जाने के बाद अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमनी ने टिप्पणियों के बारे में 'एक्स' पर आए कुछ संदेशों का उल्लेख किया। सीजेआई ने कहा कि आपने टिप्पणियों की प्रकृति देखी हैं। हम भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं बुला सकते।

### गलत बात पर परदा डालना समाधान नहीं : सीजेआई

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सोशल मीडिया पर नियंत्रण नहीं रखा जा सकता और इससे जुड़ी गोपनीतया इसे बहुत खतरनाक बनाती है। इस पर प्रधान न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि लेकिन मैं आपको बता दूं कि किसी गलत बात पर परदा डालना कोई समाधान नहीं है बल्कि उसका सामना किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका जवाब कूपमंडूक बने रहना नहीं है। पीठ ने कहा कि सोशल मीडिया की पहुंच में अदालती कार्यवाहियों की व्यापक रिपोर्टिंग शामिल हो गई है तथा देश के ज्यादातर हाईकोर्ट ने अब लाइव स्ट्रीमिंग या वीडियो कांफ्रेंस के लिए नियम अपना लिए हैं। सभी को सतर्क रहना होगा कि अदालत में हो रही सुनवाई की पहुंच महज वहां उपस्थिति लोगों तक सीमित नहीं है बल्कि अन्य दर्शकों तक भी उपलब्ध है।

# वक्फ विधेयक पर आए 1.25 करोड़ फीडबैक, जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा सांसद बोले-आंकड़े चौंकाने वाले आईएसआई-चीन की हो सकती है भूमिका

भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति को मिले करीब 1.25 करोड़ प्रतिवेदनों को लेकर चिंता जताते हुए कहा है कि इनके स्रोत की जांच होनी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई है कि इतनी अधिक संख्या में आवेदन मिलने के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और चीन की भूमिका हो सकती है।

दुबे ने समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल को लिखे एक पत्र में कहा कि इस जांच के दायरे में कट्टरपंथी संगठनों, जाकिर नाइक जैसे व्यक्तियों और पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) व चीन जैसी विदेशी शक्तियों के साथ ही उनके छद्म प्रतिनिधियों की संभावित भूमिका भी शामिल होनी चाहिए। समिति के सदस्य और चार बार के लोकसभा सदस्य दुबे का यह भी कहना है कि इस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है कि ये प्रतिवेदन कहां-कहां से आए हैं। उन्होंने दावा किया कि इतने ज्यादा प्रतिवेदनों का अकेले भारत से ही आना सांख्यिकीय रूप से असंभव है। भाजपा नेता ने इतनी बड़ी संख्या में प्रतिवेदन मिलने को अप्रत्याशित बताते हुए कहा कि इन प्रतिवेदनों के स्रोतों की जांच करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति का संकेत देता है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दुबे ने कहा कि मेरे विचार से यह महत्वपूर्ण है कि समिति इन चिंताओं पर ध्यान दे।

# जमीन घोटाला : सिद्धारमैया के खिलाफ होगी लोकायुक्त जांच

बेंगलुरु, एजेंसी

- विशेष अदालत ने मांगी लोकायुक्त पुलिस से तीन महीने में रिपोर्ट

कर्नाटक की एक विशेष अदालत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस से जांच कराने का आदेश दिया है। इसके साथ ही सिद्धारमैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का रास्ता साफ हो गया।

विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट के इस आदेश से एक दिन पहले कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस मामले में सिद्धारमैया के खिलाफ जांच कराने की राज्यपाल थावरचंद गहलोत की मंजूरी को बरकरार रखा था। इस मामले में एमयूडीए पर सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को 14 भूखंड आवंटित करने में अनियमितताएं बरतने का आरोप है। विशेष अदालत ने लोकायुक्त पुलिस को जांच शुरू करने और 24 दिसंबर तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### मैं जांच का सामना करने को तैयार : सिद्धारमैया

विशेष अदालत के आदेश पर सिद्धारमैया ने कहा कि वह जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। कहा कि मैंने पहले ही कहा है कि मैं जांच का सामना करने के लिए तैयार हूं। मैं जांच से नहीं डरता।

## टीएमसी सांसद नुरुल इस्लाम का निधन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बशीरहाट लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद हाजी एसके नुरुल इस्लाम का बुधवार को निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे और कैंसर से पीड़ित थे।

टीएमसी सूत्रों के मुताबिक नुरुल इस्लाम ने राज्य के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नुरुल इस्लाम को सुदूर सुंदरबन क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए उनके कार्यों के लिए याद किया जाएगा। नुरुल इस्लाम पहली बार 2009 में बशीरहाट लोकसभा सीट से चुने गए थे।

# राहुल गांधी की नागरिकता संबंधी शिकायत पर क्या कार्रवाई की

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी की नागरिकता के विवाद पर केंद्र सरकार के सक्षम प्राधिकारी को की गई शिकायत पर कार्रवाई का ब्यौरा मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया है।

जुलाई माह में इसी याची की याचिका को न्यायालय ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि वह चाहे तो सिटिजनशिप एक्ट के तहत सक्षम प्राधिकारी को शिकायत कर सकता है। याची की ओर से दलील दी गई कि उसके पास तमाम दस्तावेज और ब्रिटिश सरकार के कुछ ई-मेल हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं और इस कारण से वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। वह लोकसभा सदस्य का पद नहीं धारण कर सकते।

इसी आधार पर याची ने राहुल गांधी की सांसद पद पर बने रहने के खिलाफ अधिकार पृच्छा रिट जारी करने का आदेश देने की भी मांग की है। याचिका में राहुल गांधी के दोहरी नागरिकता धारण करने को अपराध बताते हुए सीबीआई को केस दर्ज कर जांच करने का आदेश देने की भी मांग की गई है। न्यायालय ने कहा कि केंद्र सरकार के अधिवक्ता निर्देश प्राप्त कर कोर्ट को बताएं कि क्या याची की शिकायतें सक्षम प्राधिकारी को प्राप्त हो गई हैं यदि हां, तो शिकायतों पर क्या कार्रवाई की जा रही है। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी।

# कंगना की टिप्पणी पर मोदी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी



- राहुल ने कहा स्पष्ट करें क्या वापस लाना चाहते हैं तीनों कृषि कानून

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा सांसद कंगना रनौत की एक टिप्पणी को लेकर बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह निरस्त किए जा चुके तीनों 'काले' कृषि कानूनों को फिर से लाना चाहते हैं या नहीं।

गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री ने उन कानूनों को फिर से लाने जैसा कोई कदम उठाया तो इंडिया गठबंधन उसका पुरजोर विरोध करेगा और उन्हें एक बार फिर माफी मांगनी पड़ेगी। कंगना रनौत ने मंगलवार को 2021 में निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों को वापस लाने की मांग की थी। गांधी ने एक वीडियो में कहा कि भाजपा के लोग विचारों को लेकर जांच-परख करते रहते हैं। वे किसी से कहते हैं कि सार्वजनिक रूप से विचार रखिए और फिर देखते हैं कि प्रतिक्रिया क्या होती है। यही हुआ है। इनके एक सांसद ने काले कृषि कानूनों को फिर से लाने की बात की है। उन्होंने कहा कि मोदी जी स्पष्ट कीजिए कि क्या आप उन कानूनों को फिर से लाना चाहते हैं। आप फिर से बदमाशी तो नहीं करेंगे? उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने शहीद किसानों के लिए संसद में दो मिनट का मौन भी नहीं रखने दिया था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर कहा कि सरकार की नीति कौन तय कर रहा है? एक भाजपा सांसद या प्रधानमंत्री मोदी?

### कंगना ने अपनी टिप्पणी वापस ली

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को दोबारा लागू किए जाने से संबंधित अपनी टिप्पणी पर खेद व्यक्त करते हुए बुधवार को उसे वापस ले लिया है। कंगना ने मंगलवार को मीडिया के साथ बातचीत में 2021 में निरस्त किए गए तीनों कृषि कानूनों को फिर से लागू किए जाने की बात कही थी। कहा था कि तीन कृषि कानूनों को वापस लाया जाना चाहिए। किसानों को खुद मांग करनी चाहिए।

## कई जिलों में बारिश होने की संभावना

**लखनऊ।** मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में गुरुवार से झमाझम बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से कई राज्यों समेत उप्र. में भारी बारिश हो सकती है। नए विकसित वेदर सिस्टम के चलते गरज चमक के साथ जोरदार बारिश लखनऊ से नोएडा तक देखने को मिलेगी। ऐसे में अलर्ट जारी करते हुए मौसम विभाग ने पूर्वी उप्र. के बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, वाराणसी सहित अन्य जिलों में भारी बारिश का अनुमान लगाया है। अगले तीन-चार दिन यह बारिश जारी रह सकती है। शुरुआती दो दिन आंधी के साथ बारिश का अनुमान है। इतना ही नहीं, पूर्वी उप्र. में कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी आशंका है।

# तीन आईआईएम दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में

## एमबीए पाठ्यक्रम के लिए क्यूएस की वैश्विक रैंकिंग में मिली जगह

नई दिल्ली, एजेंसी



तीन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद को बुधवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग में अपने एमबीए पाठ्यक्रमों के लिए दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान मिला है। तीन आईआईएम हैं- आईआईएम बैंगलोर, आईआईएम अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता। तीनों प्रबंधन संस्थानों को रोजगार मुहैया कराने के लिए शीर्ष 50 में स्थान मिला है। चौदह भारतीय पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रमों ने 2025 के लिए क्यूएस की वैश्विक सूची में स्थान हासिल किया है, जिसमें तीन नए संस्थान शामिल हैं।

अमेरिका का स्टैनफोर्ड स्कूल ऑफ बिजनेस लगातार पांचवें वर्ष भी प्रबंधन स्थानों में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 के तहत 58 देशों और क्षेत्रों के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए पाठ्यक्रम और मास्टर डिग्री का विश्लेषण किया गया है। इनमें प्रबंधन, वित्त, विपणन, बिजनेस एनालिटिक्स और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में मास्टर्स डिग्री शामिल हैं। क्यूएस की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेसिका टर्नर ने कहा कि ये रैंकिंग वैश्विक व्यावसायिक शिक्षा परिदृश्य में करियर-उन्मुख छात्रों के लिए स्वतंत्र दृष्टिकोण प्रदान करती है। टर्नर ने कहा कि भारतीय संस्थान आज के जटिल और गतिशील व्यावसायिक वातावरण में काम करने के लिए तैयार प्रतिभाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। विशेष रूप से रोजगार और पूर्व छात्रों के प्रभाव के नजरिये से आईआईएम बैंगलोर, अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता का मजबूत प्रदर्शन शीर्ष-स्तरीय वैश्विक प्रतिभा को आकार देने की भारत की क्षमता को दर्शाता है।

### 58 देशों के इंस्टीट्यूट शामिल

क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 में 58 देशों के संस्थानों को शामिल किया गया है। क्यूएस रैंकिंग दुनिया के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए और मैनेजमेंट, फाइनेंस, मार्केटिंग, बिजनेस एनालिटिक्स और सप्लाई चैन मैनेजमेंट में मास्टर्स सहित टॉप बिजनेस स्कूल की रैंकिंग तय करती है।

# दो वर्ष से चल रहे ट्रामा सेंटर को ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में प्लांट स्थापित होने के बाद भी ट्रामा सेंटर को ऑक्सीजन नहीं मिल रही है। इससे मरीजों को जंबो सिलेंडर से प्राणवायु दी जा रही है।

जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण कोरोना के समय कराया गया था। पीछे मंशा थी कि किसी मरीज को ऑक्सीजन की कमी से दिक्कत न हो। सभी वार्ड में ऑक्सीजन प्लांट से भेजने की व्यवस्था की गई। जिला अस्पताल के पुराने भवन में तो सभी वार्ड में पाइप लाइन से प्रत्येक बेड तक ऑक्सीजन पहुंच रही पर परिसर में बने ट्रामा सेंटर में अभी तक यह व्यवस्था नहीं की जा सकी है।



जिला अस्पताल में बना ऑक्सीजन प्लांट। अमृत विचार



जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में रखे भरे हुए जंबो ऑक्सीजन सिलेंडर।

- प्लांट लगा लेकिन जंबो सिलेंडर से दी जा रही मरीजों को प्राण वायु

ट्रामा सेंटर में सीएमएस ने मरीजों के लिये जंबो ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था की है। प्लांट से ट्रामा सेंटर के लिए अभी तक पाइप लाइन ही नहीं डाली गई है जिससे यहां ऑक्सीजन की सीधी सप्लाई नहीं हो पा रही है। यही हाल महिला विंग का भी है। यहां पर भी सिलेंडर से ऑक्सीजन दी जा रही है। प्लांट लगा होने के बाद भी सिलेंडर भरवाने के लिये विभाग को रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं।

यदि प्लांट से पूरे जिला अस्पताल को ऑक्सीजन की आपूर्ति होने लगे तो सरकार का कुछ पैसा बच सकता है। इस संबंध में सीएमएस डॉ. शक्ति बसु का कहना है कि पूरे अस्पताल के जिन वार्ड या ट्रामा सेंटर व महिला विंग में प्लांट से आक्सीजन की सप्लाई दिलाने के लिये पत्राचार किया जा रहा है। जल्द पाइप लाइन डालने का काम किया जायेगा।

## सार-संक्षेप



रामलीला समिति की बैठक में शामिल अध्यक्ष रंजन बाजपेई व सदस्य।

### रंजन पांचवीं बार रामलीला समिति के बने अध्यक्ष

**कन्नौज।** श्री पंचमुखी दुग्धेश्वर महादेव जी आदर्श रामलीला समिति, मो. भटपुरी, कन्नौज के तत्वावधान में बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक प्रतिष्ठान में आहूत बैठक में सबसे पहले नई कमेटी का गठन किया गया जिसमें इत्र उद्यमी रंजन बाजपेई को लगातार पांचवीं बार अध्यक्ष चुना गया। संयोजक मनीष कनौजिया के मील में हुई बैठक में सदस्यों ने इस बार की रामलीला को और आकर्षक बनाने को लेकर चर्चा की। इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष के अलावा विनीत गुप्ता, रामशंकर वैश्य, संदीप मिश्रा (रानू), सुशील पांडेय, पवन पांडेय, राजन रामायणी, रामजी तिवारी, सौरभ वर्मा (लालू), महेंद्र सिंह यादव, सुमित बाजपेई आदि उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान कर्मियों को जानकारी देते डॉ. सर्वेश कुमारं।

### अभियान चलाकर किया संचारी रोगों के प्रति जागरूक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पंचायत तालग्राम सभागार में बुधवार को स्वास्थ्य टीम ने नगर पंचायत टीम के साथ संचारी रोग को लेकर अभियान चलाया। इसमें डॉ. सर्वेश कुमार, एआरओ व बीएमसी यूनीसेफ नसीवा ने 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले संचारी रोगों की रोकथाम अभियान के संबंध में बैठक की। स्वास्थ्य टीम ने स्थानीय लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया। बताया कि संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे। घर के भीतर व बाहर जलभराव न होने दें। जलभराव में मच्छर पनपते है। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता, नितेश सिंह, अनुज कुमार, गोकरन सिंह, रवि शर्मा, सफाई नायक संतराम, वीरेंद्र, अमन, प्रमोद, राजन आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### पांच फन का सांप बना चर्चा का विषय

**तिर्वा।** सांप को देखते ही भयभीत युवक ने उस पर डंडा मारा जिससे उसके पांच फन निकल आए। भयभीत युवक ने उसे मारकर अंतिम संस्कार कर दिया। थाना इंदरगढ़ के बहोसी गांव निवासी बब्लू बाथम अपने परिवार के साथ घर के अंदर पडे छप्पर में सो रहा था। मंगलवार की रात उसके आंगन में एक काला सांप दिखाई दिया। युवक ने पास में रखे डंडे से उस पर प्रहार कर दिया। डंडा पड़ते ही सांप के पांच फन निकल आए। इससे पूरा परिवार घबरा गया। डंडे से उसे मार दिया। इसकी फोटो सामने आई है जो चर्चा का विषय बनी है। हालांकि अमृत विचार इस खबर व फोटो की पुष्टि नहीं करता।



पांच फन के मृत सांप को डंडे में लिए युवक।

### गोवंश को बचाने में सड़क पलटा ऑटो, तीन घायल

**जलालाबाद, कन्नौज।** कन्नौज से गुरसहायगंज की तरफ जा रहा ऑटो गोवंश को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ऑटो में सवार तीन लोग घायल हो गए। ग्राम जलालाबाद निवासी रामकुमार पुत्र राम किशोर (भारती) बुधवार की दोपहर ऑटो में सवारियां भरकर गुरसहायगंज जा रहा था। तभी जलालाबाद जीटी रोड ब्लॉक के सामने गोवंश को बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने चालक सहित तीन लोगों को निजी वाहन के द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए भेज दिया जबकि टैक्सी चालक की ज्यादा हालत गंभीर है। परिजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### महंत से अभद्रता के मामले में लैब टेक्नीशियन को नोटिस

**कन्नौज।** काली दुर्गा मंदिर के महंत से अभद्रता के मामले में जिला अस्पताल के सीएमएस ने लैब टेक्नीशियन को कारण बताओ नोटिस दिया है। तीन दिन के अंदर जवाव मांगा है। संतोष जनक जवाव न मिला को कर्मचारी पर कार्रवाई की जायेगी। जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में सरायमीरा के काली दुर्गा मंदिर के महंत स्वामी अखण्डा नंद किसी कर्मचारी की ब्लड की जांच कराने मंगलवार को जिला अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान लैब टेक्नीशियन अनिल कुमार ने महंत से अभद्रता करदी थी। इस की शिकायत होने के बाद सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस बुधवार को जारी करदी है। तीन दिन में जवाव मांगा है। कहा कि यदि संतोष जनक जवाव न मिला तो संबंधित पर कार्रवाई की जायेगी। जब कि इस मामले में कर्मचारी महंत से अभद्रता करने के लिये माफी मांगने को तैयार है। वह जल्द महंत से मिल कर अपनी गलती के लिये क्षमा मांगेगा।

## एक नजर

### ओवरलोड ट्रक पकड़ा

**सौरिख,कन्नौज।** क्षेत्र में मौरंग-गिट्टी से ओवरलोड वाहनों का आवागमन बदस्तूर जारी है। शिकायत पर पहुंची पीटीओ ने एक ट्रक को ओवरलोड के आरोप में पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बता दें कि क्षेत्र में खनन माफियाओं द्वारा अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक कर लगातार वाहनों में क्षमता से अधिक मौरंग एवं गिट्टी लोड कराकर खुलेआम कारोबार किया जा रहा है। दलालों द्वारा ओवरलोड वाहनों की एंट्री कराई जाती है। रास्ता साफ होने पर क्षेत्रों में भेजा जाता है। ऐसी ही एक सूचना पर बुधवार को कस्बा पहुंची पीटीओ सुनीता सैनी ने एक ट्रक को ओवरलोडिंग में पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीटीओ ने बताया कि पकड़े गए ट्रक पर कार्रवाई की जा रही है।

### पिकअप ले उड़े चोर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सड़क किनारे खड़ी पिकअप को लेकर चोर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी साहिबे आलम पुत्र साबिर खान ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि रोज की तरह पिकअप गाड़ी नगर के बाईपास स्थित निजी अस्पताल के सामने खड़ी थी। मंगलवार की देर रात्रि समय करीब 03.20 बजे पिकअप गाड़ी लेकर चोर फरार हो गए। सीसीटीवी कैमरा में देखने पर पता चला कि चोर गाड़ी को कानपुर की ओर ले गए है। कस्बा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने गाड़ी स्वामी सहित स्थानीय लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाले।

### मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घरेलू विवाद को लेकर परिवार के लोगों ने गाली गलौज की और युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। क्षेत्र के ग्राम मीरपुर निवासी राजेश पुत्र शालिग्राम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मंगलवार की सुबह लगभग 06.30 बजे उसका पुत्र अपने घर में था। तभी परिवार के ही ज्ञान सिंह, सोनम, रजनी आए और पारिवारिक विवाद को लेकर उसके साथ गालीगलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रधान की भैंस खोल ले गए

**सौरिख,कन्नौज।** क्षेत्र के नगला पीते गांव निवासी एवं कायमपुर ग्राम पंचायत के प्रधान की भैंस पिकअप सवार चोर घर के बाहर से चुरा ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद चोरी की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार की रात को थाना क्षेत्र के नगला पीते गांव निवासी एवं कायमपुर ग्राम पंचायत के प्रधान रमेश चंद की भैंस घर के बाहर बंधी थी। तभी पिकअप सवार चोर भैंस चुरा ले गए। सुबह प्रधान पुत्र अनिल राजपूत ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# बालिका से दुष्कर्म के दोषी को 25 साल का कारावास

## विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने 25 हजार का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** बालिका से दुष्कर्म के मामले में त्वरित सुनवाई करते हुए पॉक्सो कोर्ट ने महज 18 महीने में ही दोषी को सजा सुना दी। गत वर्ष फरवरी में हुई घटना में अभियुक्त पर दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने 25 साल की जेल तथा 25 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर दो साल की सजा और भुगतने का आदेश दिया है।

शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे तथा विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि 05 फरवरी 2023 को एक व्यक्ति ने विशुनगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नातिन (11) दोपहर करीब 12 बजे खेत से हरियाली (चारा) लेने गई थी।



- घटना के 18 माह में ही सुनाया गया फैसला

इस दौरान वहां मौजूद संटी शुक्ला पुत्र श्रीनरायन शुक्ला ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद पीड़ित के खेत जिसमें सरसों खड़ी है में नातिन को गिराकर उसके साथ गलत काम किया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। नातिन की चीख सुनकर वह दौड़कर मौके पर पहुंचा तो आरोपी भाग निकला। मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। प्रकरण की विवेचना किशन पाल सिंह ने की। इसके बाद आरोप पत्र दाखिल किया गया। बुधवार को सुनवाई पूरी होने के बाद विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने दोष सिद्ध अभियुक्त संटी शुक्ला उर्फ पुष्पेंद्र को 25 साल की सजा तथा 25हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर दो साल की जेल और भुगतने का आदेश दिया है। न्यायधीश ने जुर्माने की राशि पीड़िता को हुई मानसिक व शारीरिक पीड़ा की क्षतिपूर्ति के लिए उसे बतौर प्रतिकर दिए जाने के आदेश दिए। अभियुक्त द्वारा जेल में बिताई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा। फैसला सुनाए जाने के बाद दोषी को सजायावी वारंट बनाकर जिला कारागार भेजने का आदेश दिया। खास बात यह है कि इस मामले में मात्र 18 महीने में ही दोषी को सजा सुनाई गई है।

# पहली सुनवाई में ही कराए जाएंगे पीड़िता के बयान

किशोरी से दुष्कर्म प्रकरण

- नवाब सिंह यादव केस में कोई लूप होल नहीं छोड़ना चाहती पुलिस
- सीओ बोले, प्रकरण को फास्ट ट्रैक पर डाल जल्द सजा कराएंगे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म के चर्चित मामले में अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए मजबूत पैरवी की तैयारी पुलिस ने की है। मामले में सुनवाई आगे बढ़ने पर कहीं कोई गड़बड़ न हो जाए इसलिए पहली ही तारीख में पीड़िता के बयान करा लिए जाएंगे।

सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है और अब केस की मजबूत पैरवी पुलिस की तरफ से की जाएगी। प्रकरण में अभियुक्त को अधिकतम सजा कराने के लिए इसकी सुनवाई फास्टट्रैक की तर्ज पर पॉक्सो कोर्ट में कराए जाने की तैयारी है। कभी-कभी पीड़िता किसी के दवाब व प्रलोभन से बयान बदल देती है। इसी को ध्यान में रख कर पुलिस तय किया है कि पहली तारीख 30 सितंबर को ही पीड़िता के बयान कराए जाएंगे। इसके लिए उसे प्रत्यक्ष कोर्ट में पेश किया जा सकता है या फिर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी पेशी हो सकती है। सीओ सदर ने बताया कि नवाब सिंह यादव चर्चित मामले में न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ाने में कहीं पर भी चूक नहीं होगी।

### नीलू को मारपीट में मिल चुकी जमानत

- पॉक्सो कोर्ट के बाद नवाब के भाई नीलू यादव को जिला जज कोर्ट से भी मारपीट के मामले में जमानत मिल चुकी है। हालांकि अभी रिहाई नहीं हुई है। पुलिस जल्द से जल्द गैंगस्टर का रोड़ा लगाकर रिहाई को रुकवाने के मूड में है। सीओ ने बताया कि गुरुवार या शुक्रवार को नवाब, नीलू तथा बुआ के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई कर ली जाएगी। इसके अलावा पुलिस के स्तर से तकरीबन पूरी जांच इस मामले में की जा चुकी है।



निर्माण कार्य गिरवाता तहसील प्रशासन। अमृत विचार

# स्कूल की जमीन पर अवैध निर्माण को प्रशासन ने गिरवाया

संवाददाता, तिर्वा

- मलबे की आड़ में किया गया था अवैध निर्माण

**अमृत विचार।** स्कूल के नाम दर्ज जमीन पर हुए निर्माण की शिकायत पर डीएम के आदेश पर मौके पर पहुंची तहसील प्रशासन की टीम ने बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त करा दिया। थाना इंदरगढ़ के उमर्दा कस्बा में प्राथमिक विद्यालय का भवन ध्वस्त होने के बाद नया निर्माण कराया गया था। पुराना भवन गिराने व उसका मलवा हटाने की नीलामी की गई थी। कुछ लोगों ने मलवा की आड़ लेकर स्कूल की रिक्त जमीन पर कब्जा करके निर्माण शुरू कर दिया। प्रधानाध्यापक ज्ञानेद्र कुमार ने डीएम से शिकायत की। डीएम के निर्देश पर सोमवार को मौके पर राजस्व टीम के साथ पहुंचे नायब तहसीलदार अतुल हर्ष ने कागजात देखकर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया था। इसके बाद भी अवैध निर्माण की शिकायत पर बुधवार को पहुंचे एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार अतुल हर्ष ने पैमाइश कराकर अवैध निर्माण को गिरवा दिया। एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि अवैध निर्माण को गिरवाकर जमीन खाली करा दी गई है।

# डकैती में वांछित बदमाश को पुलिस ने पकड़ा

**तिर्वा।** फतुआपुर डकैती में वांछित एक बदमाश को सीतापुर के अटरिया पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया। ठठिया थाना क्षेत्र के फंतुआपुर गांव निवासी संतोष पुत्र राकेश कुमार व बस्ता गांव निवासी लतीफ के घर पर तीन सितंबर की रात को कच्छाधारी बदमाशों ने घर में घुसकर लूटपाट की थी। विरोध करने पर संतोष व उसकी पत्नी अर्चना को मारपीट कर घायल कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर डकैतों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के आधार पर खोजबीन शुरू की थी। सरगना को मुठभेड़ में पकड़ा था।

डकैती मे फरार चल रहे सूरज पुत्र भोला की तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। सीतापुर के अटरिया पुलिस ने एसओजी के सहयोग से सूरज को पकड़ लिया। पुलिस ने पूछताछ की तो वह ठठिया डकैती का भी आरोपी निकला। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। ठठिया थानाध्यक्ष अरूण चौधरी ने बताया कि डकैती में वांछित चल रहे बदमाश को सीतापुर के अटरिया पुलिस ने पकडकर जेल भेज दिया है।

# फूट डालो राज करो की नीति अपना रही भाजपा



पदाधिकारी को मनोनयन पत्र देते आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के पदाधिकारी।

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर के पूर्वी बाईपास स्थित निजी गेस्ट हाउस में आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के तत्वावधान में मुस्लिम भाईचारा मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें मण्डल उपाध्यक्ष छविराम जाटव ने कहा कि सांसद चन्द्रशेखर आजाद मुस्लिम समाज की आवाज सड़क से लेकर संसद तक आवाज बुलंद कर रहे हैं।

बुधवार को भीम आर्मी जिलाध्यक्ष वीरू खरे ने कहा कि मुस्लिम समाज बड़ी तादाद में पार्टी से जुड़ रहा है। आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि बीजेपी सरकार फूट डालो, राज करो की नीति अपना रही है। पार्टी विधानसभा चुनाव में बीजेपी को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। इस दौरान सपा छोड़कर आये इमरान को आजाद समाज पार्टी को जिला उपाध्यक्ष व आमिर हुसैन को भीम आर्मी का जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। लगभग छह लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर जिला प्रभारी पवन गौतम, जिला सहं संयोजक पातीराम बौद्ध, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र गौतम, जिला महासचिव सर्वग्य गौतम, यशपाल मास्टर, ओमप्रकाश, मीडिया प्रभारी अंकित गौतम आदि मौजूद रहे।

**शाबास** राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर कानपुर में हुआ कार्यक्रम, बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा को कर्मवीर पुरस्कार में मिला दूसरा स्थान

# छात्रा नंदिनी दुबे को कुलपति ने किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के वीरांगना लक्ष्मीबाई ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह हुआ। इसमें राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर की बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा नंदिनी दुबे को कर्मवीर पुरस्कार में द्वितीय स्थान का पुरस्कार मिला।



छात्रा नंदिनी दुबे को कानपुर में सम्मानित करते कुलपति विनय पाठक, साथ में खड़े अन्य लोग। अमृत विचार

महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य रीतू सिंह ने बताया कि यह सम्मान छात्रा नंदिनी दुबे को विश्वविद्यालय के कुलपति विनय पाठक, आईआईटी के पूर्व आचार्य पद्मश्री एचसी वर्मा ने दिया। विश्वविद्यालय में सम्मान समारोह के समय राष्ट्रीय सेवा योजना की सावित्रीबाई फुले छात्रा इकाई की नंदिनी दुबे के अलावा नंदिनी जैन, सीता, पायल व व प्रभारी प्राचार्य मौजूद रहीं। छात्रा नंदिनी दुबे ने कहा कि एनएसएस सेवा भाव सिखाता है जो मनुष्य का अत्यंत उत्तम गुण है।



मंडल स्तरीय टीम में चयनित छात्रों के साथ मौजूद कोच व शिक्षक। अमृत विचार

### मंडल स्तरीय टीम में तीन बच्चों का चयन

**गुरसहायगंज।** जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में चौ. जयवीर सिंह इंटर कॉलेज, मिश्रापुर के बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कॉलेज के तीन छात्रों का चयन मंडल स्तरीय टीम के लिए किया गया है। बुधवार को कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राहुल भदौरिया ने बताया कि मंगलवार को हीरालाल इंटर कॉलेज छिबरामऊ में हुई जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में गगन कक्षा 11, जूली यादव कक्षा 12 व सान्या कक्षा 06 का चयन मंडल पर खेलने को हुआ है। इससे विद्यालय व परिवार का मान बढ़ा है। प्रबंधक प्रशांत सिंह व शिक्षकों ने टीम कोच संगम व अजय सहित छात्रों को तिलक लगाकर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर व्यवस्थापक आलोक कुमार यादव, अगम कुमार दुबे, संजीव मोहन शर्मा, अभिषेक सर, सचिन रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD ASHRAF JAHANGIR TAMINI था। अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD ASHRAF JAHANGIR TAMINI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MOHAMMAD SALEEM TAMINI R/O-431/253/6, NEWATI TOLA MOMIN NAGAR, LUCKNOW

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र अमरजीत अपने परिवार के सदस्यों से लडाई-झगडा व अभ्रद व्यवहार करता है तथा धमकियां देता है जिससे क्षुब्ध होकर पुत्र अमरजीत तथा उसक पत्नी व बच्चों से सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरा उनसे कोई वास्ता व सरोकार न होगा। अपने कृत्यों के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगें। **राजेन्द्र प्रसाद पुत्र बेचा लाल, नि0- अलीनगर सुनहरा, पोस्ट मानस नगर, थाना - कृष्णा नगर, लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राघवेन्द्र सिंह सुत रविशंकर सिंह, निवासी- ग्राम व पोस्ट भीमी, जनपद- अमेठी,** यहकि मेरी पुत्री आरोही सिंह, स्टेला मेरिस कान्वेंट सेकेन्डरी स्कूल नरायनपुर सुलतानपुर में कक्षा 9 की छात्रा है। विद्यालय अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश RAGHVENDER SINGH लिखा है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य कागजात में मेरा नाम Raghvendra singh जो सही एवं वास्तविक है। यह कि मेरी पुत्री आरोही सिंह के आधार कार्ड में उसका नाम AAROHI SINGH अंकित है, लेकिन विद्यालय अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम आरोही सिंह AROHI SINGH हो गया है जबकि वास्तविक नाम आरोही सिंह AAROHI SINGH यह कि RAGHVENDER SINGH और RAGHVENDRA SINGH दोनों एक ही व्यक्ति के नाम अर्थात मेरे है। यह कि AAROHI SINGH और AROHI SINGH दोनों एक ही व्यक्ति यानी पुत्री आरोही सिंह का ही नाम है। यह कि मेरा नाम RAGHVENDRA SINGH व मेरी पुत्री का नाम A AROHI SINGH जो कि सही है विद्यालय अभिलेखों में दर्ज किया जाय।

**सूचना**

मेरे बड़े पुत्र अभिषेक की आदत व चाल - चलन खराब है। बीते तीन वर्षो से वह मेरे कहने -सुनने में नहीं है और लड़ाई करता है। अभिषेक के खराब व्यवहार और क्रिया-कलाप से तंग आकर मैंने उसे अपनी समस्त चल - अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी कार्य के प्रति मेरी जिम्मेदारी नहीं है। **शेषराम वर्मा पुत्र जैसराम वर्मा, निवासी- ग्राम व पोस्ट सुरहुरपुर, थाना- दोस्तपुर, जिला- सुलतानपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अंकुर शुक्ला पुत्र रमाकान्त शुक्ला, निवासी- म0नं0 153 ग्राम मऊपुर, डाकखाना, बेहटा, रामपुर, ब्लाक व थाना हरपालपुर, तहसील-सवायजपुर जिला हरदोई,** मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम अंग्रेजी LALITA DEVI हो गया है। जो कि गलत है जबकि उनके आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरी माताजी का वास्तविक नाम अंग्रेजों में LALITA DEVI ही है जो सही व शुद्ध है। मेरी माता जी ललिता देवी LALITA DEVI पत्नी रमाकान्त शुक्ला के नाम से ही जाना व पहचाना जाता है। अत: मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का सही नाम अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने बड़े लड़के अशरफ को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करता हूं। इनके कृत्यों से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **असलम पुत्र मुन्ने मोहल्ला अली जान पुरवा कोतवाली नगर बलरामपुर जिला बलरामपुर**

**आज का मौसम**

गुरुवार को बादलों के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

| 31.0° | 24.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 01 | सूर्यास्त 06 : 02 |

# समस्या निपटी नहीं, शिकायती पत्र हो गया निस्तारित

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**

**अमृत विचार।** धरातल पर समस्या भले ही निस्तारित न हो लेकिन शिकायती पत्र का निस्तारण जरूर कर दिया जाता है। कई सालों से बारिश का पानी भरने का मामला वाहपुर गांव में बना है। उसकी फरियाद भी अफसरों तक पहुंचती है लेकिन न तो नाला बनता है न ही सफाई की जाती है। इसकी फिर से शिकायत हुई है।

ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र के गांव वाहपुर निवासी शिवा कटियार ने बताया कि 22 सितंबर को उन्होंने अपने गांव से संदोहनपुर्वा तक नाला निर्माण की मांग की थी। उसी दिन ऑनलाइन शिकायती पत्र एडीओ पंचायत को भेज दिया गया। 24 सितंबर को रिपोर्ट लगाकर उसका निस्तारण कर दिया गया। महमूदपुर पैठ के ग्राम पंचायत अधिकारी राजेंद्र सिंह ने शिकायती पत्र निस्तारण में लगाई रिपोर्ट में कहा है कि वाहपुर से संदोहनपुर्वा तक 350 मीटर नाला निर्माण, सफाई व खोदाई की मांग हुई है। इसको मनरेगा कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है। आगे कच्चा कार्य करा दिया जाएगा। दूसरी ओर शिवा कटियार का कहना है कि फसलों में भी गंदा पानी सड़ रहा है। मच्छर पनपते हैं। बीमारियां फैलने का खतरा रहता है। अधिक बारिश से फसलें सड़ जातीं हैं। गांव में जाने-आने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



बारिश की वजह से वाहपुर गांव में भरा गंदा पानी। अमृत विचार

## तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से मिली राहत

**संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज**

- किसानों को सता रहा फसल के नष्ट होने का डर
- कई जगह पेड़ टूटने से बाधित हुई विद्युत आपूर्ति

**अमृत विचार।** चार दिन उमस भरी गर्मी के बाद बुधवार की दोपहर कुछ देर हुई मूसलाधार बारिश के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश से खेत में खड़ी किसानों की धान की फसल पलट गई। इससे किसानों को फसल बर्बाद होने का डर सता रहा है।

बुधवार की दोपहर बारिश के साथ चली तेज पूर्वी हवाओं से फसलों को बड़ा नुकसान होने की आशंका है। तेराजाकेट निवासी किसान रूप सिंह पुत्र नंदराम ने बताया कि 02 बीघा खेत उगाई पर लिया है। जिसमे धान की फसल तैयार की। फसल भी अच्छी थी। लेकिन बारिश के साथ चली तेज हवाओं ने फसल को बर्बाद कर दिया। जिससे उनको काफी नुकसान हुआ। जबकि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के पास तालग्राम रोड पर तेज हवा से पीपल का पेड़ गिर गया। जोकि कोल्ड स्टोरेज की लाइन के ऊपर गिर गया। इससे घंटो तक कोल्ड की लाइन बंद रही। जबकि गुरसहायगंज, जलालाबाद, जसोदा, सराय प्रयाग, समधन, मलिकपुर में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



बारिश में बर्बाद हुई फसल को दिखाता किसान। अमृत विचार

## फंदे से लटका मिला युवती का शव

**छिबरामऊ,कन्नौज।** बुधवार को शहर के मोहल्ला चौधरियान की रहने वाली पुष्पलता पत्नी मनीष तिवारी का शव घर में फंदे पर लटकता देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पिता राजेश मिश्रा निवासी बाराबंकी भी परिवार के साथ आ गये। यहां बेटी की मौत के बावत उन्होंने संदेह व्यक्त करते हुए हंगामा किया। जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका अपने पीछे बेटी दिव्या को रोता बिलखता छोड़ गई। मृतका के पिता ने दामाद मनीष के घटना की जानकारी के बाद भी देर से पहुंचने पर नाराजगी जाहिर की। दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। यहां मौजूद दोनों पक्षों के रिश्तेदारों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया। इसके बाद ही कन्नौज के मेंहदी घाट पर अंतिम संस्कार हुआ।

## एक नजर

### खतरनाक स्टंट कर रहे तीन ट्रैक्टर सीज

**कन्नौज।** मानीमऊ क्षेत्र में खाली पड़े खेत में स्टंट कर रहे चालकों के तीन ट्रैक्टर कोतवाली व यातायात पुलिस ने सीज कर दिये। इन को मानीमऊ चौकी में खड़ा किया गया है। थाना कोतवाली कन्नौज को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति ग्राम पहलवान गंज चौकी मानीमऊ क्षेत्र में खाली खेत में खतरनाक स्टंट कर रहे हैं। इस पर तत्काल कोतवाली व यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और स्टंट कर रहे अमन पुत्र विनोद निवासी एमा थाना ककवन कानपुर नगर के सोनालिक टैक्टर, सूर्या प्रताप सिंह पुत्र भगवान वक्स सिंह निवासी पुरनमऊ थाना मल्लावा हरदोई का स्वराज टैक्टर व ओमप्रकाश पुत्र बनवारी लाल निवासी बेरिया नजीरपुर थाना मल्लवा हरदोई के स्वराज टैक्टर को सीज कर मानीमऊ चौकी में खड़ा करा दिया।

### बाइक के लिए युवती को मारपीट कर निकाला

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दहेज में मोटरसाइकिल न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता से मारपीट की और घर से निकाल दिया। क्षेत्र के ग्राम ऊंचा निवासिनी गुलशन पुत्री आजाद ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 05 वर्ष पूर्व उसका विवाह अरमान पुत्र मच्छन निवासी ग्राम जमालपुर गुनिया थाना मदनापुर जिला शाहजहांपुर से हुआ था। शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति मच्छन, सास मुनीषा, ससुर मच्छन, जेठ गुलफाम, ननद गुलफ़सा दहेज में अतिरिक्त मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। उसने जब गरीबी का हवाला दिया तो ससुरालीजन शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर 22 सितंबर को मारपीट कर बेघर कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 11 के विरुद्ध पौधे नष्ट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गुरसहायगंज रेंज के वन दरोगा रामआसरे ने थाना तालग्राम में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह विरौली वन ब्लाक में निरीक्षण करने गये थे। जहां उन्हें रोपे गए 90 पौधे नष्ट किए हुए मिले। वन दरोगा ने बताया कि जानकारी करने के बाद ग्राम मायापुर्वा निवासी रजनेश शाक्य, वीरपाल शाक्य, अवधेश यादव, रामनिवास, नीरज शाक्य, राजेश शाक्य, सर्वेश शाक्य एवं भुलानी गांव निवासी राजीव यादव, शैलेन्द्र, अंकित यादव, आजाद यादव के विरुद्ध पौधे नष्ट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### युवती से मारपीट कर घर से निकाला

**कन्नौज।** तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव गोवा निवासी महिला महबिस पुत्री जान मोहम्मद ने सदर कोतवाली में पति सूरज पुत्र जलालुद्दीन, सास पप्पी, ननद आसमीन, अफसाना, सनम, गुंजा, रेशम निवासी मतौली कोतवाली कन्नौज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि पिता ने उसका निकाह दान दहेज देकर सूरज के साथ किया था। दिये गये दहेज से पति समेत अन्य ससुरालीजन खुश नहीं थे। इसी के चलते आये दिन मारपीट करने लगे। दहेज में मांगी गई बाइक न देने पर मारपीट कर उसे 19 सितंबर को घर से निकाल दिया। उसे जान से मारने के लिये चाकू लेकर दौड़े। कहा कि जब तक 1,20000 रुपये की बाइक नहीं लेकर आओगी तब तक घर में रहने नहीं देगे। आरोप लगाया कि पति के संबंध किसी अज्ञात महिला से हैं।

### नगर पंचायत के कई मोहल्लों में पेयजल संकट गहराया, फुंक रहीं हैं मोटर

# तिर्वा में तीन दिन से बूंद-बूंद पानी के लिए मचा हाहाकार

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**

**अमृत विचार।** नगर पंचायत तिर्वा के कई मोहल्लों में तीन दिन से पानी की आपूर्ति गड़बड़ा गई है। इससे सैकड़ों परिवार प्रभावित हैं। पेयजल संकट गहरा गया है। बूंद-बूंद पानी के लिए हाहाकार मचा है। खास बात यह है कि वैकल्पिक व्यवस्था न होने से समस्या और गंभीर हो गई है।

कस्बा तिर्वा के मोहल्ला दुर्गानगर, अन्नपूर्णानगर, शास्त्रीनगर, बौद्धनगर समेत कई मोहल्लों में तीन दिन से पानी की आपूर्ति नहीं की गई। मोहल्लों में ठूंठ बने खड़े इंडिया मार्का हैंडपंपों की वजह से लोगों को पानी लेने के लिए दूर-दूर की दौड़ लगानी पड़ी। पहले से स्टॉक में रखा पानी भी दूसरे और तीसरे दिन समाप्त हो गया। आस-पड़ोस जब पानी के इंतजाम नहीं हुए तो लोगों ने नगर पंचायत में संपर्क साधा। वहां बताया गया कि मोटर फुंकने व दिक्कत आने की वजह से पानी नहीं जा पा रहा है। काम चल रहा है शाम तक पानी भेज दिया जाएगा। जब पीड़ितों ने शाम को पानी के बारे में जानकारी की तो बताया कि रात तक काम चलेगा। अगले दिन ही समस्या सुलझेगी। इस बारे में सब्जी विक्रेता बंटी का कहना है कि मई-जून में पानी का संकट गहराता है लेकिन सितंबर से हालात खराब हो गए हैं। आशीष कुमार का कहना है कपड़ा धोने व बर्तन साफ करने की तो बात छोड़िए भोजन के लिए पानी नहीं आया। समस्या को तीन दिन तक नहीं खींचना चाहिए।



गदनपुर बड्डू स्थित पानी की टंकी के मोटर कक्ष में लगा ताला और बाहर खड़े ऑपरेटर।

### गुस्साई महिलाओं ने टंकी में डाला ताला

**कन्नौज।** गदनपुर बड्डू स्थित पानी की टंकी से सप्लाई न पहुंचने से गुस्सायी महिलाओं ने पहुंचकर ऑपरेटर से नाराजगी जताते हुए मोटर कक्ष में ताला डाल दिया। ऑपरेटर से अभद्रता भी की जिससे भयभीत होकर वह बाहर खड़ा हो गया। बुधवार दोपहर दो बजे के बाद हुई इस घटना से मोहल्ले में पानी की आपूर्ति ठप हो गई जिससे स्थानीय लोग परेशान हो गये। बताया गया कि मोहल्ले में स्थित ओवरहेड टैंक 50 साल से अधिक पुराना है जिसकी सप्लाई लाइन किसी वजह से बाधित हो गई है। इससे मोहल्ले के कुछ घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इससे परेशान होकर महिलाओं ने पहुंचकर नए नलकूप पर हंगामा करते हुए टंकी बंद करा दी। इस संबंध में ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि पुराने ओवरहेड टैंक की सीढ़ियों से किसी को भी ऊपर भेजना खतरे से खाली नहीं है। इसके लिए बकायदा पाड़ बंधवाकर काम कराया जाएगा। इसको लेकर उच्चाधिकारियों से अनुमति ले ली गई है। जल्द ही जो दिक्कत है उसे दूर कराया जाएगा। जो लोग पानी आपूर्ति बाधित कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पानी को लेकर जरूरी तथ्य**

- नगर पंचायत तिर्वागंज में करीब 6200 पानी के कनेक्शन हैं।
- तीन पानी की टंकियां बनी हैं जो आठ-आठ लाख लीटर की हैं।
- वर्तमान में दुर्गानगर, बौद्धनगर व इंडियन बैंक के पास टंकी हैं।
- दो मोटर पहले से खराब बताए जा रहे हैं।
- तिर्वाखास तालाब के पास, इंडियन बैंक व कोतवाली के निकट मोटर लगे हैं।
- एक टंकी का निर्माण करीब 4 .50 करोड़ रुपये से हुआ था।
- नवीन पानी की टंकी बनने के बाद 16-16 किलोमीटर पाइप लाइन डाली गई थी।

> मोटर में दिक्कत आने की वजह से कस्बे के कई मोहल्लों में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। काम चल रहा है। ब्लॉक परिसर में भी पानी नहीं पहुंच रहा है। समस्या समाधान होने में एक दिन लगेगा।
>
> **देवांशी दीक्षित, ईओ- नगर पंचायत तिर्वागंज**

> नगर पंचायत कर्मियों की लापरवाही से सैकड़ों परिवार पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। ईओ व चेयरमैन को इसकी वैकल्पिक व्यवस्था कराना चाहिए। टैंकर से पानी घरों तक भिजवाना चाहिए। तीन दिन से पानी नहीं जा रहा है तो इसकी सूचना भी करनी चाहिए थी।
>
> **सतेंद्र कुशवाहा, सभासद- दुर्गानगर**

## बिना लाइसेंस और मानक के चल रहीं मीट की दुकानें

**तिर्वा।** क्षेत्र में हर रोज चौक-चौराहों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक मांस-मछली की पचास से अधिक दुकानें लगती हैं। यह काम बिना लाइसेंस और मानकों के किया जा रहा है जबकि संबंधित विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। खास बात यह है कि कुछ को छोड़कर किसी भी मीट दुकानदार के पास लाइसेंस नहीं है। दुकानदार स्वच्छता के मानकों का अनदेखी कर खरीद फरोख्त कर रहे हैं। दुकान के अंदर व बाहर गंदगी का अंबार लगा रहता है। इन दुकानों से बीमार व संक्रमित मांस परोसा जा रहा है। विक्रेता सड़कों के किनारे जहां-तहां मानक के विपरीत दुकान लगाते और मांस काटकर बेचते हैं। अवशेष नालियों में बहा देते हैं जिससे रोग फैलने का भय बना रहता है। इसी तरह सड़क किनारे पके मांस की बिक्री भी हो रही है, लेकिन खाद्य विभाग बेखबर है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सर्वेश कुमार ने बताया कि बिना लाइसेंस व नियमों की अनदेखी के बिक्री कर रहे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**क्षेत्र में नहीं है कोई स्लाटर हाउस :** स्लाटर हाउस से ही कटे मांस की बिक्री करने के आदेश है। क्षेत्र में स्लाटर हाउस न होने पर भी कटा मांस खुलेआम बिक रहा है। इसके अलावा जानवरों का स्वास्थ्य परीक्षण भी नहीं किया जाता है। एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि खाद्य विभाग की टीम के साथ अभियान चलाया जाएगा।

## सार-संक्षेप



गांव बंसरामऊ में शिविर लगा कर जागरूक करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

### ग्रामीणों को यातायात नियम व साइबर क्राइम की दी जानकारी

**कन्नौज।** सड़क दुर्घटनाओं एवं साइबर अपराध को रोकने के लिये पुलिस ने बंसरामऊ गांव में जन जागरूकता शिविर लगाया। सीओ सदर व यातायात प्रभारी ने ग्रामीणों को जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार की मौजूदगी में यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने एसपीओ शेर सिंह के सहयोग से सदर कोतवाली क्षेत्र के बंसरामऊ गांव में यातायात जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इसमें बताया कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट न धारण करने से दुर्घटनाओं में जनहानि बढ़ रही है। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने, डोरिंग एक्सीडेंट से कैसे बचें, सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने आदि के संबंध में जानकारी दी गयी। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी ने ऑनलाइन अपराधों से बचने के बारे में बताया। क्षेत्राधिकारी नगर ने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बाइक चलाने के लिये न देने की हिदायत दी। क्षेत्राधिकारी नगर ने ग्राम प्रधानों के सहयोग से इन जागरूकता शिवरों को प्रत्येक गांव में आयोजित किये जाने के निर्देश दिये।



नेत्र परीक्षण करती डॉक्टरों की टीम। अमृत विचार

### कैंप में 50 से अधिक चालकों-परिचालकों ने कराया परीक्षण

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत छिबरामऊ परिवहन निगम में चालक व परिचालक के स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण के लिए कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक कर्मचारियों ने परीक्षण कराया। सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंगलवार की सुबह 9 बजे से कार्यालय सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर प्रदेश परिवहन निगम छिबरामऊ में समस्त चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र परीक्षण हेतु कैंप का आयोजन किया गया। डॉ अविनाश गुप्ता, रामेंद्र सिंह, अतुल कुमार, शिल्पी शाक्य व राहुल शाक्य ने चालक व परिचालकों का परीक्षण किया।



तहसील में एसडीएम को ज्ञापन देते वकील। अमृत विचार

### तहसील में वकीलों का प्रदर्शन, कामकाज ठप किया

**छिबरामऊ,कन्नौज।** बुधवार को वकीलों ने प्रयागराज में हुई बैठक के निर्णय के समर्थन में वकीलों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके साथ न्यायालय के साथ तहसील के सभी कार्यालयों में कामकाज ठप रहा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह राठौर एवं महासचिव ललित प्रताप सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने प्रयागराज में दिनाक 22 सितंबर को हुए प्रदेश की समस्त बार संघों के अध्यक्ष व महामंत्री के अधिवेशन में सर्वसम्मति से लिए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में वाह्य न्यायालय और तहसील परिसर में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित चार सूत्री ज्ञापन उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी को सौंपा। इसके साथ ही समस्त न्यायालयों एवं उपनिबंधक कार्यालय में अधिवक्ताओं ने कार्य नहीं किया। इस दौरान राजीव हजेला, प्रणव यादव, राजकुमार सिंह, चन्द्र शेखर कश्यप, दफेदार, संजीव दुबे, पूर्व महासचिव चंद्रजीत यादव, विकास गुप्ता, विनीत कुमार चतुर्वेदी, संजीव हजेला, ब्रजेन्द राजपूत, अनिल यादव, दिनेश यादव, मो मुफीद खान, प्रणव सक्सेना, पीयूष सक्सेना, अभिरूप सिंह दीक्षित, सामोद यादव, राजीव दीक्षित, आशीष कश्यप, शिवम बैस, इवने अली सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

### रागी में सबसे अधिक कैल्शियम, ज्वार से लौहतत्व मिलता

**कन्नौज।** तिर्वा के किसान बाजार में उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम 2024-25 के तहत दो दिवसीय मिलेट्स कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के सदस्यों का प्रशिक्षण शुरू हो गया। कृषि वैज्ञानिक केंद्र अनौगी के वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि 100 ग्राम रागी में सबसे अधिक 364 मिलीग्राम कैल्शियम पाया जाता है। ज्वार में सबसे ज्यादा लौह तत्व फोलिक एसिड मिलता है। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, डीएम शुभ्रान्त शुक्ल, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. पूनम सिंह ने मोटे अनाज से व्यंजन तैयार करने के बारे में बताया। कहा ज्वार का फाइबर पाचन शक्ति में बहुत ही सहायक है। पूरे विश्व में 38 फीसदी मोटे अनाजों का निर्यात भारत करता है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह ने कहा कि मिलेट्स यानी श्रीअन्न (मोटे अनाज) प्रोटीन, विटामिन और खनिजों से भरपूर होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए उपयोगी होता है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा कि अब ड्रोन भी नई तकनीक के तैयार हो रहे हैं जिसमें कैमरे की मदद से कब, कौन सी दवा की जरूरत है पता कर छिड़काव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एफपीओ से अनेक प्रकार के फायदे हैं। बैंक और एफपीओ का तालमेल अच्छा होना चाहिए जिससे बिजनेस प्लान में किसी प्रकार की समस्या न आए। इस अवसर पर सीडीओ राम कृपाल चौधरी, संयुक्त निदेशक कृषि प्रांतीय मंडल कानपुर अशोक तिवारी, डीएचओ सीपी अवस्थी, जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह व एआर कोआपरेटिव राजीव लोचन शर्मा समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

## नवविवाहिता की मौत पर लगे हत्या करने के आरोप

**संवाददाता, छिबरामऊ,कन्नौज**

**अमृत विचार।** बुधवार की शाम संदिग्ध हालात में एक नवविवाहिता की मौत हो गयी। मृतका के भाई ने बहन की मौत पर ससुरालीजनों पर हत्या के आरोप लगाये है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

विकास खंड की ग्राम सभा पंथरा के मजरा नगला मुईया के रहने वाले सुमित यादव की शादी सौरिख थाना के गांव खिरिया नंदपुर की रहने वाली डोली के साथ 10 जुलाई 2024 को हुई थी। डोली शादी के बाद पहले त्योहार रक्षाबंधन पर मायके गई थी। अभी कुछ दिन पहले ही वह ससुराल आई थी। बुधवार को संदिग्ध हालात में उसे सौ शैय्या अस्पताल में लाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मृतका के मायके वाले भी अस्पताल पहुंच गये। यहां बेटी की मौत को हत्या बताते हुए हंगामा किया। मृतका के भाई अनिल ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



डोली

## गैरहाजिर मिले 91 शिक्षक, शिक्षामित्र

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**

- प्रेरणा एप से हुए निरीक्षण के बाद बीएसए ने काटा मानदेय-वेतन
- मांगा गया स्पष्टीकरण, 38 शिक्षामित्र व 29 सहायक अध्यापक नदारद मिले

**अमृत विचार।** जनपद के कई शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक गोला मारने में आगे हैं। इसमें कुछ समय पर विद्यालय भी नहीं पहुंचते हैं। कहा जा रहा है कि इसी वजह से ही वह ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे हैं। एक महीने में 91 लोग स्कूल के निरीक्षण में नहीं मिले। सभी अनुपस्थित मिले अध्यापकों समेत अन्य लोगों का वेतन व मानदेय काट लिया गया है। साथ ही स्पष्टीकरण भी तलब हुआ है। पिछले महीने की रिपोर्ट में भी एक सैकड़ा लोगों पर ऐसी कार्रवाई हुई थी। बीएसए संदीप कुमार ने जारी की परिषदीय स्कूलों की रिपोर्ट में बताया है कि 22 अगस्त से 23 सितंबर तक अधिकारियों ने प्रेरणा पोर्टल एप के जरिए स्कूलों का निरीक्षण किया था। गैरहाजिर रहने वालों में पांच प्रधानाध्यापक, 29 सहायक अध्यापक, 38 शिक्षामित्र व 19 अनुदेशक शामिल हैं। इसमें सबसे अधिक संख्या शिक्षामित्रों की है। दूसरा नंबर सहायक अध्यापकों का है। एडी बेसिक कानपुर राजेश वर्मा ने भी तीन सितंबर को तेरामल्लू में अनुदेशक कुमकुम व चरण सिंह को गैरहाजिर पाया था। बीएसए को मल्लहपुर्वा में शिक्षामित्र श्रृष्टि यादव, रजनी सिंह, मानीमऊ की अनुदेशक गरिमा सिंह, गुखरू की शिक्षामित्र सपना कटियार, बंसरामऊ की अनुदेशक हुमा परवीन, सुर्सी की शिक्षामित्र रुचि, सतौरा की अरुना, फतेहपुर बरेवा के सहायक अध्यापक बृजेश कुमार, कन्या यूपीएस सरायप्रयाग की सहायक अध्यापक सुषमा रानी, अनुदेशक प्रीती व बबिता, नरमऊ के अनुदेशक अर्पित भदौरिया व जल खिरिया के सहायक अध्यापक शिवबालक राजपूत को अनुपस्थित पाया था। इसके अलावा डीडीओ, डीआईओएस, बीईओ, ईएमआईएस प्रभारी, डीसी आदि ने भी निरीक्षण किए थे। बीएसए ने सभी अनुपस्थित से साक्ष्यों समेत स्पष्टीकरण मांगा है। न देने पर विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**कस्तूरबा बालिका विद्यालय** — 16 साल बाद संविदा खत्म, 2020 के शासनादेश की वजह से नहीं हुआ नवीनीकरण

# विदा हुईं वार्डन तो बिलख-बिलख कर रोईं छात्राएं

**कार्यालय संवाददाता, कन्नौज**

**अमृत विचार।** स्थान- कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मित्रसेनपुर। दूरी- जिला मुख्यालय से करीब आठ किलोमीटर। तारीख- 23 सितंबर व समय शाम साढ़े सात बजे। स्कूल परिसर में महिलाओं व बालिकाओं की जोर-जोर से रोने की आवाजें आ रहीं हैं। शोर सुनकर गांव के कुछ लोग भी मौके पर पहुंच जाते हैं। गमगीन माहौल देखकर ग्रामीण भी भावुक हो जाते हैं।

दरअसल, जिले के चार बालिका आवासीय विद्यालयों के नौ शिक्षक-शिक्षिकाओं की संविदा 16 सितंबर को समाप्त हो गई थी। 2020 में आए नए शासनादेश की वजह से इन लोगों का नवीनीकरण नहीं हुआ। नवीनीकरण न होने के चलते ज्यादातर लोगों ने पहले ही स्कूल छोड़ दिया। मित्रसेनपुर में वार्डन रहीं रश्मि मिश्रा जब सोमवार को रात में स्कूल छोड़कर गईं तो वहां की छात्राएं चिपटकर रोने लगीं। अन्य शिक्षिकाएं भी भावुक हो गईं। जब रश्मि मिश्रा गाड़ी में बैठने लगीं तो छात्राएं वहां भी पहुंचीं और खूब रोईं। निवर्तमान वार्डन भी छात्राओं को देखकर भावुक हो गईं। उन्होंने बताया करीब 16 साल की यादें उनके साथ जा रहीं हैं। स्कूल परिवार की तरह था। यहां बहुत कुछ सीखने को मिला। दूसरी ओर इसी विद्यालय में अंशकालिक शिक्षक रहे प्रदीप औदिच्य भी पहले जा चुके हैं। वरिष्ठ पूर्ण कालिक शिक्षिका मंजूलता पाल को वार्डन का चार्ज दिया गया है।



आवासीय विद्यालय परिसर में रश्मि मिश्रा से लिपटकर बिलख-बिलख कर रोतीं छात्राएं।

### छात्राओं की तबीयत बिगड़ी, घर गईं

- ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र के गांव बहादुरपुर उज्जैना निवासी छात्रा साक्षी यादव व साक्षी भदौरिया की सोमवार की शाम ही तबीयत बिगड़ गई। उनके परिजन विद्यालय आए और घर ले गए। छात्रा अल्का, राधा व प्रिया ने बताया कि वार्डन के घर जाने का गम सभी को है।

## सड़क हादसे में डॉक्टर घायल

**तिर्वा।** कानपुर नगर निवासी डॉ निखिल गुप्ता डॉ भीमराव रामजी आम्बेडकर राजकीय चिकित्सा कॉलेज में यूरोलॉजी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हैं। बुधवार को अपनी कार से मेडिकल कॉलेज ड्यूटी पर आ रहे थे। कानपुर कन्नौज मार्ग पर जैसे ही मानीमाऊ के पास आगे चल रहे वाहन ने अचानक ब्रेक लगा दिए जिससे तेज रफ़्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में डॉ.निखिल घायल हो गए। लोगों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही प्राचार्य डॉ सीपी पाल समेत अन्य डॉक्टर इमरजेंसी वार्ड पहुंच गए और घायल डॉक्टर का हालचाल लिया।

# पं. दीनदयाल का जीवन राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित रहा

**पं. दीन दयाल जयन्ती**

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर बूथ पर चलाया सफाई अभियान
- वर्तमान पीढ़ी पंडित जी के जीवन सिद्धांतों से प्रेरणा ले



पं. दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पूरे जनपद के प्रत्येक बूथ पर गोष्ठी व स्वच्छता अभियान चला कर मनाई।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर मोहम्मदाबाद में बेवर रोड स्थित बाबू जय सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा कि प्रखर राष्ट्रभक्ति और एकात्म मानवतावाद के प्रणेता महान चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए आवाज उठाई थी। पं. दीनदयाल उपाध्याय आजीवन राजनीति में स्वच्छता व पारदर्शिता के लिए संकल्पित रहे। अंत्योदय के विचार से सामाजिक समरसता को बल दिया। उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सिद्धांतों पर चलते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास की पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। विकसित भारत के निर्माण के लिए पं. दीनदयाल के जीवन से प्रेरणा लेकर भाजपा सरकार निरंतर देश को प्रगति के रास्ते पर ले जाने का कार्य कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय सन 1953 से 1968 तक भारतीय जनसंघ के नेता रहे। एक गंभीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ-साथ वह एक ऐसे समर्पित संगठन कर्ता और नेता थे जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किए। एक छोटे से परिवार में जन्मे इस राष्ट्रवादी चिंतक के विचारों से प्रेरणा लेकर पार्टी व संगठन कार्य कर रहा है।

वर्तमान पीढ़ी को उनके सिद्धांतों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस दौरान जनपद के लगभग सभी बूथों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन आईटी संयोजक अभिषेक वाजपेई ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र बिस्वाल, उप प्राचार्य डॉ रामबाबू, जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा कृष्ण मुरारी राजपूत, शिवम मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# कॉलेज के लिए निकली छात्रा की झील में डूबने से जान गई

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



मौके पर लगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना अमृतपुर क्षेत्र में कालेज के लिए निकली छात्रा का शव बदायूं मार्ग के पास एक झील में पड़ा मिला। थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव ताजपुर निवासी अलका (16) पुत्री हरकिशन दयानंद इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा है। बुधवार सुबह लगभग 7 बजे अपनी बहन मधु के साथ वह कॉलेज के लिए निकली, लेकिन कालेज नहीं पहुंची। बताया जा रहा है कि बहन मधु के साथ वह कुठला झील के लिए जाने वाली रास्ता की पुलिया के पास चली गई, जहां पैर फिसलने से गहरे पानी में डूबने लगी। उसे डूबता देखकर मधु ने भाग कर परिजनों को सूचना दी। जब तक परिजन आते तब तक देर हो चुकी थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की तथा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना अध्यक्ष मिनैश पचौरी नायब तहसीलदार ने जांच पड़ताल की। कड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकलवाया। मौके पर फील्ड यूनिट की टीम ने पहुंचकर जांच की तथा छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# छै मार गिरोह ने दिया था लूट व हत्या को अंजाम

## पुलिस ने नवाबगंज में लूटे गए माल के साथ 4 सदस्यों को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



हिरासत में गिरफ्तार छै मार गिरोह के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना नवाबगंज क्षेत्र में हुई लूट व हत्या के मामले का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। इस घटना को छै मार गिरोह ने अंजाम दिया था। पुलिस ने लूटे गए माल के सहित छै मार गिरोह के चार शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह ने बताया कि थाना नवाबगंज के गांव सिरोली में 26 अगस्त को छै मार गैंग ने लूटपाट का विरोध करने पर मेंहदी हसन की डंडे से हमला कर हत्या कर दी थी। इस मामले मे पुलिस ने तनवीर, जाकिर निवासी बिलासपुर जनपद रामपुर, दिलशाद व ताज मोहम्मद निवासी सिरौली जनपद बरेली को गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह ने बताया आरोपी घटना के समय डंडे से हमला करते हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लोग गांव गांव भीख मांग कर रेकी करते हैं। जो मकान गांव के बाहर होता है उसी में घटना को अंजाम देते हैं। गांव के बाहर पेड़ से डंडे तोड़कर उससे गर्दन पर हमला करते हैं जिससे विरोध करने बाला बेहोश हो जाता है। लूटपाट करते समय मेहंदी हसन ने विरोध किया था, उसके ऊपर डन्डे से हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। छै मार गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरोह के सदस्यों का चिकित्सीय परीक्षण करा कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने चारों को 14 दिन की रिमांड पर जिला जेल फतेहगढ़ भेज दिया है।

## सरकारी अधिग्रहण से मंदिरों को मुक्त करें

**फर्रुखाबाद।** अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री राम जी तिवारी ने कहा कि तिरुपति मंदिर में प्रसाद में गाय एवं अन्य पशुओं की चर्बी मिलाकर हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने का कृत्य अत्यंत निंदनीय है। यह षड्यंत्र विश्व व्यापी है। इस पर रोक लगाने के लिए सबसे अधिक जरूरी है कि मंदिरों को सरकारी अधिग्रहण से मुक्त किया जाए और साधु संतों को सौंपा जाए।

पांचाल घाट मार्ग स्थित गेस्ट हाउस में हुई बैठक में दशहरा कार्यक्रम की समीक्षा करने के लिए संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री राम जी तिवारी पहुंचे। राष्ट्रीय किसान परिषद जिला अध्यक्ष कौशल गुप्ता व अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद जिला महामंत्री उमेश चंद्र भारती ने स्वागत किया। राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि आने वाले दशहरा पर संगठन देशभर में 2 करोड़ परिवारों के साथ शस्त्र पूजन का कार्यक्रम कर रहा है। हिंदू सुरक्षा हिंदू समृद्धि हिंदू सम्मान का अभियान चलाया जा रहा है। 2025 कुंभ से पहले देश भर के 1 लाख गांव में हनुमान चालीसा का पाठ संगठन कराना शुरू कर रहा है।



बच्चों को पढ़ाते सीएमओ। अमृत विचार



स्कूल के बाहर खड़ा पेड़ दे रहा हादसे को दावत।

# सीएमओ ने स्कूल में बच्चों को पढ़ाया

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए डीएम की पहल

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह ने सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के शिक्षा के स्तर में सुधार हो सके, इसके लिए बड़ा कदम उठाया है।

इसके तहत जिले के आलाधिकारियों को 12 बजे के बाद अपने क्षेत्र के किसी सरकारी स्कूल में जाकर कुछ देर बच्चों को पढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ ने कमालगंज ब्लाक के विद्यालय में पहुंचकर बच्चों को अंग्रेजी का पाठ पढ़ाया। उन्होंने बताया कि यह काफी अच्छा कदम है। सीएमओ डॉक्टर अवनींद्र कुमार ने दोपहर को प्राथमिक विद्यालय रजीपुर का निरीक्षण भी किया।

पंजीकृत 155 विद्यार्थियों में से 133 उपस्थित मिले। पांचों शिक्षक उपस्थित मिले। बच्चों से खाने के संबंध में पूछा गया तो अच्छी गुणवत्ता का मिड डे मील दिए जाने की बात कही गई। इसके साथ ही सीएमओ ने बच्चों को अंग्रेजी का पाठ पढ़ाया। वह लगभग आधे घंटे तक बच्चों को पढ़ाते रहे। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर सरकारी स्कूल में वह पढ़ाने गए थे। यह काफी अच्छा कदम है इसे सरकारी स्कूल के बच्चों के शिक्षा के स्तर में काफी सुधार होगा। बच्चों को प्रतिदिन कुछ ना कुछ नया और बेहतर सीखने को मिलेगा। स्कूल के बाहर एक पीपल के पेड़ की बड़ी डाल सीएमओ को लटकती मिली जिससे अप्रिय घटना होने की संभावना थी। इसको लेकर सीएमओ ने जिला वन अधिकारी को सूचित किया और पेड़ से डाल को हटवाने को कहा।

## महिला ने पीया जहरीला पदार्थ

**कायमगंज।** क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी ममता (25) पत्नी शेर सिंह ने संदिग्ध हालात मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत में परिजन उसे सीएचसी लाये जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## ऊपर से गिरा सीलिंग फैन, बालक घायल

**कायमगंज।** क्षेत्र के गांव मुडोल निवासी देशराज का 13 वर्षीय पुत्र अबी घर पर पंखे के नीचे बैठा कुछ काम कर रहा था, तभी अचानक सीलिंग फैन ऊपर से खुलकर उसके ऊपर आ गिरा जिसमे वह गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

## खेलते खेलते बालक ने पीया केरोसीन

**कायमगंज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव उत्मान नगर निवासी राजवीर का 1 वर्षीय पुत्र संचित घर पर खेल रहा था। खेलते खेलते उसे घर पर रखा केरोसीन पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लाये।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देते छात्र संघ नेता। अमृत विचार

# समाजवादी पार्टी छात्र सभा ने की चुनाव की मांग

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में स्थित फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर समाजवादी पार्टी छात्रसभा ने छात्र संघ चुनाव कराने व छात्रों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह को ज्ञापन सौपा।

छात्र सभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार के नेतृत्व में समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ता फतेहगढ़ कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि प्रदेश के कालेजों में कई वर्षो से छात्र संघ चुनाव बंद होने से छात्रों की समस्याओं में इजाफा हुआ। छात्र नेताओं ने 69000 शिक्षक भर्ती घोटाले को लेकर भी सरकार को घेरा। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार को पीडीए परिवार से आने वाले छात्र-छात्राएं गुनाहगार दिखाई देते हैं, लगातार एनकाउंटर फर्जी हो रहे है। फर्जी मुकदमों में फंसा कर बेगुनाह छात्र- छात्राओं को जेल भेजने का आरोप लगाया। समस्याओं का समाधान न होने पर छात्र सभा ने उत्तर प्रदेश की सड़कों पर निकलकर आंदोलन करने चेतावनी दी।

## देवर ने किया निकाह बाद में दिया दगा

**फर्रुखाबाद।** पति की मौत के बाद महिला ने परिजनों की सहमति से अपने देवर के साथ निकाह कर लिया लेकिन देवर भी कुछ समय के बाद ही दगा दे गया। पीड़िता ने सात लाख रूपये दहेज की मांग करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया। राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कड़क्का निवासी शैनाजा ने पति मुजम्मिल, ससुर याकूव, अरबाज, सास कश्मीरन, देवर शाहजहां व भुट्टो पत्नी अजीज निवासी गुनारा जलालाबाद शाहजहांपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने कहा कि उसके पति राजू की 25 अगस्त 2019 को मौत हो गयी जिसके बाद देवर मुजम्मिल से निकाह किया। उसके बाद मुजम्मिल के परिजनों ने दहेज की मांग की।

## अधेड़ का शव पड़ा मिला

**क़ायमगंज।** शमसाबाद थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी स्व झब्बूलाल का पुत्र विनोद राठौड़ तीन भाइयो में सबसे बड़ा था। वह शराब पीने का आदी था। मंगलवार की देर शाम को वह शराब पीकर परी चौक पर लेट गया। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गयी।



अस्पताल में परेशान हाल प्रसूता। अमृत विचार

# कर्मचारियों की लापरवाही से नहीं हो सका अल्ट्रासाउंड

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कायमगंज सीएचसी में अल्ट्रासाउंड की सुविधा न होने पर सरकार की मंशा के अनुसार सीएचसी में आने वाली प्रसूताओं का मुफ्त प्राइवेट अल्ट्रासाउंड होता है। हर महीने की 1, 9, 16, 24 तारीख को अल्ट्रासाउन्ड होता है। इस कार्य के लिए सीएचसी में दो कर्मचारियों सतेंद्र और संजीत को नियुक्त भी किया गया है। ये कर्मचारी प्रसूताओं की इंट्री कर ओटीपी के माध्यम से अल्ट्रासाउन्ड कराते हैं। बुधवार को 24 तारीख़ थी और आज कई प्रसूताओं के अल्ट्रासाउन्ड होने थे, लेकिन कर्मचारी सतेंद्र बुधवार को जिले में मीटिंग में चले गये। इधर सीएचसी मे प्रसूताएं परेशान घूमती रहीं। जब प्रसूताएं इकठ्ठा होकर सीएचसी अधीक्षक के पास गई और शिकायत की जब अधीक्षक ने सतेंद्र से फोन पर बात की तो उसने बताया कि वह तो जिले में मीटिंग में आया है और उसने दूसरे कर्मचारी संजीत से कह दिया था। जब अधीक्षक ने संजीत से पुछा तो उसने जानकारी से इंकार कर दिया। इस पर अधीक्षक ने दोनों का एक एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिये। उधर प्रसूता रेलवे रोड निवासी नेमा देवी दो दिन पहले जीने से गिर गई थी और बहुत गरीब है उसका अल्ट्रासाउन्ड होना बहुत ज़रूरी था।

# जलस्तर घटा, दुश्वारियां नहीं

संवाददाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगा नदी का जलस्तर भले ही कम हो रहा है परंतु अभी भी गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु के आसपास है जिससे बाढ़ पीड़ितों की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं।

पानी घटने के साथ साथ ही गंगापार की बदहाली की तस्वीर उजागर होती नजर आ रही है। आधा दर्जन से अधिक संपर्क मार्गों पर अभी भी पानी चल रहा है। माखन नगला संपर्क मार्ग पानी की तेज धार से कट गया है। माखन नगला, तीसराम की मड़ैया आदि कटे हुए संपर्क मार्गों से खतरा उठाकर लोग आवागमन कर रहे हैं। चित्रकूट डिप पर आवागमन बहाल हो जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

अंबरपुर, गौंटिया, उदयपुर, सबलपुर, जगतपुर, आशा की मड़ैया, बरुआ, बमियारी, हरिहरपुर, दौलतपुर, आसमपुर आदि गांवों मे अभी भी बाढ़ का पानी भरा हुआ है। गंगा नदी का जलस्तर कम हो जाने के बाद भी गांवों के अंदर से धीरे धीरे पानी निकलने से ग्रामीण परेशान नजर आ रहे हैं।

लोगों के सामने गृहस्थी के खर्चे के लिए रोजगार के साधन बहाल करने की चुनौती है जिससे जनजीवन पटरी पर लौट सके। बाढ़ पीड़ित ग्रामीण अभिषेक, नन्हुकू, मझिले, अनिल आदि लोगों का कहना है महीनो से पानी भरे होने से खेतों मे खड़ी फसलें नष्ट हो गईं हैं।


**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक,
हंसपुरम योजना संख्या-02, नौबस्ता, कानपुर
E-Mail : emoy2knp@upavp.com

IS 15700 : 2005

पत्रांक :- 561/सं.प्र./ **सर्वसाधारण सूचना** दिनांक : 05.09.2024

उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद की हंसपुरम योजना संख्या-2, कानपुर में स्थित **साईट एण्ड सर्विस भूखण्ड संख्या ए-496, श्री राम पाल सिंह पुत्र श्री लाल सिंह निवासी- ए-496 आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता, कानपुर नगर को परिषद की हंसपुरम योजना संख्या-02 कानपुर में साईट एण्ड सर्विस भूखण्ड संख्या- ए-496 इस कार्यालय के पत्रांक संख्या-2320 स.प्र. कानपुर-02 दिनांक 04.10.1995 द्वारा आवंटित किया गया था।** तथा भूखण्ड का भौतिक कब्जा प्रमाण पत्र खण्ड कार्यालय से आवंटी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है। **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** ने अपने प्रार्थना पत्र **दिनांक** 05.07.2024 द्वारा अवगत कराया गया है, कि श्री राम पाल सिंह पुत्र **श्री लाल सिंह की मृत्यु दिनांक** 11.04.2021 को हो गयी है तथा मृत्यु प्रमाण पत्र/पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के साथ अन्य औपचारिकतायें पूर्ण करते हुए उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने पक्ष में किये जाने का अनुरोध किया गया है। जिलाधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र में मृतक के परिवार में वर्तमान में **श्रीमती शीला देवी** (पत्नी), **श्रीमती शिखा बरतारिया** (विवाहित पुत्री), **श्रीमती दीपिका चौहान** (विवाहित पुत्री) पारिवारिक सदस्य हैं।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि यदि सन्दर्भित सम्पत्ति संख्या **साईट एण्ड सर्विस भूखण्ड संख्या ए-496** को आवंटी **श्री राम पाल सिंह पुत्र श्री लाल सिंह** की मृत्योपरान्त नामान्तरण आवंटी की पत्नी **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** के पक्ष में प्रस्तुत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर नामान्तरित करने में किसी को कोई आपत्ति है, तो इस सूचना को प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपना आपत्ति पत्र कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, हंसपुरम योजना संख्या-02 नौबस्ता, कानपुर में प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त अवधि के पश्चात दावा कर्ता **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** के पक्ष में नामान्तरण कर दिया जायेगा। जिसके लिये परिषद उत्तरदायी नहीं होगा।

अन्तरण के उपरान्त यदि कोई वाद-विवाद उत्पन्न होता है तो इसके लिए परिषद उत्तरदायी नहीं होगा। अन्तरण हेतु **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** ही उत्तरदायी होंगे।

**सम्पत्ति प्रबन्धक**
**(कृते आवास आयुक्त)**


# राहुल विद्रोह कराकर पीएम बनना चाहते

**दो टूक** प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर फतेहगढ़ में प्रदर्शनी के दौरान बोले विधायक सुशील शाक्य

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- कहा, राहुल का प्रधानमंत्री बनने का मंसूबा कभी पूरा न होगा
- ट्रेन पलटाना विपक्षी दलों की बहुत बड़ी साजिश



सुशील शाक्य।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में बुधवार को फतेहगढ़ ऑफिसर्स क्लब में उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। अमृतपुर भाजपा विधायक सुशील शाक्य ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश के लिए समर्पित हैं। कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी बांग्लादेश की तरह भारत में भी विद्रोह कराना चाहते हैं और जनता को भड़का कर खुद प्रधानमंत्री बनने के ख्वाब देख रहे हैं। लेकिन उनका ये मंसूबा कभी पूरा नहीं होगा।

विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि कुछ लोग अपने जन्मदिवस पर मेला लगवाते हैं, नाच-गाना करते हैं लेकिन नरेंद्र मोदी ने अपने जन्म दिवस पर रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर के आयोजन कराए थे। उन्होंने कहा कि आज जो प्रदर्शनी लगी है वह किसी राजनीतिक व्यक्ति की प्रदर्शनी नहीं है। यह देश कैसे आगे बढ़े और कैसे हम आगे बढ़े है और कैसे देश के लोगों को आगे बढ़ाना है। केवल शासन चलाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल विदेश में जाकर प्रचार कर रहे हैं कि सिक्खों को भारत में रहने का अधिकार नहीं है। मुसलमान देश में सुरक्षित नहीं है। वह देश को बांटना चाहते हैं। राहुल जनता को भड़काने का काम कर रहे और देश में विद्रोह कराना चाहते हैं। वह देश के लोगों को भड़काकर बंगलादेश की तरह विद्रोह कराना चाहते हैं। वह लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा को नहीं हरा सकते हैं तो देश में विद्रोह कराकर प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। विदेशी शक्तियां जो भारत की प्रगति नहीं देख सकती है। विपक्षी उन विदेशी शक्तियों के साथ मिलकर ट्रेनें पलटाने की साजिश कर रहे हैं। भाजपा विधायक ने कहा कि सपा में जितना बड़ा अपराधी हैं वह उतना बड़ा नेता है। हमारे जिले में जितने अपराधी हैं जितने माफिया हैं, समाजवादी पार्टी से हैं। ये माफिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्रवाई से परेशान हैं।



झांकी निकालते भक्त। अमृत विचार

## शीतल सांझी मण्डल ने निकाली झाकियां

**कायमगंज।** मंगलवार की देर शाम पचासों साल से चली आ रही परम्परा के अनुसार शीतल सांझी मंडल की तरफ से पांच झांकियों का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि बालाजी के दीवाने परिवार के पियूष अग्रवाल एवं अमित अग्रवाल आरती कर झाकियों की शुरुआत की। इस दौरान हनुमान बाबा, बारह अवतार, अंजनी माता एवं पवन देव की मनमोहक झाकियां निकाली गई। झाकियां नगर की बजरिया से प्रारम्भ होकर श्यामा गेट, लोहाई बाजार, मैन चौराहा होती हुई गंगा दरवाजा मे सम्पन हुई। उक्त आयोजन में मुकेश दुबे, सुमित वर्मा मोनू, रावण दहन कमेटी के अंकुर भारद्वाज, विशाल गुप्ता, सागर गुप्ता, अनिकेत भारद्वाज, उज्जवल गुप्ता, एवं शीतल साझी मंडल की कमेटी मुख्य रूप से उपस्थित रही।


**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक,
हंसपुरम योजना संख्या-02, नौबस्ता, कानपुर
E-Mail : emoy2knp@upavp.com

IS 15700 : 2005

पत्रांक :- 562/सं.प्र./ **सर्वसाधारण सूचना** दिनांक : 05.09.2024

उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद की हंसपुरम योजना संख्या-2, कानपुर में स्थित **साईट एण्ड सर्विस भूखण्ड संख्या ए-497, श्री राम पाल सिंह पुत्र श्री लाल सिंह निवासी- ए-497 आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता, कानपुर नगर को परिषद की हंसपुरम योजना संख्या-02 कानपुर में साईट एण्ड सर्विस भूखण्ड संख्या- ए-497 इस कार्यालय के पत्रांक संख्या-137 स.प्र. कानपुर-02 दिनांक 08.01.1996 द्वारा आवंटित किया गया था।** तथा भूखण्ड का भौतिक कब्जा प्रमाण पत्र खण्ड कार्यालय से आवंटी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है। **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** ने अपने प्रार्थना पत्र **दिनांक** 05.07.2024 द्वारा अवगत कराया गया है, कि श्री राम पाल सिंह पुत्र **श्री लाल सिंह की मृत्यु दिनांक** 11.04.2021 को हो गयी है तथा मृत्यु प्रमाण पत्र/पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के साथ अन्य औपचारिकतायें पूर्ण करते हुए उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने पक्ष में किये जाने का अनुरोध किया गया है। जिलाधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र में मृतक के परिवार में वर्तमान में **श्रीमती शीला देवी** (पत्नी), **श्रीमती शिखा बरतारिया** (विवाहित पुत्री), **श्रीमती दीपिका चौहान** (विवाहित पुत्री) पारिवारिक सदस्य हैं।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि यदि सन्दर्भित सम्पत्ति संख्या **साईट एण्ड सर्विस भूखण्ड संख्या ए-497** को आवंटी **श्री राम पाल सिंह पुत्र श्री लाल सिंह** की मृत्योपरान्त नामान्तरण आवंटी की पत्नी **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** के पक्ष में प्रस्तुत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर नामान्तरित करने में किसी को कोई आपत्ति है, तो इस सूचना को प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपना आपत्ति पत्र कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, हंसपुरम योजना संख्या-02 नौबस्ता, कानपुर में प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त अवधि के पश्चात दावा कर्ता **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** के पक्ष में नामान्तरण कर दिया जायेगा। जिसके लिये परिषद उत्तरदायी नहीं होगा।

अन्तरण के उपरान्त यदि कोई वाद-विवाद उत्पन्न होता है तो इसके लिए परिषद उत्तरदायी नहीं होगा। अन्तरण हेतु **श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व. रामपाल सिंह** ही उत्तरदायी होंगे।

**सम्पत्ति प्रबन्धक**
**(कृते आवास आयुक्त)**

# खेत पर रह रहे किसान की नृशंस हत्या

## नलकूप के कमरे से दस मीटर की दूरी पर पड़ा मिला शव , छत पर सो रहे दो मंदबुद्धि युवक घटना से रहे अंजान

संवाददाता सैफई, इटावा



हत्या की घटना के बाद रोती बिलखती परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खेत पर नलकूप के कमरे में सोने गए किसान की मंगलवार देर रात सिर पर धारदार हथियार से वार करके नृशंस हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह खेत पर गए पड़ोसियों ने कमरे से दस मीटर दूरी पर खेत पर उसका रक्तरंजित शव देखा तो चीख पुकार मच गई। वहीं कमरे की छत पर सो रहे दो मंदबुद्धि युवक घटना से अंजान बने रहे। पुलिस और डॉग स्क्वायड ने गहनता से छानबीन की लेकिन अभी कोई सुराग हाथ नहीं लगा। हत्या को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

सैफई थाना क्षेत्र में गांव भाली में रहने 55 वर्षीय वाले किसान यशवीर सिंह गांव से करीब एक किलोमीटर दूरी पर खेत पर लगे नलकूप में बने कमरे में रहते थे। वहां पर सबमर्सिबल पंप लगा हुआ है। वहीं पर वह एक दर्जन पशुओं को भी पाले हुए थे। मंगलवार देर शाम स्वजनों द्वारा भोजन कराने के बाद किसान कमरे में सो रहा था। वहां अर्से से पशुओं की देखभाल करने वाले बिहार प्रांत के दो मंदबुद्धि युवक इस कमरे की छत पर सो रहे थे।

बुधवार सुबह छह बजे गांव की महिला अपने बेटे के साथ पशुओं का दूध निकालने को गई तो दरवाजा खुला हुआ था चारपाई पर खून पड़ा देख वह चीख पड़ी और उसने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा कमरे से दस मीटर दूर खेत पर ही किसान का रक्तरंजित शव पड़ा हुआ था। वह अंडरवियर और लोअर पहने हुए थे सिर पर धारदार हथियार से अत्यधिक प्रहार किए गए, जिससे उनका चेहरा पूरी तरह से कुचल दिया गया था।

सूचना पर एसएसपी संजय वर्मा, एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, सीओ शैलेंद्र प्रताप गौतम, थाना प्रभारी निरीक्षक अलमा अहिरवार, फोर्स तथा फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर आए। कातिलों की तलाश के लिए डॉग स्क्वायड बुलाया गया लेकिन उसे भी कोई सुराग अभी तक नहीं मिला।

### जल्द पकड़े जाएंगे किसान के कातिल

- एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि हत्या के शिकार हुए किसान के तीन बेटियां हैं जो शादी शुदा हैं, 26 साल का बेटा मंजेश गांव में घर पर था। मृतक किसान के दोस्त की कुछ दिनों पहले मृत्यु हो गई, उसके बच्चों की भी देखरेख यही कर रहा था। मृतक के बेटे मंजेश की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। कुछ तथ्य ऐसे मिले हैं जिनसे किसान के कातिल जल्द पकड़े जाएंगे, इसके लिए पुलिस की टीमें सक्रियता से लगी हुई हैं।

### बंबा में मिला अज्ञात युवक का शव

- **बकेवर, इटावा** । थाना क्षेत्र में निवाड़ी कला के पास बंबा में अज्ञात युवक का शव क्षत विक्षत दशा में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । चौकीदार की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। जिस पर सी ओ भरथना अतुल प्रधान आ गए, गांव वालों की मदद से बंबा में पड़े सड़े गले शव को बाहर निकलवाया गया, जिसकी 35 साल उम्र आंकी गई। फॉरेंसिक टीम ने नमूने एकत्रित किए। शव की शिनाख्त कराये जाने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि शव नहर के माध्यम से बहता हुआ यहां आया, शव कई दिन पुराना है जो पानी में रहने से सड़ गया है। उसकी पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## फंदे पर लटकता मिला नव विवाहिता का शव, कोहराम

**भरथना,इटावा।** भरथना कोतवाली कस्बा क्षेत्र के नगला पूठ में मंगलवार की शाम नव विवाहिता पिंकी 23 वर्ष पत्नी जगदीश उर्फ सोनू का शव घर की दूसरी मंजिल पर बंद कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला। पिंकी का पति ट्रक चलाता है । वह घर से बाहर था। सास और ननद गांव में किसी के घर बैठी हुई थीं। उसी समय यह हादसा हो गया।



पिंकी।

मौके पर पहुंचे पिंकी के पिता भगत विश्वकर्मा और मां कुशमा देवी ने बताया उसने अपनी बेटी पिंकी की शादी विगत दो माह पूर्व 11 जुलाई को जगदीश के साथ की थी। पता नहीं ऐसा कैसे हो गया। एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, सीओ अतुल प्रधान, मय पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे और जांच पड़ताल की।

## निपुण कार्य योजना के बारे में दिया प्रशिक्षण

संवाददाता महेवा, इटावा

- 199 प्राथमिक विद्यालयों के 398 शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

**अमृत विचार।** खंड शिक्षा अधिकारी महेवा उदय सिंह राज के निर्देशन में प्राथमिक शिक्षकों की भाषा एवं गणित अभिमुखीकरण कार्यशाला ब्लाक सभागार महेवा में हुई। जिसमें 199 प्राथमिक विद्यालयों से प्रति विद्यालय दो -दो कुल 398 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया । जिला समंवयक प्रशिक्षण ज्ञानेंद्र सिंह ने विभागीय कार्यक्रमों जनपद को निपुण बनाने की कार्य योजना को बताया । एसआरजी मीनाक्षी पांडेय ने 5 प्वाइंट टूल किट पर विस्तृत चर्चा की। प्राथमिक विद्यालय उझियानी की छात्रा कीर्ति एवं अनुराधा ने सरस्वती पूजन एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया ।

संचालन एआरपी नगेंद्र प्रताप सिंह ने किया। एआरपी राम कृष्ण दुबे ने गणित शिक्षण का प्रशिक्षण , गणित की संदर्शिका एवं वर्कबुक पर कार्य करने की योजना बताई ।

संजीव ऋषिश्वर ने भाषा शिक्षण कि साप्ताहिक कार्य योजना , रिमीडयल एवं आकलन पर चर्चा की । टीएलएम आधारित प्रेजेंटेशन अध्यापक परशुराम , पूजा , संघ प्रिय राव प्राथमिक विद्यालय रजपुरा , पूजा कम्पोजिट विद्यालय इकनौर , सोनम सिंह प्राथमिक विद्यालय आमहार ने भाषा एवं गणित का किया । अध्यापिका सीमा संखवार ने निपुण गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मनोज कठेरिया , राजू तिवारी , शीलू, रवि प्रकाश , संजीव यादव , शिवम् रंजन, प्रीती यादव, सुकृति दुबे, संतोष कुमार , प्रेम आनंद , अजय, बी आर सी अनुराग, अनूप , पंकज, अजीत एवं इंद्रजीत का सहयोग रहा ।

## बच्चों ने मनाया मीना का जन्मदिन

संवाददाता महेवा, इटावा

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में मीना का जन्मदिन बच्चों ने बड़ी धूमधाम से मनाया ।

उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट दाउदपुर पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को साहसी बालिका मीना और उसके दोस्त मिट्ठू की कहानी सुना कर उससे सीख लेने को कहा । उच्च प्राथमिक विद्यालय नंदगवां में शिक्षिका गरिमा त्रिपाठी ने ब्लैक बोर्ड पर मीना के जीवन परिचय को उकेर कर बच्चों को मीना के बारे में बताया । गरिमा त्रिपाठी ने बच्चों को बताया कि इस सीधी शादी और बुद्धिमान बालिका का जन्म बांग्लादेश के मीरपुर जिले में 24 सितंबर 1884 को हुआ था। मीना की इच्छा पढ़ लिखकर माता-पिता का बोझ कम करने की थी । मगर घर की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण माता-पिता उसे स्कूल नहीं भेज पाते थे। मीना का भाई रोज राजू स्कूल पढ़ने जाता था मीना के घर में मिट्ठू नाम का एक तोता था ।

वह राजू के साथ रोज स्कूल जाकर जो कुछ पढ़ाया जाता था । वह आकर मीना को पढ़ा देता था इस प्रकार मीना की पढ़ाई जारी रही। एक बार गांव के मुखिया ने मीना की बुद्धिमत्ता और साहस को देखकर उसकी पढ़ाई का प्रबंध किया तथा गांव में ही विद्यालय खुलवा दिया। इस प्रकार मीना ने अपनी पढ़ाई पूरी की। भारत सरकार ने मीना के जीवन से प्रभावित होकर शिक्षा के क्षेत्र में बतौर मीना को मॉडल स्थापित कर दिया। कंपोजिट विद्यालय दाउदपुर मे बच्चों ने पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता, कहानी सुनाओ प्रतियोगता व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों को शिक्षकों द्वारा पुरस्कार व मिष्ठान वितरित भी किया गया। कार्यक्रम मे प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में सहायक अध्यापक नेहा सिंह, अंशुल सिंह, मनोज पाण्डेय, निधि कुशवाहा व आदित्य प्रकाश त्रिपाठी का सहयोग रहा।

### स्वच्छता पर हुई क्विज प्रतियोगिता

- **महेवा , इटावा** । स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत ब्लॉक सभागार महेवा में पंचायत सहायकों की स्वच्छता विषय पर एक क्विज प्रतियोगिता हुई। जिसमें पांच दर्जन से अधिक पंचायत सहायकों ने प्रतिभाग किया । एडीओ पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया की देखरेख में तथा खंड प्रेरक स्वच्छ भारत मिशन संतोष कुमार ने सभी पंचायत सहायकों लिखित प्रश्नपत्र देकर लिखित रूप में पेपर हल कराया। स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए सहयोग की अपील की है । वही इस दौरान ऋतिक कुमार ,मनोज दुबे ,राजकुमार आदि मौजूद रहे।

## युवक पर फायर करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- दबंगों ने युवक पर किये थे कई राउंड फायर
- 15-20 अज्ञात युवकों पर दर्ज कराया गया मुकदमा

**अमृत विचार।** कस्बे के कचौरा घाट बाईपास सड़क मार्ग पर सिरहोल नहर पुल के समीप बाइक से जा रहे एक युवक पर दबंगों ने ताबड़तोड़ कई राउंड फायर किए लेकिन युवक बाल बाल बच गया। इस प्रकरण में गांव कैस्त के रहने वाले भानू प्रताप सिंह ने आदित्य उर्फ अंजली यादव पुत्र विनोद यादव, विनीत पुत्र फूलन सिंह निवासी अहीर टोला,अजय उर्फ़ कन्हैया यादव पुत्र रघुनाथ यादव निवासी प्रतापपुरा तीन नामजद सहित 15-20 अज्ञात उसके साथियों पर मुकदमा दर्ज कराया।

बुधवार को सीओ नागेंद्र चौबे के निर्देशन में थाना पुलिस अपराध और अपराधियों की गतिविधियों की रोकथाम के लिए क्षेत्र में भ्रमणशील थी । मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राम सहाय सिंह के नेतृत्व में बस अड्डा चौराहे के पास फव्वारा तिराहे के पास से फायरिंग करने में नामजद आदित्य यादव उर्फ अंजली यादव व दूसरे आरोपी शिवम जाटव को जगसौरा जाने वाले मोड़ के पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस एक खोखा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें जले भेज दिया।

## अंत्याक्षरी में बच्चों ने सुनाईं रचनाएं

कार्यालय संवाददाता,इटावा



भाविप के कार्यक्रम में अंत्याक्षरी सुनाती छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्थानीय नारायण वैंकट हाल में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ने संस्कृति सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत अंत्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की। ख्याति प्राप्त कवि और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. राजीव राज, मुख्य अनुशासन अधिकारी कर्मक्षेत्र महाविद्यालय शिवराज सिंह यादव एवं क्षेत्रीय सचिव विवेक कुलश्रेष्ठ ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का उदघाटन किया। संयोजक अनुराग मिश्र ' असफल ' और निशा गुप्ता ने निर्णायकों का स्वागत किया। आनंद प्रकाश नारायण दुबे ने परिषद् का परिचय प्रस्तुत किया। अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष इंद्र नारायण पांडेय ने की।

प्रतियोगिता के निर्णायक रूप में शिव गोपाल अवस्थी, शिक्षक व कवि सुनील अवस्थी, कवि और रजनीश त्रिपाठी साहित्यकार का योगदान रहा। प्रतियोगिता कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग में आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अतिथियों और निर्णायकों ने उपस्थित लोगों और बच्चों को अपनी उत्कृष्ट रचनाएं सुनाई। रचनाकारों की रचनाओं को काफी सराहा गया। पवन श्रीवास्तव को नये सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई अब मुख्य शाखा सदस्यों की संख्या 135 हो गई।

इस अवसर पर जगदीश प्रसाद पाण्डेय , इन्दु कुलश्रेष्ठ, राजीव लोचन दीक्षित, राज शेखर तिवारी, शैलजा पाठक, हरी शंकर त्रिपाठी, नन्द कुमार यादव और प्रतिभा सिंह, आशा राम मिश्रा, बीके सिंह , ओम नारायण शुक्ला, नरेन्द्र बहादुर सिंह, राजीव अवस्थी, राकेश मिश्रा, विमलेश शर्मा, पुष्पा यादव, ममता दीक्षित, अर्चना मिश्रा , सन्ध्या यादव, करुणा बंसल सहित शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

## चमकाने के बहाने जेवर चुराने वाले 3 गिरफ्तार

**चकरनगर, इटावा** । चकरनगर थाना के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि इसी थाना क्षेत्र में गांव नगला कढ़ोरी में रहने वाली वर्षा देवी ने सूचना दी कि बीते मंगलवार को दोपहर के समय तीन लोगों ने घर पर आकर जेवरात साफ करके चमकवाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करके जेवरात चुरा ले गए। इन तीनों की खोजबीन की गई, सटीक सूचना पर बुधवार अपराह्न सवा बजे तीनों को पकड़ लिया गया। तीनों ने नाम व पता बिहार प्रांत के राजकुमार व दिनेश कुमार तथा विकास बताया। तीनों पर जेवरात, सफाई करने के उपकरण, केमिकल की बोतलें व अन्य सामान बरामद हुए। तीनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है।

## धोखाधड़ी के मामले में दोषी को 3 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता,इटावा

**अमृत विचार।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 24 साल पुराने धोखाधड़ी के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे तीन साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर दस हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार भरथना थाने में वर्ष 2000 में गिरीश नारायण पुत्र नरपाल सिंह निवासी मंदिर दान सहाय के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने छानबीन के बाद उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। मामले की सुनवाई अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में हुई। साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने गिरीश को दोषी पाया और उसे तीन साल की सजा व दस हजार रूपया के अर्थदंड से दंडित किया।

### आर्म्स एक्ट में दोषी को 5 दिन की सजा

**इटावा** । मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने नौ साल पुराने आर्म्स एक्ट के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया और उसे पांच दिन की सजा व 1 हजार रूपया के अर्थदंड से दंडित किया। कोतवाली पुलिस ने वर्ष 2015 में मोहम्मद मुस्तफा पुत्र इसराइल निवासी मस्जिद के पास मोहल्ला छपैटी को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। छानवीन के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने मुस्तफा को दोषी पाया और पांच दिन की सजा व एक हजार रूपया के अर्थदंड से दंडित किया।

## केंद्रीय विद्यालय में जांची गई बच्चों की सेहत

**इटावा।** केंद्रीय विद्यालय में बुधवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया इस शिविर में संयुक्त जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों ने पहुंच कर छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य विनय सिंह के निर्देशन में यह स्वास्थ्य शिविर लगाया गया इसमें संयुक्त जिला चिकित्सालय से डाक्टरों की टीम पहुंची । शिविर में नाक कान गला तथा आंख से संबंधित डॉक्टर पहुंचे थे और उन्होंने छात्र-छात्राओं की नाक कान गले का परीक्षण किया। बुधवार को लगाये गये कैंप में भी छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण के बाद स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई । शिक्षक देवेंद्र कुमार, हरिओम यादव मौजूद रहे।

## महिलाओं ने महालक्ष्मी की पूजा कर मांगा पुत्रों का सुख

संवाददाता महेवा, इटावा



महालक्ष्मी की पूजा करती महिला।

**अमृत विचार।** ग्रामीण अंचलों में महालक्ष्मी व्रत पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। माताओं ने बुधवार को व्रत रखकर मां लक्ष्मी की पूजा आराधना कर अपने पुत्रों की मनौतियां मनाई।

महालक्ष्मी व्रत महाभारत काल से जुड़ा हुआ माना जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि अर्जुन स्वर्ग से ऐरावत हाथी को लेकर आए थे। जिनका पूजन माता कुंती ने किया था । तभी से माताएं पुत्र प्राप्त परिवार की सुख समृद्धि के लिए व्रत रखकर मिट्टी के गजराज की पूजा आराधना करती हैं। क्षेत्र के कस्बा एवं ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा पूर्वक इस पर्व को हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के ग्राम महेवा , बस्ती महेवा ,उझियानी ,बहेड़ा ,अनंतराम,अहेरीपुर आदि जगह पर पूजन हुआ।

## सार-संक्षेप

### घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**उदी, इटावा** । जनपद इटावा के भर्थना निवासी रीना पत्नी रवी प्रकाश 35वर्ष अपने पति के साथ भिंड मायके गई हुई थी। बुधवार को बाइक पर सवार होकर पति पत्नी घर वापस लौट रहे थे कि तभी रास्ते में बढ़पुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पुल की मडैया के पास रीना अचानक बाइक से सड़क पर गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पति ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां रीना की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### जयंती पर याद किये गये पं. दीन दयाल उपाध्याय

**महेवा, इटावा** । भाजपा के पथ प्रदर्शक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती भाजपाइयों ने बड़े ही धूमधाम से मनाई । इस दौरान प्रवासी के रूप में अवनींद्र दुबे मौजूद रहे। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका मीनाक्षी चौहान ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। इसका सदस्य बनना बहुत ही सौभाग्य की बात है। उन्होंने दर्जनों लोगों को 8800002024 पर मिस्ड काल देकर सदस्य बनाया। बूथ 260 के अध्यक्ष कृष्णकांत तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया।

### अधीक्षण अभियंता से की अघोषित विद्युत कटौती की शिकायत

**इटावा** । जिले के महेवा एवं ताखा क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती से ग्रामीण जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। व्यापारियों के साथ साथ किसान भी परेशान है। छोटे छोटे उद्योग बंद हो गये हैं। इन्हीं समस्याओं को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार गौड़ से मिला। प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने कहा कि महेवा, अहेरीपुर, सहित ताखा आदि में मात्र तीन से चार घंटे बिजली मिल रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जाफरपुर विकास खण्ड सैफई-इटावा।**

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत-जाफरपुर/निविदा प्रकाशन/2023-24/ दिनांक 24/09/2024

**निविदा सूचना**

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत जाफरपुर सैफई-इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा/15 वें वित्त / पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद/पी0एफ0एम0एस0 निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने बाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत जफरपुर विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ ठेकेदारों से निविदायें/टेण्डर 26-09-2024 से 03-10-2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 03-10-2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 26-09-2024 से 03-10-24 तक ग्राम पंचायत जाफरपुर सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खेल मैदान की वाउण्ड्रीवाल का निर्माण। | पन्द्रहवां वित्त/ पंचम वित्त | 1,77,189.00 | 3544.00 | 300.00 |
| 2. | प्रा0 विद्यालय से सड़क तक सी.सी. रोड मरम्मत | पन्द्रहवां वित्त/ पंचम वित्त | 2,60,907.00 | 5218.00 | 300.00 |
| 3. | सड़क से उत्तम के घर तक सी.सी. मरम्मत | पन्द्रहवां वित्त/ पंचम वित्त | 1,04,452.00 | 2090.00 | 300.00 |
| 4. | शमशान घाट की वाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त/ पंचम वित्त | 1,77,189.00 | 3544.00 | 300.00 |
| 5. | ओपन जिम स्थापना | पन्द्रहवां वित्त/ पंचम वित्त | 2,00,000.00 | 4000.00 | 300.00 |
| 6. | न0 दरियाव में सड़क से शैलेन्द्र के घर तक CC निर्माण | पन्द्रहवां वित्त/ पंचम वित्त | 2,05,000.00 | 4100.00 | 300.00 |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत जाफरपुर कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

01. अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0-730/33-3-2022-11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी

**ग्राम पंचायत जाफरपुर विकास खण्ड सैफई-इटावा।**

आयोजन — फार्मासिस्ट मीटिंग का ग्लोबल हेल्थ नीड थीम पर हुआ आयोजन

# एसएमजीआई में मनाया गया वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे

कार्यालय संवाददाता, इटावा




फार्मासिस्ट डे की प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एसएमजीआई इटावा के फार्मेसी विभाग में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. उमाशंकर शर्मा ने किया ।

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, उपाध्यक्ष पी के शर्मा एवं कोषाध्यक्ष विशाल कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण किए। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर सहभागिता की। बी फार्मा चतुर्थ वर्ष की छात्रा प्राजंलि शर्मा को प्रथम, बी फार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्र आशुतोष चौहान को द्वितीय तथा बी फार्मा प्रथम वर्ष की छात्रा गौरी को तृतीय पुरस्कार मिला। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे पर अपने-अपने विचार भाषण के माध्यम से बड़ी ही बेबाकी से रखे। जिसमें बी फार्मा द्वितीय वर्ष की छात्रा देवांगी यादव को प्रथम, बी फार्मा प्रथम वर्ष की छात्रा भूमि को द्वितीय व बी फार्मा द्वितीय वर्ष की छात्रा ऋषभ गुप्ता को तृतीय पुरस्कार मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसो. के अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने कहा कि भविष्य में आपको चिकित्सा जगत के इस फील्ड में कई प्रकार की चुनौतियों का सामना भी करना होगा आप कभी भी हिम्मत मत हारना । फार्मासिस्ट विशाल ने भी अपने कार्य अनुभव साझा करते हुए सभी छात्रों को आशीर्वाद स्वरूप सफलता के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। प्रतियोगिता में नर्सिंग कॉलेज की फैकल्टी श्वेता यादव, जयकुमार, हर्षित यादव एवं प्रियंका ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई । एसएमजीआई के चेयरमैन डा विवेक यादव ने सभी छात्र छात्राओं को फार्मासिस्ट दिवस की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।



पुरस्कृत किए गए खिलाड़ियों के साथ प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी। अमृत विचार

### दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, इटावा। सरस्वती इंटर कालेज मोतीझील में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती , भारत माता, ब्रह्मस्वरूप ओम व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के दीप प्रज्जवलन कर किया गया । मुख्य वक्ता विश्वनाथ तिवारी ने पंडित दीनदयाल के जीवन पर प्रकाश डाला। बताया कि उनका मानना था कि हिंदू कोई धर्म या संप्रदाय नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय संस्कृति है। प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादगी भरे जीवन में रहने वाले व्यक्ति थे। मुख्य अतिथि जे के तिवारी ने उनके आदर्शो को बताया तथा देश सेवा की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य श्री शोभाराम तिवारी ने संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में विजेता छात्र छात्राओं को मेडल तथा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया । इस कार्यक्रम में गजेंद्र सिंह सेंगर , अरुण शर्मा, संजय दुबे , अरविंद त्रिपाठी , शैलेश , विश्वनाथ, शिवम, कविता, शांति, अर्चना, गीता, अक्षरा, प्रतिमा भदौरिया , प्रतिमा सेंगर , रिचा, सुवेंद्र जादौन , धर्मेंद्र बाजपेई, रमन व अन्य विद्यालय परिवार रहा ।

# 36 घंटे से बिजली न मिलने से फूटा गुस्सा

## उपभोक्ताओं ने बिजली घर पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए जताया आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता अजीतमल, औरैया



बिजली विभाग के अधिकारी को ज्ञापन देते लोग।



टूटा खड़ा विद्युत पोल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित एक मुहल्ले में बीते 36 घंटों से अंधेरा पसरा है, जिसके चलते मुहल्ले के बाशिन्दों ने बिजली घर पहुंचकर आक्रोश जताया साथ ही अवर अभियंता को ज्ञापन भी सौंपा।

बुधवार की सुबह नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल के मोहल्ला शास्त्रीनगर में 36 घंटे से बिजली आपूर्ति न होने से गुस्साए बिजली उपभोक्ताओं ने बिजलीघर पहुंचकर आक्रोश व्यक्त किया तथा एक प्रार्थनापत्र जेई विजय को सौंपा। वहीं अवर अभियंता ने मौके पर पहुंचकर समस्या का शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

मोहल्ला शास्त्री नगर की बिजली सप्लाई अशोकनगर में रखे 400 केवीए के ट्रांसफार्मर से होती है। सोमवार को आई लाइन में किसी कमी के चलते मोहल्ले के लोगो को बिजली सप्लाई नहीं मिल सकी जिसकी शिकायत मोहल्ले के लोगों ने विद्युत उपकेंद्र पर की, जब लाइन को सही किया गया तभी अशोकनगर में रखा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया और मोहल्ले में पूरी तरह से अंधेरा छा गया जिसकी पुनः शिकायत करने पर मंगलवार की शाम ट्राली मोबाइल ट्रांसफार्मर रखवा दिया गया लेकिन वह भी कामयाब नहीं हो सका लाइन में फाल्ट होने के चलते विद्युत आपूर्ति नहीं हो सकी। पूरी रात्रि अंधेरे में रहे बिजली उपभोक्ताओं का बुधवार की सुबह गुस्सा फूट पड़ा और मोहल्ले के करीब पचास लोग अजीतमल स्थित बिजली घर पहुंच गए तथा बिजली न आने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंचे अवर अभियंता विजय को एक लिखित प्रार्थनापत्र देते हुए अशोकनगर से दूरी अधिक होने के चलते आए दिन बिजली की समस्या से निजात दिलाए जाने के लिए सूर्यनगर स्थित ट्रांसफार्मर से मोहल्ले की बिजली सप्लाई किए जाने की मांग की। जेई विजय ने सभी उपभोक्ताओं को आश्वासन दिया की शीघ्र ही समस्या का समाधान कर बिजली सप्लाई की जायेगी।

### सरकारी स्कूल के सामने टूटा पड़ा है विद्युत पोल

**ककोर, औरैया।** जनपद औरैया ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम जौरा के सरकारी स्कूल के पास लगा बिजली का पोल लगातार बारिश व आंधी के कारण पेड़ गिरने से टूट गया था। एक सप्ताह से अधिक समय हो चुका है लेकिन बिजली विभाग द्वारा पोल को नहीं बदला गया। गांव के लोगों का कहना है यहीं से आसपास के गांव के लोगों को औरैया जाने के लिए जाना होता है और उसी रास्ते में पोल लटका हुआ है कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है जानकारी के बावजूद भी बिजली विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। दिन भर स्कूल के बच्चों का आना-जाना लगा रहता है कभी भी कोई हादसा बच्चों के साथ भी हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग को भी जानकारी दी गई लेकिन अभी तक बिजली विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों ने इस समस्या का समाधान नहीं किया है, जबकि टूटा हुआ बिजली का पोल हवा में झूल रहा है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है वहीं विभाग के जिम्मेदार मामले को नजरअंदाज कर रहे हैं।

# एमबीबीएस के पहले बैच में 6 विद्यार्थियों ने लिया दाखिला

कार्यालय संवाददाता औरैया



प्राचार्य के साथ एडमीशन लेने वाले छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) की तरफ से 100 सीटों की मंजूरी मिलने के बाद अब चिचौली स्थित मेडिकल कालेज में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। मंगलवार को एमबीबीएस के पहले बैच में छह विद्यार्थियों ने दाखिला ले लिया। आने वाले दिनों में और दाखिले होंगे। नीट की आल इंडिया काउंसिलिंग में 15 विद्यार्थियों को मेडिकल कालेज अलाट हुआ था।

गांव चिचौली और सेहुद में मेडिकल कालेज के भवन बनकर तैयार हो चुके हैं और भवन हस्तांतरण की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। साथ ही एनएमसी की तरफ से कुछ दिनों पहले 100 सीटों की मंजूरी मिली थी। जिसके बाद नीट की आल इंडिया काउंसिलिंग के दौरान 15 विद्यार्थियों को मेडिकल कालेज अलाट हुआ है। जिसके बाद एमबीबीएस में दाखिला शुरू हो गए है। मंगलवार को छह विद्यार्थियों में तीन विद्यार्थी राजस्थान, एक यमुना नगर हरियाणा, एक दिल्ली और एक गुरुग्राम ने प्रवेश के लिए अपने दस्तावेज जमा कर दिए है। अभी 27 तक आल इंडिया काउंसिलिंग के प्रवेश प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद राज्य काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रवेश को लेकर मेडिकल कालेज प्रबंधन ने संजीव दवे के नेतृत्व में कमेटी बनाई है। जो विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया पूरी करवा रही है। दो महीने पहले मेडिकल कालेज के दोनों भवनों का नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) की तीन सदस्यीय टीम ने दौरा किया था। जिसमें उन्होंने लैब, भवन और फैकल्टी से संबंधित पूरी जानकारी ली थी। लेकिन फैकल्टी पूरी न होने के चलते एनएमसी ने मान्यता के लिए मंजूरी नहीं दी है। संसाधन जुटाने के बाद फिर से मान्यता के लिए अपील की लेकिन फैकल्टी पूरी न होने के चलते एनएमसी ने फिर से मान्यता नहीं दी थी। जिसके बाद मेडिकल कालेज प्रबंधन ने फैकल्टी की भर्ती की और अब मेडिकल कालेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।

# विपक्ष ने दलित वर्गों को हानि पहुंचाई

कार्यालय संवाददाता,औरैया

● केंद्रीय राज्यमंत्री ने प्रेस वार्ता कर विपक्ष के आरक्षण विरोधी इतिहास को किया उजागर



वार्ता करते केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल।

**अमृत विचार।** बुधवार को केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने बीजेपी जिला कार्यालय तुर्कीपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विपक्ष के आरक्षण विरोधी इतिहास को उजागर किया।

उन्होंने बताया कि कैसे विपक्ष ने आरक्षण का विरोध कर समाज के पिछड़े और दलित वर्गों के हितों को हानि पहुंचाई है। प्रो. बघेल ने यह भी कहा कि भाजपा हमेशा से आरक्षण के पक्ष में रही है । इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने विपक्ष की नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए और भाजपा की समर्पित नीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की राहुल गांधी ने अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा के दौरान कहा की वह आरक्षण हटा देंगे ये वही धुन है जो राहुल गांधी का परिवार नेहरु के जमाने से गाता आ रहा है। कांग्रेस पार्टी ने 57 वर्षो तक देश पर शासन किया लेकिन इस दौरान उसने अपने राजनीति उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रकियाओ का दुरुपयोग किया । उन्होंने कहा की कांग्रेस ने अपनी सरकारों में कभी भी बाबा साहेब का चित्र संसद में नहीं लगने दिया न ही उन्हें कभी भारत रत्न देने का विचार किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के प्रयास से ही 1990 में बाबा साहब डॉ. आंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने 2017 में अनुसूचित जाति पर अध्ययन,अनुसंधान ,विश्लेषण और नीति निर्माण करने के लिए डॉ. आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की थी । प्रेस वार्ता से पूर्व भाजपा जिला कार्यालय में प्रथम आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता,जिला महामंत्री कुलदीप दुबे,जिला मंत्री राहुल गुप्ता ,सोनू सोनी,अमर चंद्र राठौर, ,विशाल शुक्ला,कार्तिक गुप्ता आदि ने मालार्पण ,पट्टिका , स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। जिला कार्यालय से केंद्रीय राज्यमंत्री औरैया में स्थित गुलाब महाविघालय में भाजपा सदस्यता अभियान में हिस्सा लिया।

# बाइक की टक्कर से वृद्धा गंभीर

**फफूंद औरैया।** कस्बा में तेज रफ्तार बाइक सवार ने घर के बाहर खड़ी बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गई। स्वजन उनको अस्पताल ले गये जहां से कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया है। कस्बा के मोहल्ला बाबा का पुरवा निवासी कृष्ण देवी पत्नी नवाब सिह यादव का घर अछल्दा मार्ग पर रोड के किनारे स्थित है। बुधवार की दोपहर को घर के बाहर खड़ी थीं, तभी अछल्दा चौराहा की तरफ से तेज रफ्तार बाइक सवार आया और घर के बाहर खड़ी बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी जिससे वह दूर जाकर गिरी। बाइक सवार बाइक छोड़ कर मौके से भाग गया। स्वजनों के देखने पर वह प्राइवेट अस्पताल लेकर गये जहां पर उनकी गम्भीर स्थिति को देखते हुये डॉक्टरों ने कानपुर के लिए रिफर कर दिया है।

# गेल के फायर एंड सेफ्टी विभाग ने की मॉकड्रिल

कार्यालय संवाददाता औरैया



मॉकड्रिल को संबोधित करते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खानपुर गांव में बनी टैंकर पार्किंग में गेल इंडिया लिमिटेड पाता, जिला प्रशासन, कारखाना निदेशालय, डिस्ट्रिक्ट क्राइसिस ग्रुप एवं म्युच्वल ऐड पार्टनर के सहयोग से आफ़साइड इमरजेंसी प्लान का रिहर्सल (मॉकड्रिल) किया गया। मॉकड्रिल में एम.एफ.ओ टैंकर एवं एल.पी.जी टैंकर के बीच भिड़ंत दिखाया गया, भिड़ंत के कारण एम.एफ.ओ टैंकर के बॉडी से एम.एफ.ओ का रिसाव होने लगा और एम.एफ.ओ एवं एल.पी. जी टैंकर के चालक को गंभीर चोटें आई।

रिसाव के कारण एम.एफ.ओ आसपास के नालियों में फैल गया एवं कुछ ही समय बाद पास के दुकान में बैठे व्यक्ति ने सिगरेट जलाई जिससे कि ज्वलन श्रोत मिलते ही एम.एफ.ओ में आग लग गई। सूचना मिलते ही गेल पाता प्लांट में इमरजेंसी साइरन बजा दिया गया और कुछ मिनटों के अंदर ही गेल पाता प्लांट से आग बुझाने की गाड़ियां घटना स्थल पर पहुंच गई। कुछ ही देर बाद एनटीपीसी से भी दमकल की गाड़ियों ने पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। घटना स्थल पर तुरन्त पानी एवं फोम का प्रयोग किया गया जिससे आग पर नियंत्रण पाया गया। तत्पश्चात रिसाव को रोकने के लिए MFO टैंकर पर लीक अरेस्टिंग किट का प्रयोग कर रिसाव को सफलतापूर्वक रोका गया। टैंकर चालकों सहित अन्य एक घायल व्यक्ति को तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। इस मॉकड्रिल में गेल इंडिया लिमिटेड पाता, जिला प्रशासन, डिस्ट्रिक्ट क्राइसिस ग्रुप, एस.डी.आर.एफ एवं म्युच्वल ऐड पार्टनर के सैकड़ों कर्मियों ने भाग लिया। मॉकड्रिल में मुख्य रूप से जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर, अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह, सहायक निदेशक कारखाना, कानपुर सचिन कुमार यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा, गेल पाता के कार्यकारी निदेशक अजय त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष (अ.एवं.सं), गेल पाता रवि शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी तेज वीर सिंह, फायर सर्विस औरैया, थानाध्यक्ष, पाता चौकी इंचार्ज सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। ऑफ साइट मॉक ड्रिल के उपरांत समीक्षा बैठक समापन हुई एवं मॉक ड्रिल को संतोषजनक बताया गया।

# औषधि निरीक्षक के छापे से मचा हड़कंप

संवाददाता बिधूना,औरैया

**अमृत विचार।** औषधि निरीक्षक के छापे की भनक लगते ही बिधूना कस्बे के अधिकांश मेडिकल स्टोर धड़ाधड़ बंद हो गए और उनके संचालक रफूचक्करहो गये, जिससे मरीजों को आवश्यक दवाएं लेने में काफी दिक्कतें उठानी पड़ीं। हालांकि खुले मिले कुछ मेडिकल स्टोरों पर जांच पड़ताल के बाद औषधि निरीक्षक द्वारा नमूने भी लिए गए हैं। बुधवार को औषधि निरीक्षक औरैया ज्योत्सना आनंद द्वारा बिधूना नगर में मेडिकल स्टोरों की जांच पड़ताल किए जाने की भनक लगते ही अधिकांश मेडिकल स्टोर संचालक ने दुकानें बंद कर दी।

हालांकि खुले मिले मेडिकल स्टोरों पर औषधि निरीक्षक ज्योत्सना आनंद द्वारा दवाओं के नमूने भी लिए गए। इस जांच पड़ताल के दौरान कस्बे के शिवम मेडिकल स्टोर पर नमूने लिए गए व दुर्गा मेडिकल स्टोर पर बिलों में गड़बड़ी आदि पाई गई वहीं संजीव मेडिकल स्टोर पर भी जांच पड़ताल की गई। औषधि निरीक्षक की जांच पड़ताल के दौरान अधिकांश मेडिकल स्टोर संचालक छापे के डर से भयभीत रहे। ज्यादातर मेडिकल स्टोरों के बंद रहने के कारण मरीजों को आवश्यक दवाएं लेने में काफी दिक्कतें उठानी पड़ी। बाद में औषधि निरीक्षक के वापस चले जाने की जानकारी मिलने पर मेडिकल स्टोर संचालकों ने राहत की सांस लेते हुए शाम को मेडिकल स्टोर खोले जिससे मरीजों को आवश्यक दवाएं मिल सकी। औषधि निरीक्षक ज्योत्सना आनंद ने बताया है कि दवाओं की बिक्री व खरीद बिक्री के बिलों की गड़बड़ी आदि को लेकर छापेमारी की गई है कहीं बिलों की गड़बड़ी मिली है।

# जिले में डेंगू की हुई शुरूआत, 5 मरीज मिले

बुखार का प्रकोप

कार्यालय संवाददाता,औरैया



100 शैय्या अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में डेंगू ने दस्तक दे दी है। अब तक 5 डेंगू से संक्रमित मरीज मिल चुके हैं, जिससे लोगों में डेंगू के प्रति भय व्याप्त हो रहा है। डेंगू मिलने के बाद भी साफ-सफाई न होने से उनके सामने परेशानियां बढ़ गई हैं। इसमें दो संक्रमित शहर और तीन ग्रामीण क्षेत्र के हैं और अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ देखी गई।

जिले में बारिश के बाद से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। औरैया नगर पालिका के ब्रम्हनगर मोहल्ले में एक डेंगू मरीज मिलने से हड़कंप मच गया है। मच्छर के हमले से डेंगू के केस बढ़ रहे हैं। इसके पीछे साफ सफाई का अभाव और समय-समय से फॉगिंग नहीं होना और एंटी लार्वा का छिड़काव नहीं होना बताया जा रहा है। गंदगी के बीच लोग जीवन यापन कर रहे हैं। जहां डेंगू का खतरा अधिक है उनमें औरैया का ब्रह्मनगर, बनारसी दास, गोविंद नगर, नारायणपुर आदि शामिल है। इसके बावजूद जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं। पिछले साल इन सभी जगह पर डेंगू के मरीज भी मिल चुके हैं। हालांकि इस बार डेंगू की स्पीड कम बताई जा रही है। क्योंकि पिछले साल जिले में 204 डेंगू के मरीज मिले थे। इस वर्ष 20 सितंबर को औरैया के ब्रह्म नगर मोहल्ले में एक डेंगू का मरीज पाया गया है। इसके बाद से स्वास्थ्य महकमा अलर्ट हो गया है।

नोडल अधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि इस बार डेंगू के मरीज कम मिल रहे हैं। क्योंकि तापमान अधिक होने से डेंगू के मच्छर जीवित नहीं रह पा रहे हैं।

उन्होंने लोगों से साफ सफाई रखने और घर में कहीं भी पानी एकत्र न करने की अपील की है। इपिडर्मियोलाजिस्ट डॉ. सरफराज अंसारी ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। छत पर पानी जमा न होने दें, क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। डेंगू के लक्षणों में बुखार, सिर दर्द, पेट में मरोड़, उल्टी कमजोरी और चक्कर आना शामिल है। अगर 2 दिन के भीतर आराम न मिले तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं। अब तक डेंगू के बुखार के पांच केस जिले में मिल चुके हैं। पहला केस बिधूना में मिला था। दूसरा बांधमऊ बेला में और तीसरा बेरीधनकर अजीमल में चौथा एनटीपीसी दिबियापुर में और पांचवा केस औरैया के ब्रम्हनगर मोहले में मिला है।

बुधवार सुबह से ही 100 शैय्या अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ रही। दोपहर तक 400 नए मरीजों के पर्चे बन चुके थे। अस्पताल की ओपीडी मरीजों से फुल थी। मरीजों को कड़ी मशक्कत करके डॉक्टर को दिखाना पड़ा। इसके बाद दवा लेने के लिए भी खासी दिक्कत हुई।

## सार-संक्षेप

### करोड़ों रुपये के गबन में शाखा मालिक समेत दो पर मुकदमा

**अछल्दा,औरैया।** सिम्बॉयसिस क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी ने तत्कालीन मालिक द्वारा षड्यंत्र एवं बेईमानी की नियत से खाताधारकों के साथ धोखाधड़ी कर रुपये के गबन के मामले में तत्कालीन शाखा मालिक समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। कस्बा के नहर बाज़ार सिम्बॉयसिस क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी स्थित रविन्द्र सिंह गौर की तहरीर पर पुलिस ने शाखा मालिक यशपाल सिंह व उनके बड़े भाई आसुतोष सिंह पुत्रगण रामनरेश सिंह निवासी नहर बाज़ार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहरीर के अनुसार 2021 से 2023 तक षड्यंत्र एवं बेईमानी करके करोड़ों रुपये उपभोक्ता का लेकर फरार हो गए और वे लोग करोड़ों रुपये की कानपुर में प्रॉपर्टी लेकर आराम से रह रहे हैं। थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### माड़ा गैंग के सदस्यों ने युवक पर किया फायर , गंभीर

**औरैया।** बुधवार को अपराह्न सदर कोतवाली के अंतर्गत आने वाले गांव राहतपुर क्योंटरा निवासी आयुष मिश्रा 25 वर्ष किसी काम से अपने चाचा सतेंद्र मिश्रा के घर जा रहा था। अभी वह घर से कुछ ही दूरी पर पहुंचा ही था कि माड़ा गैंग के सदस्यों ने युवक को घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार गैंग के सदस्यों ने युवक पर जान से मारने की नियत से एक के बाद छह फायर कर दिये। जिसमें तीन गोलियां आयुष को लगीं। इसके साथ ही असलहा की बट से सिर पर प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दो गोलियां पीछे पीठ पर और एक गोली कंधे पर लगने से वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। इससे पहले कि गांव के लोग या युवक के परिजन कुछ कर पाते हमलावर माड़ा गैंग के 12 से अधिक सदस्य मौके से फरार हो गये। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इधर घायल युवक को लेकर परिजन जिला अस्पताल औरैया पहुंचे। जहां डॉक्टर ने घायल आयुष की हालत को गंभीर बताते हुए कानपुर रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी भूपेंद्र सिंह राठी ने घायल युवक व परिजनों से पूछताछ की। इसके साथ ही सीओ सिटी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने भी घटना का जायजा लिया।

### एसडीएम ने सुबह नगर भ्रमण कर देखी साफ- सफाई

**अजीतमल,औरैया।** कस्बे में आ रही लगातार सफाई की शिकायतों को लेकर बुधवार को उपजिलाधिकारी ने संज्ञान लेकर सुबह नगर भ्रमण कर नगर में सफाई व्यवस्था को परखा साथ ही खामियां मिलने पर सख्ती दिखाते हुए कर्मचारियों को भी सफाई के निर्देश दिए। बुधवार को उपजिलाधिकारी अमित तिवारी ने नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए सुबह से ही नगर में भ्रमण कर साफ सफाई की हकीकत को परखा साथ ही नगर में कूड़ा व गन्दगी देख सम्बन्धित कर्मचारियों को सफाई के लिए कड़े निर्देश दिए।

### नशेबाजी में एक युवक ने दूसरे युवक को मारा चाकू, मौत

**अजीतमल, औरैया।** क्षेत्र के गांव दलेलनगर में दो युवक नशे की हालत में एक दूसरे से भिड़ गए जिसमे एक युवक ने दूसरे को चाकू मार दिया। चाकू लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी अजीतमल पहुंचाया जहां से हालत गंभीर रहने पर घायल को सैफई रेफर कर दिया गया। सैफई ले जाते समय रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि आरोपी युवक को पुलिस ने मौके से हिरासत में ले लिया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के दलेल नगर निवासी मोहसिन का पड़ोसी नूर आलम से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ते बढ़ते मारपीट तक पहुंच गया। इसी बीच मोहसिन के हाथ में कहीं से एक चाकू लग गया। उसने चाकू का वार नूर आलम के पीछे से दांए कंधे के नीचे कर दिया। जिससे नूर आलम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी अजीतमल पहुंचाया जहां से उसे सैफई रेफर कर दिया गया। रास्ते में युवक की मौत हो गई। जबकि आरोपी युवक को पुलिस ने मौके से ही हिरासत में ले लिया।

### युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**अछल्दा,औरैया।** दिल्ली हावड़ा रूट पर सुबह एक ट्रेन को देखकर एक युवक ट्रैक खड़ा हो गया, जिससे उसके शरीर के चीथड़े उड़ गए। घटना के बाद युवक के शव के टुकड़े रेलवे ट्रेक पर बिखरे नजर आए। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दिल्ली हावड़ा रूट पर सुबह 9 बजे करीब युवक ट्रेन को आते देख अचानक रेलवे ट्रेक के बीचो बीच खड़ा हो गया और सियालदाह से बड़ोदरा जा रही ट्रेन ने उसे जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे युवक के शव में परखचे उड़ गए घटना के बाद चालक ने इमर्जेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक लिया वहीं घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई युवक की शिनाख्त अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम भदौरियन पुर्वा का निवासी ब्रजेन्द्र 22 पुत्र वीरेंद्र के रूप में हुई।

**चौपाल** विधायक गुड़िया कठेरिया ने बरौआ गांव में लगाई चौपाल, समस्याओं को सुनकर विकास कराने का दिया आश्वासन

# विधायक के सामने खुला शिकायतों का पुलिंदा

संवाददाता फफूंद,औरैया





चौपाल को संबोधित करतीं सदर विधायक गुड़िया कठेरिया। निस्तारण बैठक में मौजूद जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व अन्य।

**अमृत विचार।** ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत बरौआ में चौपाल आयोजित की गई, जिसमें सदर विधायक और ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उसके निस्तारण का भरोसा दिया ।

ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत बरौआ में ग्राम प्रधान द्वारा आयोजित चौपाल में मौजूद भाजपा सदर विधायक गुड़िया कठेरिया से ग्राम प्रधान सुशीला पांडे ने ग्रामीणों की परेशानियों का हवाला देते हुए पंचायत घर से झाबर पुरवा तक संपर्क मार्ग बनवाने और गांव में प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर लाइट लगवाने की मांग की विधायक ने जल्द ही इस कार्य को पूरा करने का भरोसा दिया। क्षेत्र पंचायत सदस्य अरविंद दोहरे ने दौलतपुर बंबा से बरौआ तक संपर्क मार्ग बनवाने की मांग की। ग्रामीण चंद्र शेखर तिवारी ने शिकायती पत्र देकर बताया की बिना कोई सुबूत बिजली विभाग ने उन पर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया जिससे वह और उनका परिवार मानसिक रूप से परेशान है, जिस पर विधायक ने इसकी जानकारी एसडीएम को देकर गलत लिखाए गए मुकदमे का निस्तारण कराने को कहा। गांव निवासी गोविंद मिश्रा,राकेश अग्निहोत्री,अमित तिवारी,रतन तिवारी आदि किसानों ने शिकायती पत्र देकर बताया की उन लोगों को सिर्फ एक दो किस्त किसान सम्मान निधि की मिली उसके बाद किस्तें आना बंद हो गई तमाम बार कागजी कार्रवाई भी पूरी कर दी है लेकिन किस्त नहीं आ रही है विधायक ने जल्द ही इसके निस्तारण का भरोसा दिया।

गांव निवासी लल्ला तिवारी,अशोक तिवारी, विनोद कुशवाह, सौरभ अग्निहोत्री, राम सरोवर ने गांव के प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प कराने की मांग की। चौपाल को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा की केंद्र और प्रदेश सरकार तमाम कल्याणकारी योजनाएं चला रही है प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव पात्रों को इसका लाभ दिलाएं इसमें कहीं दिक्कत आ रही हो तो उनको जानकारी दें हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए वो पूरी कोशिश करेंगी साथ ही गांव में संपर्क मार्ग अन्य विकास कार्य भी होंगे। इस दौरान मनोज पांडे, राहुल पांडे व अन्य लोग रहे।

### नियमानुसार व समयबद्धता के साथ करें कार्रवाई :जिलाधिकारी

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में अत्याचार उत्पीड़ित अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को आर्थिक सहायता एवं पुनर्वास योजना अंतर्गत पात्र व्यक्तियों के लिए अनुदान स्वीकृत हेतु कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न पत्रावलियों को जांचकर संबंधितों को निर्देश दिए कि उत्पीड़न के मामलों में नियमानुसार समयबद्धता के साथ ठोस कार्रवाई करें जिससे पात्र पीड़ितों को समय से आर्थिक सहायता प्रदान की जा सके। बैठक में कुल 33 मामलों को प्रस्तुत किया गया जिसमें से 32 का निस्तारण करते हुए पीड़ितों को लाभ दिलाने तथा एक मामले को पुन: परीक्षण हेतु भेजे जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र पाल सिंह, सीओ सिटी एमपी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी इन्द्रा सिंह सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

### मुकदमे की निष्पक्ष जांच के लिए डीएम से मिले प्रधान

**फफूंद,औरैया।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत आमपुर के ग्राम प्रधान पर चुनावी रंजिश रखने वाले लोगों ने न्यायालय के आदेश से मुकदमा दर्ज करा दिया है। जिसको लेकर तीस से अधिक प्रधान जिला अधिकारी से मिले और उन्हे एक प्रार्थना पत्र देकर प्रधान को निर्दोष बताते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। बुधवार को प्रधान संगठन के भाग्यनगर ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार सिंह के नेतृत्व में ग्राम प्रधान आमपुर दिनेश कुमार नायक तीस से अधिक प्रधानों के साथ जिला अधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी से मिले और उन्हे एक प्रार्थनापत्र सौंपते हुए बताया की ग्राम पंचायत आमपुर के प्रधान से गांव निवासी कुछ लोग रंजिश रखते हैं यह लोग प्रधान के घर में घुसकर हमला भी कर चुके हैं जिसका मुकदमा भी फफूंद थाने में दर्ज है। उक्त लोग प्रधान पर समझौता का दबाव बना रहे थे, जिसके लिए प्रधान ने मना किया तो उक्त लोगों ने दबाव बनाने के लिए थाने में फर्जी मुकदमा लिखाने की कोशिश की सफलता न मिलने पर माननीय न्यायालय से मुकदमा दर्ज करा दिया। प्रधानों ने मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराए जाने की जिला अधिकारी से मांग की जिस पर डीएम. निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। ग्राम प्रधानों ने जिला अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत भी किया।

# फसल लूट में महिला समेत 6 पर डकैती की रिपोर्ट

## औंग थाना क्षेत्र के आशापुर बेनीखेड़ा में बटाईदारों के घर में घुसकर फसल लूटने का है आरोप

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- कानपुर जाजमऊ थाना क्षेत्र के डिफेंस कालोनी निवासी युवक ने लिखाई रिपोर्ट
- आरोपियों में 65 साल की बुजुर्ग महिला भी, पुलिस ने घटना पर जताया था संदेह

**अमृत विचार।** बटाईदारों के घर में घुसकर 60 कुंतल फसल लूटने का महिला समेत छह पर डकैती का पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामला कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया गया है।

कानपुर जाजमऊ थाना क्षेत्र के डिफेंस कालोनी निवासी रिजवान उल्लाह ने बताया कि उनकी औंग थाना क्षेत्र के आशापुर बेनीखेड़ा में भूमि है। भूमि की देखभाल बटाईदार सुधा देवी पत्नी कैलाश निषाद व सुरेश निषाद करते हैं। कानपुर डोमनपुर अलावलखेड़ा निवासी रतन सिंह, कंसपुर गुगौली गांव की संतोष कुमारी भूमि पर विवाद पैदा कर रंगदारी मांगते हैं। रंगदारी नहीं देने पर रतन सिंह, संतोष कुमारी व चार अन्य लोग 12 मई को बटाईदार के घर ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। डरा धमकाकर ट्रैक्टर में उसका 60 कुंतल गेहूं लूट ले गए है। विरोध करने पर बटाईदारों को जातिसूचक शब्द बोलकर गाली गलौज की। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि आरोपियों में संतोष कुमारी 65 साल की बुजुर्ग हैं। घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। दोनों पक्षों के बीच फसल व अनाज बटवारे का विवाद था। न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना की जा रही है।

### गोकशी, लूट, चोरी के दस आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**फतेहपुर।** तीन थानों की पुलिस ने अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए दस कुख्यातों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। आरोपियों के खिलाफ काफी संख्या में विभिन्न अपराधों के मुकदमे दर्ज हैं। हथगाम पुलिस ने गोकशी की कई घटनाओं को अंजाम देने वाले गौरा गांव के अच्छन कुरैशी और उसके पुत्र जावेद कुरैशी व कसीम कुरैशी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। गैंग का लीडर अच्छन कुरैशी है। पिता पर छह व पुत्र पर पांच गोकशी समेत अन्य मामले दर्ज हैं। इधर, सदर कोतवाली पुलिस ने चोरी, लूटपाट के मामले में जहानाबाद थाने के कस्बा कोड़ा सलवाती मोहल्ला निवासी राशिद खान, चांदपुर थाने औरा निस्फी निवासी नीरज कुमार, कौशांबी जिला मोहब्बतपुर पइंसा थाना रमसाहीपुर निवासी अभिजीत पांडेय, जहानाबाद लालूगंज के सराफ गणेश सोनी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। गैंग का लीडर दस मुकदमों का आरोपी राशिद खान है। सुल्तानपुर घोष पुलिस ने लूट के आरोपी आरामपुर बसई निवासी दिलशाद, खागा कोतवाली के बरकतपुर निवासी रुपचंद्र उर्फ ललित, घोष थाने के सिमौरी निवासी अंकित पासवान के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। गैंग का लीडर दिलशाद है।

**अवैध मौरंग खनन में तीन के खिलाफ गैंगस्टर: फतेहपुर।** खखरेरू पुलिस ने आर्थिक लाभ के लिए संगठित अपराधों को अंजाम देने वाले तीन शातिरों के खिलाफ डीएम की अनुमति के बाद गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। खखरेरू थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार राव ने बताया कि क्षेत्र के कोट निवासी कल्लू गैंग का लीडर है। गैंग के सदस्य ओरहा निवासी साहब उर्फ सहाबुद्दीन, कोट निवासी आदिल उर्फ अदू हैं। इनका संगठित गिरोह है। आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए अवैध शस्त्र फैक्टरी संचालन, खनन, शस्त्रों की तस्करी करते हैं। चंदनमऊ रोड के किनारे कल्लू को साथियों संग 18 मई 2022 को ट्यूबवेल की कोठरी में शस्त्र निर्माण करते पकड़ा गया था। गैंगलीडर ने यमुना नदी से अवैध मौरंग खनन कर डंप लगाया था। डंप 11 मई 2023 को पकड़ा गया था। खनिज विभाग की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था। दोनों ही मामलों में कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। गैंग लीडर मोहम्मद सफी आर्थिक लाभ के लिए सदस्यों के सहयोग से अपराध करता है। इन पर अंकुश लगाने के लिए गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

### व्यापारी व फैक्टरी कर्मी से लूट

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर व्यापारी और फैक्टरी कर्मी को बाइक सवार बदमाशों ने पीटकर लूटा है। पुलिस घटनाओं की जांच में जुटी है। बकेवर क्षेत्र के बिझौली गांव निवासी अशोक गुप्ता किराना व्यापारी है। वह कुड़नी मंदिर से रात को घर आ रहे थे। तिवारीपुर पुलिया के पास बाइक सवार तीन लोगों ने बाइक में लात मारकर गिरा दिया। उसके साथ मारपीट की और जेब से दो हजार रुपये व मोबाइल छीनकर भाग निकले। उधर, पधारा गांव निवासी दिरगज कोरी चौडगरा में फैक्टरी कर्मी है। वह रात आठ बजे साइकिल से घर जा रहा था। बैरागीखेड़ा के पास बाइक सवार बदमाशों ने उसकी जेब से पांच सौ रुपये छीनकर भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक कांति सिंह ने बताया कि घटनाओं की जांच की जा रही है।

## किशोरी को अगवा करने में तीन सगे भाइयों पर रिपोर्ट

**फतेहपुर।** धाता क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले लापता किशोरी के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कौशांबी जनपद के उमरा थाना मंझनपुर निवासी सुनील कुमार उनकी पुत्री से मोबाइल पर बातचीत करता था। युवक को समझाने का प्रयास किया तो उसने पुत्री के साथ जबरन विवाह करने की धमकी दी। मंगलवार की शाम पुत्री जंगल गई थी जहां सुनील कुमार अपने भाई राजू व अनिल के साथ वाहन लेकर खड़े थे। पुत्री को जबरन गाड़ी में बिठाकर तीनों भाई फरार हो गए। खोजबीन के बाद भी पुत्री का कहीं पता नहीं चला। देर रात को सुनील का फोन आया जिस पर उसने कहा कि तुम्हारी बेटी हमारे पास है। कहीं शिकायत की तो उसे जान से मारकर फेंक देंगे। फोन पर पुत्री के चीखने की आवाजें आ रही थी। अगले दिन बुधवार को सुनील के घर पहुंचे। उसके भाई राजू व अनिल ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### पार्लर संचालिकाओं ने सीखी मेकअप की नई तकनीक

**फतेहपुर।** मेक ओवर बाई आरएम संचालिका रेशम मेहरोत्रा की ओर से एक दिवसीय इंटरनेशनल सेमीनार का आयोजन शहर के वीआईपी रोड स्थित एक होटल में किया गया जिसमें रेशम मेहरोत्रा ने वाटर प्रूफ मेकअप के बारे में जानकारी दी। सेमीनार में प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशांबी, बांदा सहित फतेहपुर जिले की 120 पार्लर संचालिकाओं ने हिस्सा लेकर मेकअप की नई तकनीकियों को सीखा।



मेकअप की नई तकनीक सिखातीं रेशम मेहरोत्रा।

रेशम मेहरोत्रा ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाना व उनमें हुनर प्रदान करके रोजगार से जोड़ना उनका कर्तव्य है। ताकि अपने हुनर से जनपद का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर दीपक मेहरोत्रा, लखनऊ से संजना, शाजिया, कर्ति, प्रीति सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

### युवती के साथ गैंगरेप में तीन को आजीवन कारावास

**हमीरपुर।** सत्रह वर्ष पूर्व चार लोगों ने घर में घुसकर दलित युवती के साथ सामूहिक गैंगरेप के मामले में विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी) एसके खरवार ने तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 67-67 हजार जुर्माने लगाया है। विशेष लोक अभियोजक (एससी/एसटी) विजय सिंह ने बताया कि सुमेरपुर थाने में 4 फरवरी 2007 को एक गांव के दलित ने तहरीर देकर बताया कि वह सुमेरपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में उसका परिवार रहता है। जबकि वह चंडीगढ़ में रहकर राजगिरि का काम करता है। 2 फरवरी 2007 की देर रात 12 बजे जब उसकी पत्नी व बच्चे घर में सो रहे थे। तभी गांव में रहने वाला शंभू कुशवाहा जो कि पतारा (कुरारा) का निवासी है अपने तीन साथियों के साथ असलहों से लैस होकर छत के रास्ते उसके घर के अंदर कूदा। आहट पर उसकी पत्नी व बच्चे जाग गए। पत्नी ने जब दरवाजा खोलकर बाहर देखने का प्रयास किया तो सभी अंदर घुस आये और उसकी पत्नी को तमंचे की नोक पर बंधक बनाकर चारों ने उसकी पुत्री के साथ गैंगरेप किया। इसके बाद मुख्य दरवाजा खोलकर चले गए। 3 फरवरी को पत्नी ने फोन से सूचना दी। पुलिस ने शंभू कुशवाहा व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मामले में बुधवार को विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी) एसके खरवार ने गैंगरेप के आरोपी शंभू कुशवाहा, भागवली उर्फ अजय पाल व बब्लू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 67-67 हजार अर्थदंड लगाया। पीड़िता को बतौर प्रतिकर 1 लाख रुपये देने का आदेश किया। जबकि चौथे आरोपी गौरीशंकर की दौरान मुकदमा सुनवाई मौत हो चुकी है।

### बिजली का पोल गिरने से अधेड़ किसान की मौत

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के अहिंदा गांव में 50 वर्षीय किसान जागेश्वर के ऊपर बिजली का खंबा गिर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना मंगलवार रात करीब आठ बजे हुई, जब कुछ लोग गर्मी से बचने के लिए पीपल के पेड़ के नीचे बैठे थे, जिसमें जागेश्वर भी शामिल थे। बताया जा रहा है कि अचानक पीपल के पेड़ की एक डाल टूटकर बिजली की तार से टकरा गई, जिसके कारण बिजली का खंबा जागेश्वर के ऊपर गिर गया। जब तक गांव के लोग खंबे को हटाते, तब तक किसान की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जागेश्वर के परिवार में दो लड़कियां हैं, जिनकी शादी होनी है। इस अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों के अनुसार, जागेश्वर पिछले तीन साल से बीमार थे और गांव के लोग अक्सर पीपल के पेड़ के नीचे समय बिताने आते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यकर्मी संयुक्त परिषद की बनी कार्यकारिणी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की जिला कार्यकारिणी का बुधवार को विस्तार किया गया। सभी मनोनीत पदाधिकारियों का माला पहनाकर जहां स्वागत किया गया वहीं कर्मचारियों के आंदोलन पर भी चर्चा की गई। प्रांतीय उप महामंत्री का कहना रहा कि आंदोलन के जरिए बची कमियों को ठीक कराया जाएगा।



नवमनोनीत राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारी। अमृत विचार

- जम्बो कमेटी में 15 उपाध्यक्ष, 14 संयुक्त मंत्री, 10 संगठन मंत्री समेत 49 सदस्य

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय स्थित स्काउट भवन सभागार में जनपदीय कार्यकारिणी का विस्तार हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी, विशिष्ट अतिथि डीआईओएस के प्रतिनिधि सह जिला विद्यालय निरीक्षक अविनाश कुमार आनन्द व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की उप महामंत्री अमिता त्रिपाठी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव ने की। हृयदेश कुमार ने सभी का स्वागत किया। अतिथियों व कर्मचारियों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उसके बाद कार्यकारिणी विस्तार किया गया। जिसमें 15 उपाध्यक्ष, 14 संयुक्त मंत्री, 10 संगठन मंत्री समेत 49 सदस्यीय जम्बो कमेटी बनाई गई। सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। विधायक ने कहा कि किसी भी शिक्षक व कर्मचारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। प्रांतीय उप महामंत्री ने कहा कि जो सरकारें एनपीएस के अलावा कुछ भी सुनना नहीं चाहती थीं उन्हें मजबूर होकर झुकना पड़ा। अभी कुछ कमियां हैं उन्हें पुनः आंदोलन के माध्यम से ठीक कराया जाएगा। परिषद के जिला मंत्री अनुपम अवस्थी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने किया। इस मौके पर श्याम प्रकाश तिवारी, अरूण कुमार मिश्रा, ब्रजेंद्र कुमार शुक्ला, बाबूलाल, महेश जौहरी, अनुपम अवस्थी, शशि भूषण त्रिपाठी, विनीत सिंह, सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दीवार के मलबे में दब कर दिव्यांग की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के अमूंद गांव में बाथरूम करने के लिए गए 55 वर्षीय एक दिव्यांग अधेड़ व्यक्ति की कच्ची दीवार के गिरने से उसके नीचे दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। जरिया थाना क्षेत्र के अमूंद गांव निवासी जवाहर(55) पुत्र मनोहर बाथरूम करने के लिए गया हुआ था। तभी अचानक उसी दौरान उसके घर की दीवार के गिरने पर जवाहर उसमें दबकर बेहोश हो गया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों ने दीवार के मलबे में उसे बाहर निकाला। जिसके बाद उसे आनन फानन कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जरिया थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई कराई जा रही है।

# पुलिस से हुई मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** पुलिस और एसओजी के साथ एक शातिर बदमाश की मुठभेड़ हुई। इसमें बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, कारतूस, और लूट गई सोने की चैन बरामद की है। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ललौली थाना प्रभारी बच्चेलाल, गाजीपुर थाना प्रभारी विनोद मिश्रा, और एसओजी टीम प्रभारी विनोद कुमार यादव रात में गश्त पर थे। बिंदकी से बांदा जाने वाली रोड पर शिवरी तहबलपुर मोड़ के पास उन्हें एक बाइक पर दो लोग आते दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। इस दौरान पीछे बैठा बदमाश गिर गया। उसने तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि घायल बदमाश की पहचान रोहित यादव के रूप में हुई है, जो रसूलपुर थाना बिंदकी का निवासी है।

### पांच स्कूली वाहन सीज

**राठ(हमीरपुर)।** यात्री कर अधिकारी चंदन पांडेय ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर तीन ओवरलोड वाहन पकड़े। जबकि पांच स्कूली वाहनों का फिटनेस फेल पाए जाने पर सीज किया है। वहीं एक अन्य का टैक्स बकाया होने पर सीज किया है। यात्री कर अधिकारी ने बताया कि वाहनों के चेकिंग अभियान के तहत तीन ओवरलोड वाहन पाए गए।

## वर्ग पहेली-203

**बाएं से दाएं**

4. 1. जन के लिए उपयोगी, लोकोपयोगी 2. जनसाधारण के लिए हितकर।
5. 1. एक प्रकार का पकवान 2. एक प्रकार की मीठी मठरी।
6. 1. शिष्टाचार, शिष्टाचार की मर्यादा 2. बड़ों का आदर-सम्मान, उनके प्रति विनीत व्यवहार 3. साहित्य 4. कायदा, नियम 5. प्रज्ञा, विवेक।
7. 1. उड़ने की क्रिया या भाव 2. उड़ान
10. 1. किसी के साथ रहना, एकत्र बसना, एक ही आवास में साथ-साथ रहना 2. काम-क्रीड़ा, रति, संभोग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अत्यंत मज़बूत 2. वज्र के समान कठोर 3. पक्का, दृढ़।
2. राजा का पुत्र, राजकुमार।
3. 1. सुंदर, आकर्षक 2. प्रेमी, मौजी 3. हंसमुख
6. संख्या '38' का सूचक।
8. 1. हिमालय की एक चोटी जो तीर्थस्थल के रूप में विख्यात है 2. (पुराण) शिव का वासस्थान।
9. 1. ओष्ठ, होंठ 2. घड़े आदि के मुंह का किनारा, कोर।




### वर्ग पहेली -202 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 डो | ड़ा | ■ | ■ | ■ | 2 धे |
| ■ | ■ | 3 कॉ | 4 क | टे | ल |
| ■ | 5 गै | ■ | लु | ■ | चा |
| 6 म | र | णे | ष | णा | ■ |
| ■ | मा | ■ | ■ | ■ | 7 त |
| ■ | मू | ■ | 8 पि | शा | च |
| 9 शा | ली | न | ता | ■ | ना |

## सुडोकू -116

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 9 | | | 5 | 3 | |
| | | 3 | | 4 | | 8 | | |
| 2 | | 6 | | | 8 | | | 4 |
| | | | 1 | | 2 | | 9 | |
| | 7 | 9 | | | | 1 | 2 | |
| | 5 | | 7 | | 3 | | | |
| 9 | | | 6 | | | 3 | | 7 |
| | | 1 | | 8 | | 4 | | |
| | 3 | 8 | | | 5 | | 1 | |

### सुडोकू - 115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 6 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 | 5 | 1 |

# गर्मी के प्रकोप से राहत दिलाएगा इंडो-नेपाल बोधि वृक्ष कॉरिडोर

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार।** पर्यावरण की रक्षा और बढ़ती गर्मी के प्रकोप से राहत दिलाने के लिए शुरू हुई इंडो-नेपाल बोधि वृक्ष कॉरिडोर डेवलपमेंट पदयात्रा आने वाले समय में एक उदाहरण पेश करेगा। इतना ही नहीं, भारत नेपाल के बीच संबंधों को और गहरा करने का काम भी करेगा।


पदयात्रा में शामिल लोगों का स्वागत करते अधिकारी।

- नेपाल से लेकर भारत तक लगाये जाएंगे बोधि वृक्ष, 400 किमी से लंबा होगा हरित गलियारा

नेपाल के कपिलवस्तु स्थित तिलौराकोट से दो दिवसीय इंडो-नेपाल बोधि वृक्ष कॉरिडोर डेवलपमेंट पदयात्रा की शुरूआत 21 सितंबर से हुई। 25 किलोमीटर लंबी यह पदयात्रा तौलिहवा, मैनिहवा, दोहनी, डुमरा गांव होते हुये लुम्बिनी में 22 सितंबर को पहुंची, जहां पर लुम्बिनी डेवलपमेंट ट्रस्ट के अधिकारियों ने यात्रियों का स्वागत किया। इस पदयात्रा में करीब 50 सदस्य शामिल रहे। पर्यावरण चिंतक रोहित उमराव ने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आम जनमानस का एकजुट होना बहुत जरूरी है। आम लोग जब एक साथ मिलकर काम करेंगे, तो पर्यावरण की सुरक्षा का काम आसान होगा। इस यात्रा के दौरान नेपाल में वन विभाग के अधिकारियों से लेकर स्थानीय लोगों, छात्रों से मुलाकात हुई है। यह मुलाकात सार्थक रही है। नेपाल के अधिकारियों ने पूरा सहयोग देने का वादा किया है। उन्होंने बताया कि नेपाल स्थित बुद्ध के जन्मस्थल लुम्बिनी से लेकर उनके ज्ञानस्थल बोधगया (भारत) तक बोधि वृक्ष यानि पीपल के पौधों का रोपण होना है। जिससे दो देशों के बीच 400 किलोमीटर से अधिक दूरी का हरित गलियारा तैयार किया जा सके। इसी हरित गलियारे को तैयार करने के लिए आम जनमानस में जागरूकता लाने के उद्देश्य से इस पदयात्रा का आयोजन किया गया था। इस अभियान मे भारत की ओर से पीपल नीम तुलसी अभियान पटना के संस्थापक डॉ धर्मेंद्र कुमार, उत्तर प्रदेश के फतेहपुर से पर्यावरण चिंतक रोहित उमराव के साथ कानपुर से प्रभात कुमार, हिमांचल प्रदेश से जगत रमौली, हरियाणा से सरदार रंजीत सिंह, उड़ीसा से मनोज डागा, बिहार से लोक कलाकार सुनील सरला, उत्तराखंड से ज्योति नेगी, प्रमुख जिलाधिकारी विश्व प्रकाश, गीतांजलि, नेहा कुमारी, संतोष कुमार, मुजफ्फरपुर से प्रकाश कुमार , शुभम कश्यप, सतपाल सिंह लखीमपुर, मुरादाबाद से यशपाल सिंह समेत कई पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे। नेपाल से सुरेश शर्मा जनकपुर धाम वन प्राविधिक समाज महासचिव, जय प्रकाश पांडे नेपाल वन प्राविधिक संघ एवं कार्यक्रम संयोजक, पूर्व मंत्री दान बहादुर चौधरी, मेयर कमलेश शरण चौधरी, मुख्य कार्यवाहक गिरजेश शरण चौधरी, भारत नेपाल राजदूत दीप कुमार उपाध्याय, नेपाल वन प्रोद्योगिकी संघ अध्यक्ष राजेश कर्ण, दामोदर शर्मा वन- वातावरण विज्ञान, लुम्बिनी विकास कोष के पुरातत्व अधिकारी चंद्र प्रकाश पाठक , कमलेश प्रसाद वर्मा वन अधिकृत अधिकारी लुम्बिनी विकास कोष. धीरेन्द्र कुमार शाह, इं. दिनेश प्रसाद जायसवाल मायादेवी साझेदारी वन समिति, समाजसेवी राजकुमार पांडे, बब्बू सिंह यादव आदि लोग रहे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 सितंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 12 .25 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 23 .34 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज घर में सुख और शांति का वातावरण रहेगा। सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन काफी अनुकूल है। संतान के व्यवहार से आनंदित रहेंगे। व्यवसाय में अपने कौशल का परिचय देंगे। उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति का विचार बना सकते हैं।

**वृष** — आज आपकी दिनचर्या काफी व्यस्त रहेगी। भूमि-संपत्ति को लेकर कोई निर्णय न लें। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ संबंध मधुर रखें। अपने व्यवहार को निखारने का प्रयास करें। आप कुछ विशेष कार्यों को पूरा करने के प्रयास में लगे रहेंगे।

**मिथुन** — आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह का लाभ उठाएंगे। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। विदेश में जॉब का प्रयास कर रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। पारिवारिक रिश्ते और मजबूत होंगे। छात्रों को मेहनत का बेहतरीन परिणाम मिलेगा।

**कर्क** — आज तनावपूर्ण स्थिति से अपने आपको दूर रखें। गृह उद्योगों में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आयात-निर्यात के व्यवसाय में उत्तम लाभ मिलेंगे। अत्यधिक कार्यभार के कारण थोड़ी परेशानी होगी। छात्रों को पढ़ाई में अवरोध का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह** — आज बड़े भाइयों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। नई योजनाओं में आप धन का निवेश कर सकते हैं। आपके भीतर आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार होगा। परिवार में आपके विचारों के अनुसार माहौल रहेगा।

**कन्या** — आज वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर अमल अवश्य करें। अपने व्यवहार में संयम अवश्य रखें। शेयर मार्केट में किया गया निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकता है। अपने मन की आवाज सुनें और वैसा ही करें। युवाओं के मन में नए व्यवसाय को लेकर उत्साह रहेगा।

**तुला** — आज मेहनत के बल पर काम में सफलता मिलेगी। बच्चों की सफलता से गर्व की अनुभूति होगी। आपके सिद्धांतों की प्रशंसा होगी। विवादित मुद्दों को हल करने के लिए उत्तम समय है। माता-पिता आपका उत्साहवर्धन करेंगे।

**वृश्चिक** — आज ऐसे लोगों से सावधान रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं। राजनीति वाले मुद्दों से दूरी बनाकर रखें। आहार में शुद्धता का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपको अनुमान से अधिक काम करना पड़ सकता है।

**धनु** — आज शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना चाहिए। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। पैतृक व्यवसाय में विस्तार करने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों के दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मकर** — आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। जीवनसाथी और परिजनों की सलाह आपके लिए काफी अनुकूल रहने वाली है। किसी रिश्तेदार के साथ आप गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अध्ययन में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज यात्राओं का भरपूर आनंद लेंगे। कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में आपका मन लगेगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा। दोस्तों के साथ प्रसन्नता के पलों का आनंद उठाएंगे।

**मीन** — आज अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेकर काम करना उचित होगा। परिजनों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पुरानी बातों के कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। घर में अशांति का माहौल रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जॉनी आई लव यू — सुबह : 08 .56
- कोहराम — रात : 08 .49

SONY PIX
- द लीजेंड ऑफ टार्जन — सुबह : 10 .02
- वेनम — रात : 09 .00

&pictures
- टॉइलेट - एक प्रेम कथा — सुबह : 10 .45
- रनवे 34 — रात : 08 .00

ZEE CINEMA
- बजरंगी 2 — सुबह : 10 .46
- धमाल — रात : 08 .00

ZEE ACTION
- वेधा — सुबह : 10 .40
- मक्खी — रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा- सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा-शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति - सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी — मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागरा:।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधव:॥

समुद्र में प्रलय आने पर वह मर्यादा भूल किनारों को तोड़ देती है, लेकिन सज्जन पुरुष किसी भी प्रकार की प्रलय के सामने अपनी मर्यादा नहीं भूलते।

## संपादकीय

# पड़ोस में उम्मीद की नई किरण

पड़ोसी देश श्रीलंका में करीब दो वर्ष पहले उपजे आर्थिक संकट के बीच जो हालात पैदा हुए थे, उसके मद्देनजर विश्व में यह आशंका स्वाभाविक थी कि इस स्थिति से निकलने में देश को शायद काफी वक्त लग जाए, लेकिन राष्ट्रपति के चुनावों के बाद वहां नई सत्ता की स्पष्ट तस्वीर उभर कर सामने आई है। वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने नौवें राष्ट्रपति के रूप में श्रीलंका की सत्ता संभाल ली है। दिसानायके की जीत का मतलब है कि श्रीलंका की राजनीति में एक नई शुरुआत हो रही है। देश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार मार्क्सवादी-लेनिनवादी पार्टी की सरकार बनी है। दिसानायके ने राष्ट्रपति की शपथ लेते ही अपने वादे के अनुरूप देश की संसद भंग कर, नवंबर में आम चुनाव की घोषणा भी कर दी। गौरतलब है कि श्रीलंका में वर्ष 2019 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में दिसानायके को सिर्फ तीन फीसद वोट मिले थे। यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि इस बीच श्रीलंका में आर्थिक संकट और बिगड़ती स्थिति के बीच मुख्यधारा के बाकी राजनीतिक पक्षों में से किसी की भी आम लोगों की अपेक्षाओं या उम्मीदों के बीच जगह नहीं बची थी। देश से भ्रष्टाचार खत्म करने, मजदूरों की आवाज उठाने और अच्छा प्रशासन देने के दिसानायके के वादे ने एक तरह से अंधेरे में घिरी आम जनता को उम्मीद की रोशनी दी। इस आधार पर कहा जा सकता है कि इस चुनाव में उनके भ्रष्टाचार विरोधी और लोक कल्याणकारी मुद्दों को भारी समर्थन मिला।

नई सरकार आने के बाद भारत और उसके पड़ोसी देशों की इस बात पर नजर रहेगी कि नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के समीकरण में श्रीलंका क्या रुख अख्तियार करेगा? हालांकि दिसानायके ने शपथ लेने के बाद भारत से संबंधों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। पहले से ही इस बात की भी आशंका जताई जाती रही है कि चीन के कर्ज के जाल में उलझने का असर श्रीलंका के अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों और नीतियों पर पड़ सकता है। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि राष्ट्रपति दिसानायके मार्क्सवादी हैं इसलिए राजनीतिक क्षेत्र में उनकी छवि चीन समर्थक की है। ऐसे में यह शंका होना भी लाजमी है कि कहीं चीन मार्क्सवादी राष्ट्रपति के शासनकाल का फायदा उठाकर भारत के सुरक्षा हितों को नुकसान न पहुंचा दे। साथ ही वामपंथी विचारधारा के एक नेता के राष्ट्रपति बनने के बाद यह बात भी गौर करने वाली होगी कि श्रीलंका चीन के प्रभाव से किस हद तक मुक्त रह पाता है?

# विकसित देश के लिए जीडीपी के साथ एचडीआई और एचआई आवश्यक



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है।




विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है, यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है, जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है।

भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज गति से बढ़ रही है। पिछले एक दशक में यह दसवें स्थान से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है और यदि विकास की यही गति रही, तो शीघ्र ही यह तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएगी। जैसा कि आईडीबीआई कैपिटल की रिपोर्ट में जिक्र भी किया गया है कि सितंबर माह के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई के माध्यम से 53 हजार करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ, जिसमें से 28 हजार करोड़ से अधिक निवेश शेयर बाजार में किया गया।

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इन दोनों सूचकांकों में पहला, ईएमआईएमआई और दूसरा, ईएम सूचकांक में भारत ने काफी प्रगति हासिल की है, जिसके कारण कई नए स्टॉक इन पोर्टफोलियो से जुड़े हैं। हालांकि चीन का कुल बाजार पूंजीकरण भारत की तुलना में साठ प्रतिशत अधिक है, परंतु इन दो सूचकांकों में भारत की वृद्धि वैश्विक स्तर पर बढ़ती इसकी साख और अर्थव्यवस्था की स्थिरता को इंगित करती है, जिस कारण भारत के बाजार वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद बन रहे हैं। क्योंकि जहां एक ओर अमेरिका मंदी की आहट से जूझ रहा है, वहीं विश्व के अन्य देश भी आर्थिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं।

ऐसे में भारतीय कंपनियों में भरोसा और भारतीय बाजारों के बढ़ते महत्व को बनाए रखने के लिए विश्वास का वातावरण विकसित करना आवश्यक होगा। क्योंकि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार, ढांचागत सुदृढ़ीकरण, मेक इन इंडिया अभियान के तहत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति से विनिर्माण को गति प्रदान करना, सूचना तकनीकी क्षेत्र का विस्तार आदि क्षेत्रों में तेजी से कार्य करना होगा, जिससे अर्थव्यवस्था में जीडीपी का आकार बढ़ेगा और देश विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनकर उभरेगा। वर्तमान में भारत की जीडीपी 6.5 से 7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष में 8 प्रतिशत की गति से बढ़ी थी। वर्तमान में जीडीपी में कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की भागीदारी क्रमशः 15 प्रतिशत, 28.3 प्रतिशत एवं 56.7 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 24 में विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि निर्माण गतिविधियों में भी 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कृषि व उद्योग क्षेत्र का अंशदान बढ़ाने पर भी फोकस करना होगा।

हालांकि मार्च 2024 में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात घटकर 2.8 प्रतिशत रह गया, जो 12 वर्षों का सबसे निचला स्तर है। यह बैंकों की परिसंपत्ति में गुणवत्ता सुधार को इंगित करता है। वित्त वर्ष 24 में भारत का सेवा निर्यात 341.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गई, जिसका मुख्य कारण ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है, जो समावेशी विकास को दर्शाता है। परंतु आर्थिक विकास के साथ-साथ समग्र विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि मानव संसाधन विकास एवं खुशहाली सूचकांक में भी सुधार किया जाए तभी सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

प्रसन्नता सूचकांक के कई पहलू हैं, जैसे कि जीवन संतोष, भावनात्मक सुख, सामाजिक समर्थन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक स्थिरता आदि में गुणात्मक सुधार की जरूरत है। इस सूचकांक में विश्व खुशहाली रिपोर्ट के अनुसार भारत वर्तमान में 146 देशों में 4.054 के खुशहाली स्कोर के साथ 126 वें स्थान पर है। खुशहाली सूचकांक में भारत का स्थान नेपाल, बांग्लादेश और चीन जैसे अपने पड़ोसी देशों से भी कम है, जिससे इसकी विश्वसनीयता पर सवाल भी उठता है।

विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है, यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है, जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है। मानव विकास सूचकांक पहलुओं में जीवन प्रत्याशा, शिक्षा, आय, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय आदि शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एचडीआई स्कोर में भारत 193 देशों में से 134 वें स्थान पर है और भारत का एचडीआई स्कोर 0.644 है, जो वर्ष 1990 में 0.434 था जब इसकी शुरुआत हुई थी। पिछले तीस वर्षों में भारत ने इस दिशा में काफी प्रगति की है, परंतु और तेजी से इस दिशा में बढ़ने की आवश्यकता है। इन सूचकांकों पर ध्यान देने से नीति-निर्माताओं को केवल आर्थिक विकास के लक्ष्य को नहीं, बल्कि नागरिकों के समग्र विकास को भी प्राथमिकता देने में मदद मिलेगी।

प्रसन्नता सूचकांक और मानव विकास सूचकांक जैसे मापदंडों के माध्यम से यह सुनिश्चित होगा कि आर्थिक वृद्धि का लाभ सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। इसलिए आवश्यक है कि सामाजिक कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस कदम उठाएं जाए, इससे न केवल भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि नागरिकों की खुशहाली और संतोष भी बढ़ेगा, जो एक समृद्ध और खुशहाल समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण होगा। विकसित भारत का लक्ष्य न सिर्फ जीडीपी की वृद्धि तक सीमित होगा, बल्कि यह मानव विकास सूचकांक और प्रसन्नता सूचकांक को बढ़ाने के लक्ष्य के साथ ही फलित होगा।

## प्रसंगवश

# क्या है क्रांति का मतलब



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्रांति का अर्थ सिर्फ सत्ता का परिवर्तन नहीं होता। सत्ता की कुर्सी पर एक शासक की जगह दूसरे शासक का आ जाना या एक राजनीतिक दल की जगह दूसरे राजनीतिक दल का आ जाना क्रांति नहीं है। बांग्लादेश में शेख हसीना को अपदस्थ कर देना या श्रीलंका में एक वामपंथी का राष्ट्रपति बन जाना क्रांति नहीं है। इसके आगे बढ़ें तो सत्ता के खिलाफ विद्रोह कर देना, हजार-पांच सौ की गर्दन काट देना या सत्ता पर आसीन सरकार को बलात उखाड़ फेकना क्रांति नहीं है। सड़कों पर खून की नदियां बहा देना क्रांति नहीं है।

क्रांति का अर्थ है एक व्यवस्था-सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक को ध्वस्त कर दूसरी नई विकसित व्यवस्था को स्थापित करना। जैसे कि 1789 की फ्रांसीसी क्रांति, जिसने सामंतवादी समाज की जगह पूंजीवादी समाज की स्थापना की। समाजवादी क्रांति का अर्थ है पूंजीवाद के उन तमाम संस्थाओं, प्रणालियों और विचारों को ध्वस्त कर देना, जो मनुष्य को मनुष्य का दुश्मन बना कर रखे हुई है। एक आदमी का दूसरे आदमी से शोषण करवाती है, मानवता विरोधी विचारों को जन्म देती है और मनुष्य की अपरिमित क्षमता को विकसित होने से रोकती है।

क्या आपने कभी सोचा है कि सत्य, दया, करुणा, क्षमा, परोपकार आदि जैसी आज की बहुतेरी अच्छी लगने वाली बातें एक अन्यायी समाज की उपज है कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब ये शब्द संसार की भाषाओं से विलुप्त हो जाएंगे? आज के समाज में जो भी विचार और संस्थाएं हैं, वे सभी मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण पर आधारित विगत काल की सामंतवादी या वर्तमान की पूंजीवादी व्यवस्था के गर्भ से उद्भूत विचार और संस्थाएं हैं।

विगत हजारों साल के क्रम में हम सभी के अंदर ऐसे विचार घर कर गए हैं कि मूर्खतापूर्ण और मनुष्यता विरोधी बातें भी हमें स्वाभाविक लगती हैं। समाजवादी क्रांति का असली अर्थ है मनुष्य की अंतर्निहित क्षमता को उसकी महत्तम ऊंचाई तक पहुंचा देना, दिमाग के तमाम गलीज को बाहर निकाल फेंकना। क्रांति एक छलांग होती है। क्रांति चंद महीनों या कुछ एक वर्षों में वह काम संपादित करती है, जिसकी आज हम कल्पना भी नहीं कर सकते।

# आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का मायालोक



आर्य सागर खारी
नोएडा

दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है।

रावण के विषय में बताया जाता है। वह मायावी था अपने विविध हमशक्लों को वह युद्ध में इस्तेमाल करता था। वही महाभारत में मय नाम के असुर का उल्लेख मिलता है, जिसने पांडवों के लिए मायावी महल बनाया, जिसमें थल में जल, जल में थल का आभास होता था। प्राचीन यूनानी सभ्यता से लेकर मिश्र, चीनी व भारतीय पौराणिक साहित्य में मायावी किस्सों का बहुलता से उल्लेख मिलता है।

मायावी संसार यथार्थ संसार के ही समांतर चलता है। 20 वीं सदी के शुरुआती दशकों में जब क्वांटम फिजिक्स विकसित हो रही थी तो आमजन ने कल्पना भी नहीं की थी कि यही फिजिक्स आगे चलकर कंप्यूटर विज्ञान की जनक बनेगी और 21 वीं सदी में यह एक ऐसी मायावी तकनीक का प्रसव करेगी, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कहा जाएगा, जो अभी अपनी शिशु अवस्था में है, लेकिन इसकी शिशु अवस्था ही बेहद विस्मित भ्रमित करने वाली है। जब यह तकनीक युवा हो जाएगी तब क्या इस पृथ्वी पर सांस लेने वाले जिनकी धमनियों में लाल रक्त बहता है। ऐसे हम इंसानों अर्थात होमो सेपियंस का अस्तित्व क्या औचित्यहीन हो जाएगा? ऐसे बहुत से सवाल आज प्रत्येक जागरूक मस्तिष्क में कौंध रहे हैं।

यह नीचे चित्र में 'बेन गया' है, यह एक जर्मन सुपरस्टार है। इसके गाने-वीडियो एल्बम की इन दिनों जर्मनी सहित पूरे यूरोप में धूम मची हुई है। इसके सोशल मीडिया अकाउंट पर भी लाखों फॉलोअर हैं। आप सोचेंगे यह कोई जीता जागता इंसान है



यदि आप ऐसा सोचते हैं तो गलत है। यह जर्मन प्रोग्रामर्स द्वारा तैयार किया गया एआई अवतार है, जिसका इस दुनिया में कोई जैविक अस्तित्व नहीं है, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक अस्तित्व है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से बनाया किया गया सुपरस्टार है। इसकी आंखों का रंग नीला व बाल घुंघराले हैं। एआई तकनीक के द्वारा इसे सुंदर चेहरा मोहरा सुरीली आवाज से भूषित किया गया है।

इस मायावी सुपरस्टार के कारण पश्चिम की म्यूजिक इंडस्ट्री सिंगर कंपोजर विस्मित हो गए हैं। जीता-जागता इंसान जहां कलाकार के तौर पर मौलिक सृजन करता है, उसको प्रसिद्धि मिलती है। मौलिकता के अभाव में वही इंसान धुन और गीतों को चुराकर प्रसिद्धि बटोर लेता है। एआई तकनीक की बात करें तो इस तकनीक को इन कामों में स्वभाव से ही महारत हासिल है। नतीजा एआई क्राइम का भी नया जटिल स्वरूप निकलकर आ सकता।

भारत जैसे विकासशील देश में अभी साइबर क्राइम से ही निपटने की अभि कोई ठोस कार्य योजना नहीं। निकट भविष्य में 'बेन गया' जैसे मायावी इंसान शिक्षक डॉक्टर अधिवक्ता के रूप में लोगों को विविध सेवा प्रदान करेंगे। जीता-जागता इंसान क्या रसातल में धकेल दिया जाएगा? क्या इंसान की बौद्धिक हत्या हो जाएगी? यह आशंकाएं कितनी वाजिब है यह आने वाले कुछ वर्षों में ही स्पष्ट हो जाएगा।

दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है। एआई दुनिया को बदलने वाला है। दुनिया का जो स्वरूप निकल कर आएगा उसके बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन इतना स्पष्ट है चेतन से प्रेरित बुद्धि का कृत्रिम विकल्प इंसान ने जरूर बना लिया, लेकिन आत्मा जैसे नित्य तत्व को वह नहीं रच पाएगा। आत्मा की नित्यता चेतनता ही एआई जैसी मायावी तकनीक की सीमाओं को नियंत्रित करेगी। आत्म तत्व ही इस तकनीक का नियामक रहेगा। भारतीय आस्तिक षड् दर्शन में भ्रमात्मक विपरीत या मिथ्या ज्ञान की परीक्षा की विकसित तार्किक विवेचना मिलती है।

## सोशल फोरम

# संस्कृत का विरोध क्यों

दुनिया को गिनती और भाषा का ज्ञान भारत ने कराया, अग्नि को सदा प्रज्वलित करने का विधान, जल का नियमन, पर्यावरण के साथ तादात्म्य करना भारत ने सिखाया। सहज और सरल जीवन पद्धति, परोपकार, करुणा और धर्म को उद्घाटित करने का कार्य भारत भूमि पर सर्वप्रथम हुआ।



डॉ पवन विजय
एसोसिएट प्रोफेसर, जौनपुर

एनसीईआरटी के प्रोफेसर प्रमोद दुबे कहते हैं कि वामपंथी संस्कृत का विरोध जानबूझ कर करते हैं ताकि वे एक्सपोज न हो जाएं। उन्हें डॉटर और काऊ की सच्चाई से बहुत डर लगता है। गौ-गऊ-गेऊ-गेऊस्। ग का क होता है प्रगट-प्रकट। वाक् वाग्। गऊ का कऊ-काऊ हो गया। जैसे खाट का कॉट। जो गाय दुहती थी वह लड़की दुहिता-दुहितर कही जाती थी। यही शब्द फारसी में दुख्तर है यही अंग्रेजी में डॉटर। काऊ दूहने वाली लड़की ही डॉटर हो सकती है, न। इनके अस्तित्व पर खतरा है, इन्हें संस्कृत से बहुत डर लगता है। इसी तरह भ्रातृ, भ्रातर, ब्रदर, बिरादर की अवधारणा है। संस्कृत पढ़िए, संस्कृत में रचित आचार्य शंकर की काव्य कुशलता देखकर आप टेनिसन, चौसर और वर्डस्वर्थ को भूल जाएंगे। कालीदास के संस्कृत साहित्य का माधुर्य इतना मोहक है कि शेक्सपियर फीका पड़ जाएगा। संस्कृत का इतिहास आपको आपके गोत्र से जोड़ देगा। संस्कृत पढ़कर आपकी जिव्हा गंगा सी पवित्र और मन पारिजात सा हो जाएगा। पूर्ण की अवधारणा से परिचित होना है तो संस्कृत ही माध्यम है।

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।।

अर्थात परमात्मा सभी प्रकार से सदा सर्वदा परिपूर्ण है।

यह जगत भी उस परब्रह्म से पूर्ण ही है, क्योंकि यह पूर्ण उसी पूर्ण से ही उत्पन्न हुआ है। उस पूर्ण में से पूर्ण को निकाल देने पर भी वह पूर्ण ही शेष रहता है। यह शून्य की कल्पना नहीं वास्तविकता है। शून्य यानी सिफर यानी जीरो केवल एक डिजिट नहीं, बल्कि ब्रह्मांड को समझने की कुंजी है। यह कुंजी संस्कृत में ही निर्मित है।

-फेसबुक वॉल से

# योगदर्शन में चैतन्य तत्व



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है।

भारत के समस्त संप्रदायों में सांख्य सर्वाधिक प्राचीन माना जाता है। सांख्य दर्शन द्वैतवादी दर्शन है, जो चेतन पुरुष तथा अचेतन प्रकृति दोनों को अनादि मानता है। इसमें ईश्वर तत्व का विवेचन नहीं पाया जाता है। इसमें चेतन तत्व को पुरुष कहा जाता है और अचेतन तत्व को प्रकृति। प्रकृति को त्रिगुणात्मिका कहा गया है और जो इस विश्व का मूल कारण है। सांख्य दर्शन के अनुसार मनुष्य सुख-दुःख के प्रपंच में तभी पड़ता है जब वह अज्ञानवश अपने को प्रकृति के साथ जोड़ लेता है। जब वह यह सोचने लगता है कि मैं शरीर हूं, इन्द्रिय हूं, मन हूं तब वह मन, इन्द्रिय और शरीर से संबंधित सुखों और दुःखों को भी अपने आप में आत्मसात करने लगता है और वह सुखी और दुःखी बन जाता है। जबकि वह स्वयं अपने आप में चेतन है, अनादि है, अनंत है, सुख-दुःख से परे है और मन-बुद्धि से परे है। जब प्रकृति पुरुष के संपर्क में आती है तो संतुलन बिगड़ जाता है और प्रकृति तेईस तत्वों का विकास करती है अर्थात बुद्धि, महत्त, अहंकार, मन, पांच संवेदी क्षमताएं, जिन्हें कान, त्वचा, आंख, जीभ और नाक के रूप में जाना जाता है।

सांख्य के कुछ आचार्य ईश्वरवादी हैं तो कुछ निरीश्वरवादी। गीता, महाभारत, स्मृति और पुराणों का सांख्य दर्शन ईश्वरवादी है। कुछ विद्वान कपिलमुनि प्रवर्तित सांख्य को निरीश्वर सांख्य तथा महर्षि पातंजलि प्रवर्तित सांख्य को ईश्वर सांख्य मानते हैं। योगदर्शन में चैतन्य तत्व अर्थात आत्मा को पुरुष कहा जाता है। यह चेतन स्वरूप पुरुष नित्य है, शाश्वत है और योगसाधना का परम लक्ष्य है। योगदर्शन बताता है कि मनुष्य अपने को स्वस्थ और सुखी कैसे बना सकता है। शरीर परम लक्ष्य को प्राप्त करने में एक साधन है। जब शरीर स्वस्थ होता है तब मन भी स्वस्थ और शांत होता है। इसलिए यम, नियम, आसन और प्राणायाम आदि साधनों का उपयोग करते हुए मनुष्य को चाहिए कि वह अपने शरीर को स्वस्थ रखे, मन को शांत करे, बुद्धि को अंतरमुख करे और अपनी वृत्तियों पर नियंत्रण करते हुए मन-बुद्धि और चित्त को भीतरी जगत में ले जाए। इसी को कहते हैं आध्यात्मिक साधना।

योग दर्शन में योग का ईश्वर जीवन का लक्ष्य नहीं है। यह जगत का सृष्टा और पालक भी नहीं है। इस तरह योग में ईश्वर का कोई बहुत महत्वपूर्ण स्थान नहीं है। मीमांसा सूत्तकार जैमिनि एवं भाष्यकार शबरस्वामी सृष्टि सर्जक के रूप में ईश्वर की सत्ता नहीं स्वीकार करते। इनके अनुसार कर्म ही अपनी शक्ति के फल देने में समर्थ है। ईश्वर को न मानते हुए भी, कुछ विद्वानों का मत है कि मीमांसा दर्शन को निरीश्वरवादी नहीं माना जा सकता है। वेदसिद्ध ईश्वर का खंडन मीमांसा का प्रयोजन नहीं है। वेदांत के विभिन्न संप्रदायों में अद्वैत सर्वाधिक प्रसिद्ध है। अद्वैत के अनुसार केवल ब्रह्म ही परमतत्व है। वह ही परमार्थ सत है, उससे परे संसार में कोई वस्तु नहीं है। शंकर ऐसी अनेक श्रुतियों का उद्धरण देते हैं जैसे 'एक मेवाद्वितीयम्' (छान्दोग्य उप. 6/2/2), एवं 'सर्व खल्विदं ब्रह्म' (छा. उप. 3/14/1)। ब्रह्म ही एक मात्र सत्ता है।

निरीश्वरवादी दर्शनों में लोकायत, बौद्ध और जैन है। लोकायत दर्शन के अंतर्गत स्वर्ग और मुक्ति जैसे काल्पनिक नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार किया गया है और मानव सुख को जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य माना गया है। लोकायत दर्शन के अनुसार यह जगत, यह जीवन ही एकमात्र सत्य है। लोकायत दर्शन ही एकमात्र ऐसा दर्शन है, जो स्पष्ट रूप में ईश्वर, आत्मा, मृत्यु के बाद जीवन और स्वर्ग या मुक्ति जैसे नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार करता है।

बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है। बिना कारण के कोई कार्य संभव नहीं। बुद्ध ने ईश्वर आदि अलौकिक शक्तियों को अव्याकृत माना अर्थात इन पर बहस करना बेकार है। बुद्ध ने चार महाभूतों (पृथ्वी, अग्नि, वायु एवं जल) को ही सृष्टि का कारक माना है। बौद्ध दर्शन के अनुसार बीज स्वयं ही अंकुरित होकर वृक्ष बनता है। इस प्रकार संसार का अपने आप विकास होता रहता है।

जैन धर्म ईश्वर की सत्ता का खंडन करते हुए कहते हैं कि ईश्वर का अस्तित्व प्रत्यक्ष एवं अनुमान प्रमाण से नहीं सिद्ध होता है। सृष्टि अनादि तथा नित्य है। इनकी किसी एक ईश्वर ने रचना नहीं की है और न इनका कभी विनाश होगा। महावीर स्वामी के अनुसार जीव (प्राणी) अपने कर्मों से ही बंधन में बंधता है।

# प्रदूषित प्रसाद और राजनीति



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

आंध्र प्रदेश के तिरुपति बाला जी मंदिर के प्रसाद में अशुद्ध और सामिष गो घृत की पुष्टि हुई है, जिससे देशभर की हिंदू धर्म प्राण जनता में उबाल है। यह मुद्दा वहां के नए पदारूढ़ मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा प्रज्वलित किया गया। उन्होंने गुजरात की प्रयोगशाला में प्रसाद में प्रयुक्त हुए गो-घृत का परीक्षण करवाया, जिसमें चर्बी, मछली के तेल आदि का मिश्रण पाया गया। उन्होंने इस आशय का बयान दिया, बात फैली, जांच बिठाई और आनन-फानन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, जो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, ने इसका संज्ञान ले लिया और कार्यवाही की ओर अग्रसर हुए। राजनेताओं की हर बात में राजनीति जरूर होती है, फिर धर्म का मामला विशेष विस्फोटक और कारगर होता है।

यहां कुछ तथ्य बताना जरूरी है। नायडू इस समय भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए का हिस्सा हैं और संप्रति आंध्र के नए मुख्यमंत्री भी। इसके पहले वहां के मुख्यमंत्री वाईएसआर कांग्रेस के मुखिया जगन मोहन रेड्डी थे। रेड्डी ने नायडू को जेल भेजा था, जिसमें एक अनुमान के अनुसार मोदी का भी परोक्ष समर्थन था। इस समय जगन मोहन राष्ट्रीय राजनीति के दो खेमों-एनडीए और इंडी गठबंधन में से किसी में नहीं हैं। उनके राज्यसभा में 11 और लोकसभा में 4 सांसद हैं। मोदी की सरकार बैसाखियों पर टिकी एक पराश्रित सरकार है और उन्हें अपने आगामी एजेंडे को सफल बनाने के लिए अभी और ज्यादा समर्थन की दरकार है। ऐसे में उनकी निगाह इन तटस्थ पार्टियों पर है। कहना न होगा कि मोदी-शाह का युग्म विरोधियों को दबाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग आदि का इस्तेमाल करता रहा है। यदि वे एनडीए के समर्थन में आ जाते हैं तो कार्यवाही ठंड पड़ जाती है, अन्यथा उन्हें जेल जाना पड़ता है। ऐसे में यह प्रसाद प्रदूषण प्रकरण का हो हल्ला हो सकता है कि इसी तरह की राजनीति का ट्रेलर हो! अब देखिए। मंदिर का प्रसाद घी 320 रुपए किलो लीटर कई वर्ष से सप्लाई हो रहा था। गाय के घी की स्पष्ट गणित है कि लगभग 30 लीटर दूध में एक किलो घी बनता है और इतना दूध कम से कम 1500 रुपये का हुआ। फिर पारिश्रमिक और कुछ लाभांश भी होता ही है। ऐसे में लगभग 2000 रुपये किलो से कम कीमत में शुद्ध गो घृत की कल्पना ही नहीं की जा सकती।

सवाल यह है कि रेड्डी के मुख्यमंत्री रहते नायडू ने इस मुद्दे पर हल्ला क्यों नहीं मचाया और अब भी नायडू के कार्यकाल में जो ठेका दिया गया है, वह भी 478 रुपये लीटर का ही है। क्या यह घी शुद्ध होगा? कदापि नहीं। सन 2022 में भी मोदी की ही सरकार में देश में खाद्य पदार्थों के एक लाख बहत्तर नमूने लिए गए। जांचोपरांत 44000 नमूने अशुद्ध पाए गए। क्या उनका शुद्धिकरण हो गया? अमूल कंपनी मोदी के गृह राज्य गुजरात की है। बाजार में 600 रुपये किलो घी बेच रही है। इस कीमत में वह शुद्ध दे ही नहीं सकती। गणित ऊपर दी है। फिलहाल मैं मिलावट का विरोधी और शुद्धता का पक्षधर हूं, किंतु वर्तमान प्रसाद प्रकरण में राजनीति ज्यादा, लोक स्वास्थ्य चिंता कम है। जहां तक भगवान की बात है तो वे गीता में कहते हैं, "पत्र, पुष्प, फल या जल जो मुझे भक्ति भाव से अर्पित करता है, उसे मैं सगुण रूप से ग्रहण करता हूं"। यानी भक्ति भाव ही प्रधान है।



**2500** कंपनियों ने लगाए स्टाल

**350** खरीदार पहुंच चुके हैं ट्रेड शो में



**200** से अधिक कलाकार पेश करेंगे कार्यक्रम

**04** दिन चलेगा रंगारंग कार्यक्रमों का दौर



## उत्तर प्रदेश के हुनरमंद



बरेली की अंजू।



बरेली की पिंकी।



लखनऊ के मो. फहीम और अकील।



संभल के शहादत हुसैन।



पीलीभीत के रिजवान।

# ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा उप्र.

## मुख्यमंत्री योगी ने कहा, एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा प्रदेश

विवेक सक्सेना/धीरेंद्र सिंह. ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** इंटरनेशनल ट्रेड-शो के फलदाई आयोजन से अभिभूत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर बनाने के अभियान के साथ ही यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में प्रदेश तेजी से बढ़ रहा है। यह वही यूपी है, जो सात वर्ष पहले देश के विकास का बैरियर माना जाता था, लेकिन आज यह देश के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। इसमें एमएसएमई सेक्टर की बड़ी भूमिका है। कोई भी बड़ा औद्योगिक निवेश बिना एमएसएमई बेस के आगे नहीं बढ़ सकता है।

**एमएसएमई की महत्ता बताई**

योगी ने कहा कि यूपी में ऑनलाइन पंजीकरण के बाद यदि कोई एमएसएमई यूनिट आपदा का शिकार होती है तो राज्य शासन की तरफ से उसे पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हैं। प्रदेश में फ्लैटेड फैक्ट्री और निजी क्षेत्र में प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माण की कार्रवाई तेजी के साथ बढ़ी है। ओडीओपी योजना की सफलता के साथ ही यूपी के पास सर्वाधिक 75 जीआई टैग हैं। प्रोत्साहन के अभाव में जो उत्पाद दम तोड़ रहे थे, आज उसे आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यूपी के अलग-अलग सेक्टर में भी अनेक कार्य हुए हैं। यूपी का जो प्रोडक्शन है, उन्हें भी शोकेस का अवसर यूपीआईटीएस उपलब्ध करा रहा है।



ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की शुरुआत करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### यहां होंगे अनेक कार्यक्रम

योगी ने कहा कि पांच दिन तक जी2जी, जी2बी समेत अनेक कार्यक्रम होंगे, जो न केवल यूपी के पोटेंशियल, बल्कि सांस्कृतिक-सामाजिक विविधता के विभिन्न पक्षों को प्रदर्शित करने के साथ ही उचित फोरम के रूप में स्थापित भी करेंगे। यह यूपी के उद्यमियों के लिए अपने प्रोडक्ट को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर होगा।

### यूपी के उत्पाद, सांस्कृतिक विशेषता व सामाजिक विविधता को वैश्विक मंच तक प्रस्तुत करने में सफल होगा शो

ट्रेड शो मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच दिन तक चलने वाला ट्रेड शो यूपी के उत्पाद, पोटेंशियल, सांस्कृतिक विशेषता व सामाजिक विविधता को वैश्विक मंच तक प्रस्तुत करने में सफल होगा। 2500 से अधिक एग्जीबिटर्स, 350 से अधिक फॉरेन बॉयर्स उपस्थित हो चुके हैं। पार्टनर कंट्री के रूप में वियतनाम के सहभागी बनने पर सीएम ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने वियतनाम के डेलीगेट्स से मुलाकात भी की। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी, यूपी के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, लोकनिर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह, औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी, गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, विधायक धीरेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह नागर, विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी आदि मौजूद रहे।

**वियतनाम के सहभागी बनने पर जताया आभार**

**बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा प्रदेश**

योगी ने बताया कि यूपी न केवल एमएमएमई के बेहतरीन बेस, बल्कि बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा है। वर्तमान में यूपी में छह एक्सप्रेसवे कार्य कर रहे हैं, सात पर कार्य चल रहा है। प्रदेश में 11 एयरपोर्ट कार्यरत हैं, 10 पर कार्य चल रहा है। 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील है, जबकि देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को इस वर्ष तक बनाने का लक्ष्य है। देश का सबसे लंबा गंगा एक्सप्रेसवे भी पश्चिमी यूपी को पूर्वी यूपी से जोड़ रहा है। प्रयागराज महाकुंभ-2025 से पहले इसे क्रियाशील करने के लिए प्रयासरत हैं। रेल व सड़क का सबसे बेहतरीन नेटवर्क यूपी के पास है। यूपी सुदृढ़ कानून व्यवस्था के साथ ही स्किल और अनस्किल मैनपॉवर का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत सरकार दो करोड़ युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन दे रही है।

## देश-विदेश के लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मोह लिया मन

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में बुधवार से शुरू हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो में जहां देशभर की 2500 विभिन्न कंपनियां अपने स्टॉल लगाकर अपने उत्पादन व संस्थान की विशेषताओं की जानकारियां दे रही हैं। वहीं संस्कृति विभाग ने यहां आने वाले लोगों को प्रदेश की लोक कलाओं से अवगत कराने व उनके मनोरंजन की भी व्यवस्था की है। बुधवार शाम प्रयागराज की प्रीति सिंह ने ढेढ़ीया नृत्य, बांदा के रमेश पाल ने पाई-डंडा, अयोध्या के शीतला प्रसाद वर्मा ने फरुवाही नृत्य और नोएडा के गौरव नागर ने गुजरी नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मुक्ताकाशी मंच पर नोएडा की माधवी मधुकर नए भजन, वियतनाम के कलाकारों ने लोक नृत्य और कानपुर के अंकित तिवारी ने सुगम संगीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

- **अयोध्या के शीतला प्रसाद ने फरुवाही नृत्य ने मन मोहा**
- **कानपुर के अंकित का सुगम संगीत रहा आकर्षण का केंद्र**

गुरुवार को कौशांबी के कलाकार संतोष कुमार मसकबीन, अयोध्या की सुनिष्ठा मित्रा बधावा लोकनृत्य, आगरा के देवेंद्र एस मंगलामुखी कथक नृत्य नाटिका, झांसी की वंदना कुशवाहा राई लोकनृत्य, मथुरा के राजेश शर्मा मयूर, सोनभद्र के महेंद्र मादल और आजमगढ़ के उमेश कनौजिया धोबिया लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगे। मुक्ताकाशी मंच पर आज शाम वोलीबिया, रूस, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, ब्राज़ील, वेनेजुएला के कलाकारों द्वारा आईसीसीआर के माध्यम से सांस्कृतिक लोग गायन और प्रयागराज की नीलाक्षी रॉय व लखनऊ की कनिका कपूर लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगी। 27, 28 व 29 सितंबर को पीलीभीत के बंटी राणा थारू लोकनृत्य, सोनभद्र की सुरतिया सिंहा लोकनृत्य, मथुरा के दीपक शर्मा मयूर लोकनृत्य, गाजीपुर के सुनील धोबिया लोकनृत्य, झांसी के जीके शर्मा सैरा लोकनृत्य, अयोध्या की अराधना गौतम बधवा लोकनृत्य, लखनऊ की प्रीति तिवारी कथक नृत्य नाटिका, गोरखपुर के रामज्ञान यादव फरुवाही लोकनृत्य, अमेठी के त्रिपुरारी महाराज नटवरी नृत्य, प्रयागराज की बिना सिंह ढढ़ीया नृत्य और झांसी के रघुवीर सिंह यादव पाई-डंडा नृत्य की प्रस्तुति देंगे। 27 सितंबर की शाम को मुक्ताकाशी मंच पर मथुरा की माधुरी शर्मा ब्रिज के लोक गायन वाराणसी के विशाल कृष्णा शिव तांडव कथक नृत्य नाटिका और पवनदीप अरुणिता सुगम संगीत प्रस्तुत करेंगे। इसी मंच पर 28 की शाम लखनऊ की संजोली पांडे संस्कार गीत गायन, सहारनपुर की रंजना नेब कथक नृत्य (रामकथा नाटिका) व माधवा बैंड का कृष्ण भक्ति गायन होगा। शो के अंतिम दिन 29 सितंबर की शाम मुक्त काशी मंच पर महोबा के जितेंद्र चौरसिया बुंदेली लोक गायन, आगरा की प्रीति सिंह हनुमान चालीसा पर नित्य नाटिका व डॉ.पलाश सेन यूफोरिया बैंड की प्रस्तुति देंगे।

# योगी राज में बदले हालात तो उद्यमियों के सपनों को लगे पंख

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेहनत से उत्तर प्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। सुदृढ़ कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर नकेल का परिणाम है कि अब बिजनेस के क्षेत्र में नित नई ऊंचाई छू रहा है। शहर-ग्रामीण परिवेश की महिलाएं भी सुरक्षा की भावना के साथ कारोबार कर रही हैं। युवा बेहतर भविष्य के लिए नौकरी मांगने नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बन रहा है। यूपी के विकास और तरक्की की बानगी ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में बुधवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में दिखी। बुधवार को शो के पहले ही दिन बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे।

### प्रोत्साहित करती है योगी सरकार : उत्प्रेरक

सिद्धार्थनगर के उत्प्रेरक ने एक साल पहले स्टार्टअप शुरू किया। उनकी कंपनी काला नमक चावल से बेकरी उत्पाद बनाती है। उत्प्रेरक कहते हैं कि इन्वेस्ट यूपी से स्टार्टअप के लिए अप्लाई किया था। तय समय में कारोबार तो शुरू हुआ ही, योगी सरकार ने सब्सिडी भी दी। यही नहीं, सरकार उनके बिजनेस को लगातार प्रोत्साहित करती है। इन्हें थाईलैंड सरीखे देशों में लगने वाली प्रदर्शनी में भी भेजा गया।

### सरकार से मिली ट्रेनिंग और किट : आयशा

प्रयागराज की आयशा बेगम मूंज के उत्पाद बनाती हैं। आयशा कहती हैं कि उनके साथ 20 और महिलाएं जुड़ी हैं। मूंज बनाने के लिए सरकार ने उनकी टीम की सभी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान खाने की व्यवस्था से लेकर किट भी उपलब्ध कराई गई। आयशा ने कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक है। योगी सरकार द्वारा इसे लेकर आमजन को जागरूक किया गया है, इसकी वजह से मूंज से बने उत्पादों की मांग अब बढ़ने लगी है।

### स्वयं सहायता समूह की सफल गाथा हैं गुंजन

ट्रेड शो के पहले ही दिन अंबेडकर नगर की गुंजन के स्टॉल पर भीड़ लग गई। गुंजन द्वारा बनाए पिज्जा की हर कोई तारीफ कर रहा था तो वहीं गुंजन सरकार को धन्यवाद दे रही थीं। गुंजन ने बताया कि उनके पति होटल पर काम करते थे। कोरोना काल में नौकरी छूट गई। गुंजन ने स्वयं सहायता समूह से 10 हजार रुपये उधार लेकर पिज्जा बनाने की मशीन खरीदी। बहुत जल्द काम चल निकला। इसके बाद गुंजन ने स्वयं सहायता समूह से दूसरी बार 50 हजार और बाद में एक लाख रुपये लेकर बड़ी मशीन खरीद ली।

### दिल्ली के मुकाबले योगी सरकार दे रही अधिक सब्सिडी :संयम

मुजफ्फरनगर के संयम जॉगरी कारोबार करते हैं। संयम कहते हैं कि इस तरह के ट्रेड शो से उद्यमियों को बहुत लाभ मिलता है। योगी सरकार दिल्ली के मुकाबले अधिक सब्सिडी दे रही है। योगी आदित्यनाथ ने यूपी की कानून व्यवस्था सुधार दी है। बिजली अब 24 घंटे रहती है। जिससे कारोबारी गतिविधियां बढ़ रही हैं।

### सुरक्षित महसूस करती हैं महिलाएं : संस्कृति

वाराणसी की संस्कृति जरी क्राफ्ट का बिजनेस करती हैं। उन्होंने कहा कि योगी राज में भ्रष्टाचार का पूरी तरह सफाया हो गया। कानून व्यवस्था की स्थिति सही हो गई। एक महिला होने के बावजूद उन्हें कभी डर नहीं लगता। सरकार सुरक्षा, सम्मान व स्वाबलंबन से महिलाओं को जोड़ रही है।

## लेजर शो से दिखेगी विकास गाथा व समृद्ध विरासत

राज्य ब्यूरो, नोएडा

**अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 के पांच दिवसीय आयोजन के दौरान बहुप्रतीक्षित आकर्षणों में लेजर शो का आयोजन भी शामिल है। इस प्रभावशाली आयोजन का शीर्षक 'उत्तर प्रदेश - समय और प्रगति के माध्यम से एक यात्रा' होगा। 27 और 28 सितंबर 2024 की शाम को इसका भव्य आयोजन होगा। यह आकर्षक शो हॉल नंबर 14 और 15 के सामने खुले क्षेत्र में शाम 7 बजे शुरू होगा और दूसरे दिन भी इसका दोबारा प्रदर्शन होगा।

तकनीकी के माध्यम से इस प्रभावशाली शो के जरिए दर्शकों को उत्तर प्रदेश के समृद्ध ऐतिहासिक और विकासात्मक माइलस्टोन को प्रदर्शित किया जाएगा। । प्रदेश की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत से लेकर व्यापार और उद्योग में इसकी वर्तमान उपलब्धियों तक का प्रदर्शन इस शो के जरिए किया जाएगा। इस शो के जरिए दर्शक प्रगति की एक शानदार यात्रा के गवाह बनेंगे। इसमें वे देखेंगे कि कैसे उत्तर प्रदेश अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत के साथ वाणिज्य, नवाचार और आर्थिक विकास के जीवंत केंद्र के रूप में बदल गया है। लेजर शो में राज्य के वैभवशाली अतीत को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें भारतीय सभ्यता, कला और संस्कृति में प्रदेश के शानदार योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही इसके वर्तमान और भविष्य पर भी प्रकाश डाला जाएगा, जिसमें इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि कैसे उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत और एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना जैसी राष्ट्रीय आर्थिक पहलों का नेतृत्व कर रहा है।

- **27 और 28 सितंबर की शाम हॉल नंबर 14 और 15 के सामने खुले क्षेत्र में होगा लेजर शो**

## शासन-सत्ता

# सरकारी अस्पतालों और मर्चरी में खुले में नहीं रखे जाएंगे शव

## सभी मंडलीय व जिला स्तरीय अस्पतालों को व सीएमओ स्तर पर मिलेंगे डीप फ्रीजर

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित रखने के लिए मृतक मरीजों के शव डीप फ्रीजर में रखे जाएंगे। इसके लिए सरकारी अस्पताल और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को डीप फ्रीजर उपलब्ध कराए जाएंगे।

राजधानी के चार अस्पतालों में 17 शव रखने के लिए कुल नौ डीप फ्रीजर खरीदे जाएंगे। पहले चरण में 21 जिलों में 45 फ्रीजर खरीदने के लिए एक करोड़ 68 लाख रूपए राज्य सरकार ने बुधवार को जारी कर दिये हैं। डीप फ्रीजर एक शव से लेकर चार शव तक रखने वालें होंगे। स्वास्थ्य विभाग की विशेष सचिव अर्चना वर्मा ने एक शव रखने वाले छोटे डीप फ्रीजर की कीमत डेढ़ लाख तय करते हुए कुल एक करोड़ 36 लाख 85 हजार रुपये का बजट जारी किया है।

**45** फ्रीजर खरीदने को 1.68 करोड़ रुपये मिले

### इन जिलों को मिलेंगे फ्रीजर

लखनऊ, झांसी, बलरामपुर, आगरा, रायबरेली, अलीगढ़, संतकबीर नगर, मेरठ, वाराणसी, सुल्तानपुर, गोंडा, अंबेडकरनगर, कुशीनगर, बागपत, अमेठी, बुलंदशहर, बांदा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, मथुरा व बरेली

### छोटा फ्रीजर डेढ़ लाख, बड़ा तीन लाख 85 हजार का

एक शव रखने वाले डीप फ्रीजर की अधिकतम मूल्य डेढ़ लाख निधारित किया गया है, दो शव वाला फ्रीजर तीन लाख और चार शव वाले बड़े फ्रीजर की कीमत तीन लाख 85 हजार तय की गई है।लावारिस केस में पोस्टमॉर्टम के बाद भी पहचान के लिए शवों को 48 घंटे तक मर्चरी में रखा जाता है। ऐसे में शवों से बदबू आने लगती है।

### बलरामपुर अस्पताल में आठ और बरेली में 12 शव रखने के लिए मिलेंगे फ्रीजर

राजधानी स्थित बलरामपुर अस्पताल, सबसे बड़ा रेफरल मंडलीय अस्पताल होने के चलते दो-दो शव रखने वाले चार फ्रीजर उपलब्ध कराएं जाएंगे, सिविल अस्पताल और लोकबन्धु अस्पताल को दो शव वाले दो-दो, आलमबाग के 50 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय को एक छोटा फ्रीजर मिलेगा। इसके अलावा बरेली में एक में चार शव रखने की सुविधा वाले तीन फ्रीजर मुख्य चिकित्सा अधिकारी( सीएमओ) को उपलब्ध कराए जाएंगे यानि बरेली में एक साथ 12 शव फ्रीजर में रखने की सुविधा होगी। इसी तरह मुरादाबाद, मथुरा व बुलंदशहर में चार फ्रीजर खरीदने को बजट दिया गया है।

## नर्सिंग और पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में 31 अक्टूबर तक करा सकेंगे पंजीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में इस सत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने की तिथि बढ़कर 31 अक्टूबर कर दी गई है।

इसके लिए उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने जानकारी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भारतीय उपचर्या परिषद नई दिल्ली के निर्देश पर अभ्यर्थियों के प्रवेश व इनरोलमेंट करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी गई है।

# आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के निर्देशानुसार, आईटीआई सत्र अगस्त 2024-25 के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि अब 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है।

राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, सभी राजकीय और निजी आईटीआई संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे 26 से 30 सितंबर 2024 के बीच वॉक-इन प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश की कवायद को पूरा करें। मेरिट के आधार पर संस्थानों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर पंजीकृत और नए आवेदकों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 29 सितंबर, जबकि निजी आईटीआई संस्थानों के लिए यह तिथि 30 सितंबर तय की गई है।

# पुलिस मुझे नोटिस देकर तो देखे: अजय कुमार लल्लू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कुशीनगर में जाली नोट कांड मामले में पुलिस ने उप्र. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को नोटिस भेजने की बात पर अजय कुमार ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने चेतावनी के लहजे में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक बार पुलिस नोटिस देकर तो देखे। उन्होंने कहा कि नोटिस का पूरा जवाब दिया जायेगा। कहा कि पुलिस जांच को भटकाने का काम कर रही है।

अजय कुमार लल्लू ने कहा कि पुलिस इस मामले को राजनीतिक और धार्मिक रंग देने का काम कर रही है। लल्लू ने कहा कि कुशीनगर पुलिस ऊपरी दबाव में मेरे ऊपर बयान दे रही है। उन्होंने कहा कि मैं पूछताछ का पूरा और माकूल जवाब दूंगा। मांग है कि मामले की सही जांच हो। इससे पहले इस मामले में अजय कुमार लल्लू ने सोशल मीडिया पोस्ट कर कुशीनगर पुलिस पर सवाल उठाए थे।

# भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुके शिक्षण संस्थान पर बुलडोजर कब चलेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीतापुर जिले में नाबालिग छात्रा का अपहरण कर उसके साथ यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार एक शिक्षक, मामले को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने सवालिया लहजे से कहा कि इस शिक्षण संस्थान पर बुलडोजर कब चलेगा । महमूदाबाद के इस कॉलेज को जमींदोज कब किया जाएगा । आरोप लगाया कि इस कॉलेज के शिक्षक छात्राओं के साथ बलात्कार कर रहे हैं। इस कॉलेज का प्रबंधन भी इस अनैतिक कृत्य में शामिल है। इसकी जांच होनी चाहिए, कॉलेज प्रबंधन की गिरफ्तारी हो।

मालूम होकि सपा ने बुधवार को सोशल मीडिया में 'एक्स' हैंडल पर आरोप लगाया गया है कि पीड़िता जिस संस्थान में पढ़ती है, वह भाजपाई भ्रष्टाचार का अड्डा है। अब उसी संस्थान का ये कारनामा सामने आया है।

- **सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म से योगी सरकार पर कसा तंज**

सूरतेहाल | गड्ढों को भरने को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश का असर

# प्रदेश में लगभग 44399 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** एक सरकारी आंकलन के अनुसार बरसात के कारण उत्तर प्रदेश में लगभग 44399 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। इन सड़कों में जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इनको भरने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबधित विभाग को निर्देश दिए, जिसका असर भी दिखाई देने लगा।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद ही लोक निर्माण विभाग सहित सड़कों के काम से जुड़े 10 विभागों ने काम शुरू कर दिया है। सभी विभाग मिलकर राज्य की सड़कों के गड्ढे को भरेंगे। क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढामुक्ति के लिए चिन्हित करने लिए चलाए गए अभियान के तहत 20 सितंबर तक उप्र. की कुल 3 लाख 96 हजार 591 किमी लंबी सड़कों में से 44399 किमी. सड़कें ऐसी दिखीं, जिनमें जगह-जगह गड्ढे दिखे।

इन सड़कों को गड्ढामुक्ति अभियान की लिस्ट में शामिल किया गया है। सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव अजय चौहान ने गड्ढामुक्ति के लिए सभी विभागों के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिए हैं। विभागवार कार्ययोजना तैयार करने, बजट की व्यवस्था, मरम्मत कार्य के संबंध में दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं।

सबसे अधिक पीडब्ल्यूडी की 39873 किमी. सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। गड्ढामुक्ति के लिए चिन्हित सड़कों में सबसे अधिक 39873 किमी लंबी पीडब्ल्यूडी की सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं।

इसके बाद नगर विकास की 1636 किमी, मंडी की 720 किमी, राष्ट्रीय राजमार्ग की 624 किमी, गन्ना विभाग की 471 किमी, ग्राम्य विकास विभाग की 313 किमी, सिंचाई विभाग की 309 किमी, पंचायती राज विभाग की 301 किमी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास की 131 किमी तथा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की 21 किमी सड़कें क्षतिग्रस्त मिली हैं।

- **सबसे अधिक सड़के पीडब्ल्यूडी की टूटीं, सबसे कम आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की**

**10** विभागों ने शुरू किया मरम्मत का काम

## सार-संक्षेप

### मुठभेड़ में जाली नोटों का कारोबारी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुशीनगर जिले में पुलिस से नकली नोटों का कारोबार करने वाले गिरोह के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी मुस्तकीम घायल हो गया। आरोपी मुस्तकीम पर 25 हजार का इनाम था। पुलिस ने आरोपी के पास से हथियार भी बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक कुशीनगर के बिनटोलिया गांव में पुलिस की दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। वहीं पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई जिससे एक आरोपी बदमाश घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपी के पास से 30 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए हैं। बतादें कि पुलिस ने इस मामले में 10 लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया है। गिरोह का सरगना समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव रफी खान उर्फ बबलू है। जिन 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया था उनमें दो समाजवादी पार्टी के हैं।

### ई-श्रम में पंजीकृत श्रमिकों को लाभ देने में पांच जिले आगे

**अमृत विचार , लखनऊ :** खाद्य एवं रसद विभाग के हालिया आंकड़ों के अनुसार, उप्र. में कुल 8 .31 करोड़ श्रमिकों का पंजीकरण किया गया है। इसमें 6 .73 करोड़ पंजीकृत श्रमिक पहले से सरकारी राशन का लाभ ले रहे हैं। सत्यापन के लिए श्रमिकों की कुल संख्या 1 .58 करोड़ है, जिसमें 1 .49 करोड़ श्रमिकों का सत्यापन किया जा चुका है। पात्र पाए गए 26 .47 लाख श्रमिकों में 2 .37 लाख को राशन का लाभ मिल रहा है। वहीं सत्यापन में 122 .92 लाख श्रमिक अपात्र पाए गए हैं। ई-श्रम पोर्टल के डाटा के अनुसार, चित्रकूट, अमेठी, गौतमबुद्ध नगर, बलिया और आजमगढ़ में सत्यापन की गति सबसे अधिक है। चित्रकूट में 1374 पात्र श्रमिकों में 498 श्रमिकों को राशन का लाभ मिल रहा है। अमेठी में 8919 पात्र श्रमिकों में 2922, गौतमबुद्ध नगर में 1757 पात्र श्रमिकों में 530, बलिया में 42569 पात्र श्रमिकों में 10623 और आजमगढ़ में 22600 पात्र श्रमिकों में से 5611 श्रमिकों को राशन का लाभ मिल रहा है।

### ईडी कार्यालय में नहीं पेश हुए मोहिंदर सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** नोएडा में हैसिंडा प्रोजेक्ट घोटाले में जांच के दायरे में आए पूर्व आईएएस एवं नोएडा अथॉरिटी के पूर्व सीईओ मोहिंदर सिंह बुधवार को लखनऊ प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए। ईडी ने पांच दिन पहले हैसिंडा के संचालकों के ठिकानों पर छापों के दौरान मोहिंदर सिंह के चंडीगढ़ स्थित आवास को भी खंगाला था। जहां करोड़ों रुपये के हीरे और नामी-बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज मिले थे। इसके बाद ईडी ने मोहिंदर सिंह को पूछताछ के लिए बुधवार को तलब किया था। मोहिंदर सिंह के ईडी के सामने पेश होने के लिए शाम पांच बजे तक अधिकारियों ने इंतजार भी किया। लेकिन न तो वह स्वयं पेश हुए न ही कोई जवाब भेजा। अब उनको दोबारा समन भेजा जाएगा। दोबारा यदि वह पेश नहीं हुए, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मोहिंदर सिंह की तलाश विजिलेंस भी कर रही है। स्मारक घोटाले में उनसे पूछताछ के लिए चंडीगढ़ स्थित आवास पर दो वर्ष पूर्व नोटिस भेजा गया था, लेकिन बाद में पता चला कि वह विदेश में मौजूद हैं।

### 155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के सभी निकायों में 26 सितंबर गुरुवार को सुबह 05 बजे से 02 अक्टूबर रात तक ''155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान'' चलेगा। नगर हो साफ-सुथरा बनाने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन नगरीय उप्र. द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान की शुरूआत होगी। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अपर निदेशक ऋतु सुहास ने बताया कि विशेष सफाई अभियान चलाकर महात्मा गांधी बापू को 155 वें जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि दी जाएगी, निदेशालय स्तर से अभियान की लाईव मॉनीटरिंग भी की जाएगी। अभियान के तहत जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वच्छ स्कूल, स्वच्छ घर, स्वच्छ फूड स्ट्रीट, कल्चरर फेस्ट आदि जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। सुरक्षा शिविर लगाकर सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच, सफाई उपकरण, सुरक्षा किट वितरण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जाएगा।

## एक नजर

### जातिसूचक शब्दों से गाली देने व मारपीट का आरोप

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के पाटनपुर गांव निवासी आसाराम पुत्र नाथूराम वर्मा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि अपने खेत में मवेशी चरा रहा था। तभी दिनेश सिंह शराब के नशे में ट्रैक्टर लेकर आ गया है। चकरोड में तार लगा देने की बात को कह उसके भाई से अभद्रता करने लगा। आरोपी ने जातिसूचक शब्दों से गाली गलौज की। वहीं आसाराम पर ट्रैक्टर चढ़ा देने की कोशिश की। मारपीट कर जान से मार देने की धमकी देने लगा। खेत में कार्य कर रहे रंजीत यादव ने बीच बचाव किया। आसाराम ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। एसआई प्रेमचंद ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### महिला दुकानदार के साथ की छेड़खानी, दी तहरीर

**बिवांर(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला बिलवती ने दुकान आए युवक पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। एक गांव निवासी महिला ने बताया कि मंगलवार को रात में लोधे सिंह उसकी दुकान पर आया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। आरोप लगाया कि 20 हजार रुपये न देने पर जान से मार देने की धमकी दे भाग गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि युवक अपराधी किस्म का है। जिसके खिलाफ आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक से गिरकर दो लोग गंभीर घायल

**राठ(हमीरपुर)।** करही गांव के पास तेज रफ्तार बाइक के फिसलने से उसमें सवार दो युवक गिरकर घायल हो गए। घालयों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। करही गांव निवासी चंद्रशेखर व शिवम जो कि पथखुरी गांव से वापस अपने गांव करही जा रहे थे। तभी रास्ते में सामने से जानवर के आ जाने से बाइक असंतुलित होकर फिसल गई। जिससे चंद्रशेखर और शिवम सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए।

### मारपीट में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के बेरी गांव में दो पक्ष भिड़ गए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। बेरी गांव निवासी प्रशांत सिंह पुत्र शिव बरन सिंह ने दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को घर के बाहर शाम 6 बजे खड़ा था। तभी पप्पू, सत्यम गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बेवजह गाली गलौज कर सिर फोड़ा

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** दरवाजे पर बैठे पड़ोसी को दो लोगों ने अकारण गाली गलौज करके लाठी मार कर सिर फोड़ दिया। पुलिस ने मुकदमा कायम किया है। मुंडेरा निवासी चंद्रभान विश्वकर्मा ने बताया कि वह सुबह दरवाजे बैठा था। तभी पड़ोसी रामकुमार विश्वकर्मा, शिवकुमार विश्वकर्मा अकारण गाली गलौज करने लगे गाली देने से मना करने पर दोनों ने लाठी डंडों से पीटकर सिर फोड़ दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके पीड़ित का मेडिकल कराया है।

### आक्रोश मार्च को सफल बनाने की बनाई रणनीति

**हमीरपुर।** कुरारा ब्लॉक के सभागार में अटेवा के जिला प्रभारी (पंचायती राज विभाग) के कुलदीप की अध्यक्षता में 26 सितंबर को होने वाले आक्रोश मार्च को सफल बनाने के लिए बैठक की गई। जिसमें आक्रोश मार्च को सफल बनाने के लिए रणनीति तय की गई। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक कर्मचारियों को जोड़ने पर बल दिया गया। ब्लॉक संयोजक कमल किशोर वर्मा, कोषाध्यक्ष अच्छेलाल, जिला ऑडिटर कर्मेंद अनुरागी वा जिला उपाध्यक्ष जयनेन्द्र अनुरागी मौजूद रहे। संचालन कर्मेंद्र अनुरागी ने किया।

### समितियों में खाद आने की खबर लगते ही किसानों की तड़के से लग गई लाइन

# खाद वितरण में लापरवाही पर किसानों का हंगामा, पथराव

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



पीसीएफ केंद्र में खाद के लिए लाइन लगाए किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** काफी अरसे के बाद नगर की सहकारी समितियों में खाद आने की खबर मिलते ही सुबह से ही किसानों ने समितियों में पहुंच लाइन लगानी शुरू कर दी। पीएससी केंद्र में वितरण में लापरवाही होते देख किसानों ने हंगामा काट पथराव भी किया। हालांकि पुलिस के पहुंचने के बाद किसानों की लाइन लगवा खाद वितरित की गई। इस खाद वितरण में महिला किसानों को धक्का मुक्की का सामना करना पड़ा।

काफी अरसे के बाद नगर के पीसीएफ केंद्र व क्रय विक्रय समिति में डीएपी खाद आने की भनक लगते ही नगर समेत क्षेत्र के किसानों ने बुधवार को तड़के से ही सहकारी समितियों में पहुंच खाद पाने के लिए लाइन में बैठने लगे। सुबह दस बजते बजते किसानों की लाइन लंबी होती गई। पीसीएफ केंद्र में जैसे ही खाद वितरण खिड़की खुली तो पहले खाद पाने के चक्कर में किसानों ने आपस में धक्का मुक्की शुरू कर दी। लाइन के अलावा दबंग

- हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में खाद का किया गया वितरण
- केंद्र प्रभारी ने बताया कि 1100 बोरी डीएपी खाद आई थी, जो किसानों में बांट दी गई

किसानों को सीधा खिड़की पहुंच खाद लेता देख लाइन में लगे पीछे किसानों ने हंगामा काटना शुरु कर दिया।

वहीं कुछ किसानों ने पथराव भी किया। हालांकि पुलिस के पहुंचने के बाद पुलिस प्रशासन ने पुरुष व महिला किसानों की अलग-अलग लाइन लगवा प्रति किसान 5 बोरी डीएपी खाद वितरित करवाई। हालांकि इसके बावजूद कई किसान खाद पानी से वंचित रह गए। केंद्र के प्रभारी रामशंकर ने बताया कि 1100 बोरी डीएपी खाद आई थी, जो किसानों में वितरित कर दी गई। वहीं नगर के क्रय विक्रय समिति में मंगलवार को 500 बोरी खाद आने पर वहां भी किसानों की भीड़ खाद पाने के लिए उमड़ पड़ी। विक्रय के प्रभारी अतुल कुमार ने बताया कि 435 बोरी खाद मंगलवार को बट गई थी। शेष 65 बोरी खाद बुधवार की सुबह किसानों को दी गई है। उन्होंने किसानों की संख्या देखते हुए प्रति किसान चार बोरी डीएपी खाद दी है।

बताते चलें कि वर्तमान समय में किसानों को डीएपी खाद की सख्त आवश्यकता है। लेकिन सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध न होने पर किसानों को बाजार की दुकानों से खाद लेना मजबूरी बना हुआ है।

#### किसानों की उमड़ी भीड़

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** डीएपी खाद आते ही कस्बे की सभी समितियों में खाद लेने के लिए किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। अगर मौसम ने साथ दिया तो नवरात्र से सरसों, मटर, चना आदि की बुवाई शुरू हो सकती है। काफी समय से सहकारी समितियां में डीएपी खाद का टोटा था। अब सभी जगहों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध है। डीएपी खाद आते ही समितियों में किसानों की सुबह से भीड़ उमड़ रही है। बुधवार को पीसीएफ, किसान सेवा केंद्र, क्रय विक्रय सहकारी समिति एवं क्षेत्रीय सहकारी समिति में डीएपी खाद का वितरण किसानों के मध्य किया गया। किसान रामगुलाम, रामकिशन, घासीराम, देवीदीन, रामेश्वर, घसीटा, कामता प्रसाद आदि ने बताया कि अगर मौसम ने साथ दिया तो नवरात्रि में सरसों मटर चना की बुवाई शुरू हो सकती है।

## शराब पीने से मना करने पर जान देने की कोशिश की

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के पाटनपुर गांव में युवक ने कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। परिजनों के देख लेने पर उसे आनन-फानन फंदे से उतार कर मौदहा सीएचसी ले जाया गया। जहां से सदर चिकित्सालय रेफर किया गया। लेकिन हालत नाजुक होने पर कानपुर हैलट भेजा गया है। पड़ोसियों का कहना है कि परिजन शराब पीने से रोक रहे थे। इसी से नाराज होकर फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की है। पाटनपुर गांव निवासी योगेंद्र सिंह (27) शराब पीने का लती है। बुधवार सुबह उसने अपने मकान में कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और छत में लगे कुंदे में साड़ी बांधकर फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। तभी परिजनों की उस पर नजर पड़ी तो दरवाजा खोलकर उसे अचेत अवस्था में फांसी के फंदे से नीचे उतार मौदहा सीएचसी ले गए। हालत नाजुक होने पर सदर चिकित्सालय रेफर कर दिया। जहां से कानपुर चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया। उसके गले में सूजन आई है। पड़ोसियों ने बताया कि परिजन शराब पीने से रोक रहे थे। नाराज होकर फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की है।



पं. दीनदयाल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई, चढ़ाए पुष्प

**हमीरपुर।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती मनाई गयी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती व पं.दीनदयाल के चित्र पर पुष्पार्चन एवं माल्यार्पण के साथ हुई।

इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को धनकिया नामक स्थान जयपुर अजमेर रेलवे लाइन के पास हुआ था। वह एक भारतीय राजनीतिज्ञ एकात्म मानववाद विचारधारा के समर्थक थे और भारतीय जनता पार्टी के पूर्ववर्ती राजनीतिज्ञ दल भारतीय जनसंघ के नेता थे। वह एक मेधावी छात्र संगठक, लेखक, पत्रकार, विचारक राष्ट्रवादी और एक उत्कृष्ट मानवतावादी थे। इस अवसर पर आचार्य कमलकान्त मिश्र ने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के राष्ट्र जीवन दर्शन के निर्माता माने जाते है। उनका उद्देश्य स्वतंत्रता की पुनर्रचना के प्रयासों के लिए विशुद्ध भारतीय तत्व दृष्टि प्रदान करना था। उन्होंने भारत की समान विचार धारा के युगानुकूल रुप मे प्रस्तुत करते हुए एकात्म मानववाद की विचार धारा दी। कार्यक्रम का संचालन संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया ने व आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रमुख आचार्य सुनीत सचान ने किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेद प्रकाश शुक्ला ने दी।

## सदर विधायक से नमामि गंगे परियोजना से पेयजल आपूर्ति कराने की मांग उठाई

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)



मनकी कला गांव में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते सदर विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मनकी कला गांव पहुंचे सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति से नमामि गंगे परियोजना से पेयजल आपूर्ति न मिलने की शिकायत की। सदर विधायक ने समस्या का शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

क्षेत्र के मनकी कला गांव में सदर विधायक मनोज प्रजापति अपने दल बल के साथ पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या सुनी। ग्राम प्रधान जयकरण व ग्रामीणों ने सदर विधायक को बताया कि नमामि गंगे परियोजना के तहत गांव में 80 ग्रामीणों के कनेक्शन किए हैं। जबकि गांव के अन्य ग्रामीण कनेक्शन के लिए भटक रहे हैं। गांव में कभी कभार पानी की आपूर्ति हो पा रही है। फोन करने पर परियोजना के कर्मी रिसीव नहीं करते हैं। गांव में पाइप लाइन डालने में सीसी सड़क खोदी गई थी। उक्त सीसी का काम होने से इस बरसाती मौसम में आवागमन करने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

ग्रामीणों ने पंप कैनाल की प्रथम माइनर ध्वस्त होने के कारण करीब 100 एकड़ जमीन पलेवा नहीं हो पाती है। जिससे बंजर पड़ी रहती है। ग्रामीणों की शिकायत पर सदर विधायक ने समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। उधर कंडौर गांव के दो दर्जन लोगों ने जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को प्रार्थना पत्र भेज कर पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से करवाने की मांग की है।

गांव के त्यागी सिंह चंदेल ने बताया कि सुबह के समय नमामि गंगे योजना से 1 घंटे ही पानी की आपूर्ति की जाती है। जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्र में पानी नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों ने पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से करने की मांग की है।

## प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए ग्राम पंचायतों से मांगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** डीपीआरओ जितेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किये जाने के संबंध में मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में पंचायत सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजनान्तर्गत प्रत्येक वर्ष पुरस्कृत किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजनान्तर्गत पंचायतों द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर ग्राम पंचायतों को वर्ष 2024-25 में पुरस्कृत किये जाने के लिए ऑनलाइन आवेदन पंचायत पोर्टल www.hamaripanchayat.up.gov.in पर 10 अक्टूबर तक प्राप्त किया जाना है। उक्त शासनादेशों में मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार योजना के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रसारित किये गये हैं। शासनादेश में प्राविधानित व्यवस्थानुसार अपने विकासखंड की अधिक से अधिक ग्राम पंचायतें जिनके द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य किये गये हैं, के आवेदन हमारी पंचायत पोर्टल पर निर्धारित समयावधि के अन्दर कराना सुनिश्चित करें।

इन पुरस्कृत पंचायतों को आदर्श मानकर अन्य ग्राम पंचायतें स्वयं की प्रेरणा स्त्रोत के रूप में कार्य करेगी। पंचायतों को पूर्व निर्धारित शासकीय अधिनियम व नियम के अनुसार कार्यवाही किये जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना। योजनान्तर्गत राज्य एवं जनपद स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा। जिनकी अनुशंसा के आधार पर योजना को निष्पादित किया जाएगा।

## सार-संक्षेप



गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करती प्रभारी सीडीपीओ। अमृत विचार

### गोद भराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सरीला(हमीरपुर)।** विकासखंड सभागार में बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं की गोद भराई और अन्नप्राशन का कार्यक्रम किया गया। कुपोषित बच्चों को पोषण पोटली व बालक-बालिका स्पर्धा के तहत पुरस्कृत किया गया। बुधवार को पोषण माह कार्यक्रम के तहत दो गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व दो बच्चों को अन्नप्राशन किया गया। साथ ही दो कुपोषित बच्चों को पोषण पोटली व बालक बालिका स्पर्धा के तहत प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रभारी सीडीपीओ गीता विश्वकर्मा ने गर्भवती महिलाओं के खानपान के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, मुख्य सेविका, ब्लाक समन्वयक व समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहीं।

### छात्र-छात्राओं पर हो रहे उत्पीड़न का सपा छात्रसभा ने किया विरोध

**हमीरपुर।** सपा छात्रसभा के जिलाध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि प्रदेश की सरकार में लगातार विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को फीस वृद्धि, हॉस्टल फीस वृद्धि व छात्रवृत्ति के नाम पर लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। जिसमें पीडीए परिवार से आने वाले छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि जब से छात्रसंघ का चुनाव बंद हुआ है, तब से छात्र-छात्राओं के हक को विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों द्वारा खत्म किया जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी छात्र-छात्राओं को पेपर लीक, आरक्षण घोटाला और नियुक्तियों में भ्रष्टाचार कर पीडीए परिवार से आने वाले अभ्यर्थियों को परेशान करने का काम किया जा रहा है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। कहा कि पीडीए परिवार से आने वालों पर फर्जी मुकदमे और फर्जी एनकाउंटर किया जा रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं का उत्पीड़न बंद करने, बेगुनाहों छात्र-छात्राओं पर कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की है।

### महिला ने लगाया युवक पर दुष्कर्म का आरोप, दी तहरीर

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसे युवक ने सो रही महिला के साथ दुष्कर्म कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी है। एक गांव निवासी महिला ने बताया कि वह अपने घर में अपने बच्चों के साथ सो रही थी। रात में गांव का एक युवक उसके घर की दीवार फांदकर अंदर घुस आया और उसे दबोचकर उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। महिला के विरोध करने पर युवक ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। शोरगुल सुनकर महिला के सास ससुर जब मौके पर पहुंचे तो आरोपी युवक अपनी बाइक को उसके घर के बाहर छोड़ भाग खड़ा हुआ। महिला ने बताया कि उसका पति बाहर रहकर मजदूरी करता है। घटना के बाद पीड़ित महिला ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### स्वच्छ भारत मिशन की रैली निकाल दिया स्वच्छता का संदेश

**हमीरपुर।** मुख्यालय के अंबेडकर पार्क से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने स्वच्छ भारत मिशन की रैली को रवाना करते हुए नगर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। अधिशासी अधिकारी हेमराज एवं राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक अकबर अली ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन के नेतृत्व में रैली निकाली गयी। रैली को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि हमारा शहर एक स्वच्छ शहर है तथा हमें ग्रीन हमीरपुर क्लीन हमीरपुर के लक्ष्य पर नगर के विकास के पथ पर ले जाना है। नगर पालिका कर्मचारी, सफाई कर्मी एवं इस्लामिया इंटर कॉलेज के छात्र छात्राएं स्वच्छता का संदेश देते हुए चल रहे थे। रैली में मुख्य रूप से हाफिज अहमद, दिलीप कुमार सचान, इरफान जमाल, पंकज कुमार पटेल आदि उपस्थित रहे। ब्रांड एंबेसडर ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से प्रारंभ हुआ स्वच्छता अभियान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर तक निरंतर चलेगा। जिसमें शहर के ब्लैक स्पॉट, वार्ड एवं सभी जगहों पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम कराए जाएंगे। इसमें विद्यालय के बच्चों को भी जोड़ा जाएगा।

### किसानों की फसलें चौपट कर रहे अन्ना मवेशी

**मौदहा (हमीरपुर)।** बड़ी आबादी के खंडेह गांव में आज भी सैकड़ों अन्ना मवेशी लोगों की फसलें नष्ट कर रहे हैं। वहीं आए दिन सड़क किनारे मरने वाले जानवरों से वातावरण दूषित हो रहा है। किसानों को कहना है कि जब वह प्रधान से इन्हें दफनाने की बात करते हैं। वह हरिजन एक्ट लगवाने की धमकी देने लगते हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन भी दिया है। खंडेह निवासी किसान रामचंद्र, रज्जन, भरतलाल, पुत्तन आदि ने कहा कि ज्यादातर किसानों के खेतों में तिल व उड़द जैसी फसलों खड़ी हैं। गांव में रहुनियां सहित कई स्थानों पर अलग-अलग बड़ी संख्या में मवेशी बैठते हैं। जो दिन में खेतों में फसलें चौपट कर रहे हैं। गांव की गौशाला आज भी संचालित नहीं है। ग्रामीणों ने कहा हालात इतने बदलते जा रहे हैं कि अब रबी के लिए खेतों की जुताई बुआई का समय आ रहा है। लेकिन अन्ना जानवरों की समस्या का समाधान प्रशासन कराने में आनाकानी कर रहा है। अधिकारी कहते हैं कि मवेशी सभी गौशाला में बंद रहते हैं और उन्हें चरवाहे चराते हैं। जबकि खंडेह गांव में रात और दिन में इसका किसी समय निरीक्षण किया जा सकता है।

## ठेकेदार पर अनुबंध की शर्तों का पालन न करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- चेयरमैन ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की

**अमृत विचार।** निर्माणाधीन निजी गेस्ट हाउस के कार्य में ठेकेदार अनुबंध की शर्तों का पालन नहीं कर रहा है। इस मामले में गेस्ट हाउस मालिक कुरारा चेयरमैन ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है।

कुरारा नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि ग्राम डामर में अपनी निजी भूमि पर एक गेस्ट हाउस भवन का निर्माण करा रही है। आरोप लगाया कि सतीश यादव निवासी ग्राम भवानी को इसके निर्माण कार्य का अनुबंध पिछले 25 मई को किया था। आरोप है कि ठेकेदार ने समुचित देखरेख नहीं की। जिसमें पिलर का आधा अधूरा कार्य किया है। लापरवाही बरते जाने से फुटिंग में स्टील बाहर निकली है। मेजरमेंट गलत तरीके से किया है। जिससे अब कॉलम तोड़ने पड़ेगे। बरसात का मौसम होने से निर्माण सामग्री में सीमेंट व सरिया खराब हो गई है। जिसमें उसका करीब सात लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। इसको लेकर ठेकेदार कहता है कि उसके पास अभी समय नहीं है। जबकि 70 हजार रुपये ठेकेदार को दिए जा चुके हैं। चेयरमैन ने ठेकेदार पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## एएसआई हुआ जहरखुरानी का शिकार

संवाददाता, राठ(हमीरपुर)

- चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर किया बेहोश
- मोबाइल लेकर 20 हजार रुपये का किया ट्रांजेक्शन



सीएचसी में भर्ती जहरखुरानी गिरोह का शिकार आईटीबीपी का एएसआई।

**अमृत विचार।** कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड में आज आईटीबीपी का एक एएसआई अचेत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। जिसके बाद मौके पर मौजूद रोडवेज कर्मियों ने अचेत अवस्था में पड़े हुए व्यक्ति के परिजनों को बुलाकर उसे इलाज के लिए कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जिसके बाद होश में आने पर अचेत व्यक्ति ने बताया कि जहरखुरानी गिरोह के लोगों ने चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे बेहोश कर दिया था।

महोबा जनपद के पनवाड़ी थाना क्षेत्र के नटर्रा गांव के मूल निवासी भागीरथ पुत्र मदारीलाल ने बताया कि वर्तमान में वह कस्बे के सुभाष नगर मोहल्ले में परिवार सहित रहता है। बताया कि वह इंडियन तिब्बत पुलिस बल (आईटीबीपी) में एएसआई के पद पर तैनात है। तथा उसकी पोस्टिंग देहरादून के पास महिडांडा में है। बताया कि वह देहरादून से लौट कर वापस अपने घर आ रहा था। तभी रास्ते में हमीरपुर के रोडवेज बस स्टैंड में उसे एक व्यक्ति मिल गया। बताया कि उक्त व्यक्ति ने उससे मित्रता करते हुए उसे अपने विश्वास में ले लिया। तथा उसे चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया। एवं उसके बेहोश होते ही उक्त व्यक्ति ने उसकी जेब से मोबाइल निकाल लिया। बताया कि उक्त व्यक्ति ने उसके मोबाइल से 20 हजार रुपये भी ट्रांजैक्शन कर निकाल लिए हैं। बताया कि कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड में उसे बेहोश देखकर रोडवेज के कर्मचारियों ने उसके परिजनों को बुलाकर उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत करने की बात कही है।

**विरोध जताया** | प्रदेश बार अधिवक्ता सम्मेलन में लिए गए निर्णय का अधिवक्ताओं ने किया पालन

# मांगों को लेकर न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता, दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



जनपद न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला अधिवक्ता एसोसिएशन ने प्रदेश बार अधिवक्ता सम्मेलन में लिए गए निर्णय को लेकर जिला बार एसोसिएशन ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश इलाहाबाद को संबोधित मांग पत्र जनपद न्यायाधीश को सौंपा। जिसमें विभिन्न मांगों के निस्तारण करने की मांग कर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।

दिए गए मांग पत्र में जनपद न्यायालय में स्थापित 32 न्यायालयों में 12 रिक्त रहने की बात कही गई। ऐसी स्थिति में न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति किया जाना न्याय हित में किया जाए। कहा कि बार एवं बेंच न्यायिक प्रक्रिया के संचालन का आवश्यक अंग है। विगत कई वर्षों में सरकार द्वारा न्यायिक अधिकारियों को मिलने वाली आवश्यक भौतिक सुख सुविधाओं से परिपूर्ण कर दिया गया है। परन्तु अधिवक्ता समाज आज भी अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के अभाव में बगैर व्यवस्थित चैंबर वाहन पार्किंग के न्यायिक कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं।

बैठने को स्थायी चैंबर व वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जाए। वहीं गठित मानीटरिंग सेल की बैठक में जनपद मुख्यालय स्थित बार एसो. के अध्यक्ष व मंत्री को बतौर सदस्य शामिल किया जाए। न्यायालयों में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएं। जनपद की तहसील राठ में पहले से न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन) न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट है। ऐसे में तहसील राठ में न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट की जरूरत नहीं है। अब किसी कोर्ट की स्थापना न की जाए। बार एसोसिएशन अध्यक्ष भगवानदास दीक्षित, महामंत्री शैलेंद्र सचान, कमलेश धुरिया, अमरजीत शुक्ला, स्वदेश सचान, गजेंद्र पाल सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### मौदहा में अधिवक्ताओं ने काला दिवस मनाया

बार एसोसिएशन मौदहा के अधिवक्ताओं ने इलाहाबाद में जिला अधिवक्ता संघ प्रयागराज द्वारा आयोजित अधिवक्ता मौलिक अधिकार संरक्षण अधिवेशन में लिए गए निर्णय के समर्थन में विरोध प्रदर्शन करते हुए काला दिवस मनाया है। साथ ही 8 सूत्रीय मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद के खंडपीठ की स्थापना किए जाने, प्रदेश के सभी रिक्त न्यायालय में न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अवलंब नियुक्ति करने, न्यायालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के साथ ही न्यायालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने, केन्द्र सरकार द्वारा जारी लोक कल्याणकारी योजनाओं में सभी अधिवक्ताओं को शामिल करने आदि की मांग की है। अध्यक्ष उदयभान सिंह, अधिवक्ता हयात अहमद खान, महामंत्री श्रीकांत राजपूत, अब्दुल हसीब, विनय तिवारी, मो. फरहान सहित बार संघ के सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बंद मिला विद्यालय, रोकी पूरे स्टाफ की तनख्वाह

## बीएसए ने किया पहाड़ी ब्लाक के स्कूलों का मुआयना

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)



मुआयने के समय बंद मिला स्कूल।

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बुधवार को विकासखंड के कई स्कूलों का मुआयना किया। कुचारम में अपराह्न सवा दो बजे उच्च प्राथमिक विद्यालय बंद पाया गया। इस पर पूरे स्टाफ का सितंबर माह का वेतन रोकने के आदेश जारी किए गए।

बीएसए ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा के टाइम एंड मोशन स्टडी शासनादेश के अनुसार पूरे स्टाफ को विद्यालय समय से 15 मिनट पहले एवं विद्यालय बंद होने के बाद 30 मिनट तक उपस्थित रहने के कड़े निर्देश हैं। ऐसे में इस स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं समस्त स्टाफ ने शासकीय/विभागीय उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की है। यह कृत्य उनकी उदासीनता, अनुशासनहीनता व स्वेच्छाचारिता को दर्शाता है, जो शिक्षक आचरण नियमावली के प्रतिकूल है। कृत्य गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में स्कूल के स्टाफ का सितंबर का वेतन/मानदेय अग्रिम आदेशों तक रोक दिया गया। साथ ही इनको निर्देश दिया गया कि इस संबंध में अपना-अपना स्पष्टीकरण खंड शिक्षाधिकारी के माध्यम से कार्यालय में एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराएं। ऐसा न करने पर माना जाएगा कि कुछ नहीं कहना है और एकपक्षीय दंडात्मक कार्रवाई कर दी जाएगी। बीएसए ने बताया कि अपराह्न सवा बजे प्राथमिक विद्यालय ओबरी का मुआयना किया। सहायक अध्यापक ने बताया कि प्रधानाध्यापक बीआरसी में प्रशिक्षण में हैं। 53 बच्चों में से 47 बच्चे उपस्थित पाए गए। शैक्षणिक / भौतिक परिवेश ठीक पाया गया। प्राथमिक विद्यालय कुचारम में निरीक्षण के समय समस्त स्टाफ विद्यालय में उपस्थित पाया गया। 100 बच्चों में से 80 उपस्थित थे। यहां बच्चे विद्यालय बंद होने के समय के पहले ही एक जगह इकट्ठा मिले। बच्चों ने बताया कि वे घर जाने के लिए बाहर खड़े हैं। पठन-पाठन संतोषजनक पाया। विद्यालय में डिजिटल पंजिकाओं का उपयोग करने के लिए प्रधानाध्यापक प्रीतम सिंह व सहायक अध्यापक पवन कुमार को डिजीटल पंजिकाओं का प्रयोग करने और आख्या एक सप्ताह के अंदर कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

**फोन पर बात करते मिले शिक्षक :** कुचारम प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक पवन कुमार यादव विद्यालय परिसर में पेड़ के नीचे बैठकर फोन में बातचीत करते पाए गए। पवन ने बताया कि किसी आवश्यक कार्य के लिए घर के सदस्य से वार्ता हो रही है।

# हत्या के दोषियों को उम्रकैद 28-28 हजार का अर्थदंड

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- व्यापारी के बेटे का अपहरण कर की थी हत्या

**अमृत विचार।** व्यापारी के बेटे का अपहरण कर फिरौती मांगने और फिर हत्या करने के मामले में दो दोषियों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा दी। अर्थदंड भी दिया। अन्य तीन दोषियों को भी कोर्ट ने सजा सुनाई।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि सरैंया निवासी तीरथ प्रसाद केशरवानी ने मानिकपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका 15 वर्षीय बेटा संजू 18 मई 2018 की शाम लापता हो गया। परिचितों और रिश्तेदारों के यहां संजू तलाश की। उसने 20 मई को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि बेटे की तलाश के दौरान वह 24 मई 2018 को गांव के शुभम चौबे के घर में बैठा था। इस दौरान शुभम के मोबाइल में उसके बेटे संजू के मोबाइल से किसी ने फोन किया और उससे बात करवाई गई। फोन करने वाले ने संजू को छोड़ने के एवज में 15 लाख रुपये की मांग की और न देने पर बेटे को मार डालने की धमकी दी। रात होने की वजह से वह अगले दिन सबेरे थाने पहुंचा और रिपोर्ट की। 26 मई 2018 को पुलिस ने गांव के बाहर कुयें से संजू का शव बरामद किया। मृतक के पिता का कहना था कि मोबाइल में फिरौती मांगने वाला उसके गांव सरैंया का बृजेंद्र आरख है। उसके बृजेंद्र, ओम प्रकाश उर्फ मुन्ना, नंदकिशोर उर्फ ननका, राजेंद्र व महेंद्र आदि ने उसके पुत्र को मारकर कुयें में फेंका था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया। हत्या के मामले में दोषसिद्ध सरैंया निवासी बृजेंद्र आरख व कौशांबी जिले के कटरी निवासी ओम प्रकाश उर्फ मुन्ना को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दोनों को 28-28 हजार रुपये का अर्थदंड दिया। कोर्ट ने इसके अलावा अन्य दोषियों कटरी निवासी नंदकिशोर उर्फ ननका, सरैंया निवासी राजेंद्र व महेंद्र को चार-चार वर्ष कारावास के साथ पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड दिया।



एसडीएम पूजा साहू को ज्ञापन सौंपते सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

# सपा ने विरोध-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर संवैधानिक मूल्यों का हनन करने का आरोप लगाते हुए समाजवादी छात्रसभा की जिला इकाई ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। इनका कहना था कि फर्जी एनकाउंटर आम घटना हो चुकी हैं। इसमें सदर विधायक अनिल प्रधान, जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुज यादव भी शामिल रहे।

सपाइयों ने एसडीएम पूजा साहू को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि संवैधानिक पदों पर बैठे विपक्षी नेताओं को अपमानित करने के पीछे केंद्र और राज्य सरकारों की मंशा प्रतीत हो रही है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का हाल ही में पुतला जलाया गया, जो कानूनी और नैतिक दृष्टि से उचित नहीं है। इससे लोगों में व्यापक जनाक्रोश है। सपाइयों ने आरोप लगाया कि फर्जी इनकाउंटर आम घटनाएं हो चुकी हैं। ललितपुर में इंदल पटेल और सुल्तानपुर में मंगेश यादव इसके ताजा उदाहरण हैं। गरीब, किसान, मजदूर और छोटे व्यापारी बेलगाम महंगाई से परेशान हैं। पढ़ा लिखा नौजवान मारामारा फिर रहा है। महिलाओं और बच्चियों के साथ आपराधिक घटनाएं भाजपा के शासन में सबसे ज्यादा हुई हैं। राज्यपाल से मांग की कि अखिलेश का पुतला जलाने वालों के खिलाफ एक सप्ताह के अंदर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए अन्यथा इन सभी मुद्दों के खिलाफ पार्टी व्यापक आंदोलन को विवश होगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष छात्रसभा रोहित यादव, मानसिंह पटेल राष्ट्रीय सचिव अंबेडकर वाहिनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अंकित तिथि 23, प्रदर्शन 25 को

सपाइयों के ज्ञापन और बैनर में तारीख 23 सितंबर लिखी थी। इस संबंध में जब छात्रसभा के जिलाध्यक्ष से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पहले प्रदर्शन 23 को होना था पर यह स्थगित हो गया और इसे आज किया गया।

## एक नजर

### सेवाभारती ने वृद्धों को अस्पताल पहुंचाया

**चित्रकूट।** समाजसेवी संस्था सेवा भारती ने दो वृद्ध मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया। सेवा भारती के जिला महामंत्री राजकिशोर शिवहरे ने बताया कि बुधवार को कलेक्ट्रेट की ओर जाते समय दो वृद्ध रास्ते में बीमार हालत में मिले। इनमें से एक महिला थी। उन्होंने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डा. जितेंद्र सरोज ने दोनों को देखा और इलाज शुरू किया। शिवहरे ने चिकित्सकों की सराहना की।

### एसडीएम से मिले बस्ती के लोग, बताई दिक्कतें

**चित्रकूट।** विस्तारित क्षेत्र शास्त्रीनगर वार्ड 21 शोभा सिंह का पुरवा निवासी कैलाश पटवा, भैरों प्रसाद, पारस राम, नीरज, राजू कोटार्य, राजू सेन, लाला श्रीवास आदि ने बुधवार को उप जिलाधिकारी पूजा साहू को प्रार्थना पत्र देकर मुहल्ले में सड़क, विद्युतीकरण और प्रकाश व्यवस्था तथा नाली निर्माण व साफ-सफाई की मांग की। बताया कि पटेल तिराहे से एसडीएम कालोनी की ओर जाने वाला मार्ग गड्ढों में तब्दील है। मुहल्ले में सफाई नहीं हुई।

### नाबालिग अपहृता को ढूंढा रेप का आरोपी गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट)।** थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहलाफुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी बांदा का निवासी है। नाबालिग को उसके परिजनों को सौंप दिया। 21 सितंबर को एक व्यक्ति ने थाना मऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कालू कुआं बांदा निवासी हालमुकाम शंकर बाजार कर्वी अतुल कुमार उर्फ रवि कुमार उसकी 16 वर्षीया पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है। प्रभारी निरीक्षक मऊ ने इस मामले को एसआई शहनबाज खान को निर्देशित किया गया। एसआई ने 22 सितंबर को पीड़िता को ढूंढ निकाला। पीड़िता के बयान के आधार पर मामले में पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। एसआई ने 25 सितंबर को आरोपी अतुल को भी गिरफ्तार कर लिया।

## खबर का असर..



**चित्रकूट।** अन्ना मवेशियों को लेकर एक बार फिर 'अमृत विचार' की खबर का असर हुआ। बुधवार के अंक में अन्ना मवेशियों के संबंध में समाचार प्रकाशित किया गया था, अनदेखी और लापरवाही से फिर एक गोवंश की मौत। इस पर प्रशासन ने संज्ञान लिया। बुधवार को ही नगर पालिका के दो दर्जन से अधिक कर्मचारी सड़कों से गोवंशों को हटाने लगे। लोगों ने आशा जताई की इस मुहिम को यूं ही बरकरार रखा जाएगा और मवेशियों को उनकी जगह सुरक्षित किया जाएगा। तस्वीर देर शाम पासी तिराहा सोनेपुर रोड की है। ● अमृत विचार

# अरछा, बरेठी में बाढ़ के बाद जनजीवन अस्त-व्यस्त

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

- नदी के किनारों की पिचिंग कराने की मांग उठी

**अमृत विचार।** अरछा बरेठी गांव में बाढ़ के बाद जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। इस स्थिति का गांववालों को हर साल सामना करना पड़ता है। समाजसेवी शंकर प्रसाद यादव ने बुधवार को इस संबंध में डीएम को पत्र दिया। इसमें अरछा बरेठी-सुरसेन संपर्क मार्ग से अरछा पार स्थित केवटनपुरवा तक संपर्क मार्ग बनवाने व बरेठी में नदी के किनारे की पिचिंग कराने की मांग की गई है। शंकर ने बताया कि अरछा बरेठी ग्राम पंचायत में पयस्वनी नदी के किनारे बरेठी गांव की भी बस्ती है। बरसात के समय हर साल बाढ़ आने से नदी का कगार कच्चा होने से कटाव हो जाता है। यह समस्या धीरे-धीरे इतनी विकराल हो गई है कि गांव की अनुसूचित जाति बस्ती, लोधी समाज, केवट समाज, आरख समाज के सैकड़ों घर ढह गए। लोगों को गांव छोड़कर खेतों में पुरवा बनाकर रहने को विवश होना पड़ा। अगर पत्थर की पिचिंग करा दी जाए तो कटाव नहीं होगा और घर ढहने से बच जाएंगे। शंकर ने बताया कि जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं केवटन पुरवा तक पहुंचने के लिए लोक निर्माण विभाग को सड़क बनाने के भी निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप




पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती कार्यक्रम पर मौजूद लोग। अमृत विचार

### ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मनी दीनदयाल जयंती

**सीतापुर (चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। कुलपति प्रो. भरत मिश्र, दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के सेवानिवृत प्राचार्य राजेश सिन्हा मुख्य वक्ता रहे। कुलपति ने कहा कि दीनदयाल के आदर्श हम सबके जीवन में अनुकरणीय हैं। छात्र-छात्राओं को उनके कृतित्व-व्यक्तित्व पर कम से कम दो पृष्ठ आलेख लिखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संयोजन रविकांत श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर प्रो. रमेश चंद्र त्रिपाठी, डा. आंजनेय पांडेय, डा. चंद्र प्रकाश गूजर, डा. शिव शंकर सिंह, केपी मिश्रा, मनीष तिवारी, प्रकाश त्रिपाठी आदि ने विचार व्यक्त किए।

### भूमि विवादों में मुआयना कर लगाएं रिपोर्ट : एसडीएम



एसडीएम सौरभ यादव।

**मऊ (चित्रकूट)।** नवागंतुक उप जिलाधिकारी सौरभ यादव ने राजस्वकर्मियों को निर्देश दिए कि वे भूमि विवाद के मामलों में मौका मुआयना करने के बाद ही अपनी रिपोर्ट लगाएं। उन्होंने बाढ़ और बारिश से किसानों की क्षति का ब्यौरा तैयार करने को कहा। निर्देश दिए कि वरासत के मामलों में लापरवाही न की जाए। सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों पर कठोर कार्रवाई .के लिए भी निर्देशित किया।

### नवजात शिशु मिला



चाइल्ड केयर सेंटर में सुरक्षित नवजात।

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** मंगलवार की रात थाना क्षेत्र के अशोक चौराहा से घटेहा (मप्र) संपर्क मार्ग पर एक नवजात पड़ा मिला। प्राथमिक विद्यालय अतरी मजरा के पास पड़े इस शिशु को देख ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शिशु को चाइल्ड केयर सेंटर भेज दिया। नवजात बालक के मिलने से क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं चल रही हैं।

### आज होगा बैडमिंटन के लिए ट्रायल

**चित्रकूट।** क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वाधान में प्रयागराज में महिला, पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। यह जानकारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विजय कुमार ने दी। बताया कि यह प्रतियोगिता 27 से 29 सितंबर तक होगी।

# 2 गिरफ्तार, सवा 13 किलो गांजा बरामद

**भरतकूप (चित्रकूट)।** भरतकूप पुलिस ने गांजे की तस्करी के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे 13 किलो 200 ग्राम गांजा व बाइक बरामद की गई है। 25 सितंबर को थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने मुखबिर से मिली सूचना पर भरतकूप मंदिर तिराहे से बाइक पर सवार आरोपियों अनिल प्रजापति पुत्र सुकुरुआ निवासी इटौरा थाना पहाड़ी और सत्यपाल यादव पुत्र तिलकधारी निवासी मोतीपुर थाना महाराजगंज (आजमगढ़) को गिरफ्तार किया। इनसे 13 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। बताया कि वे ओडिशा से लाए हैं। चित्रकूट के अलावा बांदा, कौशांबी, फतेहपुर एवं प्रयागराज में सप्लाई करते हैं। इसकी कीमत लगभग तीन लाख 30 हजार रुपये आंकी गई।

# हत्या के दोषी मां-बेटे को हुआ आजीवन कारावास, 1 लाख रुपये का अर्थदंड

संवाददाता,उरई

- न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर सुनाया फैसला
- 2 लोग दोष मुक्त

**अमृत विचार।** एडीजे कोर्ट में ट्रायल पर चल रहे हत्या के मामले में मां-बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जबकि मामले में दो लोगों को दोष मुक्त किया गया।

मामले में अधिवक्ता बृजराजसिंह राजपूत ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बघौरा निवासी जितेंद्र कुमार ने कोतवाली में रिपोर्ट दी थी कि 19 अप्रैल 2016 की शाम उसके पिता ललित कुमार यागिक को मुहल्ले के ही धीरेंद्र उर्फ शिवा यादव फसल का हिसाब करने के लिए घर से बुला ले गए थे। देर रात तक उसके पिता घर वापस नहीं लौटे तो वह भाई सतेंद्र के साथ धीरेंद्र के घर गया, जहां पर दरवाजा खुले थे और धीरेंद्र उर्फ शिवा व उसकी मां किरन देवी बहन संगीता व दो अज्ञात लोग उसके पिता को अंदर से घसीटकर आंगन में ला रहे थे। उन्होंने उन लोगों से जानकारी लेनी चाही तो पांचों लोग मौके से भाग गए। उसने पिता को घायल अवस्था में देखा और तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए, जहा पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मां-बेटा और बहन सहित अज्ञात लोगों खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। जांच में संगीता के खिलाफ कोई सबूत नहीं पाया गया और पुलिस ने मां-बेटा के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। मामले में एडीजे मोहम्मद कमर की अदालत में ट्रायल पर चल रहा था। बुधवार को मामले की सुनवाई पूरी हुई और न्यायाधीश ने धीरेंद्र उर्फ शिवा व किरन देवी को गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जबकि पर्वत सिंह व राम अवतार को कोर्ट ने दोष मुक्त किया गया।

# आधार कार्ड संशोधन में अधिकारी के हस्ताक्षर जरूरी नहीं

**चित्रकूट।** आधार कार्ड में संशोधन या अपडेट कराने में किसी को अधिकारी के दस्तखत नहीं कराने होंगे। यह जानकारी उप जिलाधिकारी पूजा साहू ने दी।

उन्होंने बताया कि किसी भी संशोधन या अपडेट करने के लिए संबंधित व्यक्ति का प्रमाणित दस्तावेज है तो फार्म में किसी अधिकारी के हस्ताक्षर जरूरी नहीं हैं। दस्तावेज ही स्वयं संशोधन के लिए मान्य है। बताया कि उनके पास इस मामले को लेकर तमाम लोग शिकायतें लेकर आते थे। इसपर उन्होंने आधार कार्ड के प्रदेशस्तरीय कार्यालय लखनऊ में निदेशक से वार्ता की।

**कार्यालय नगर पंचायत राजापुर जनपद चित्रकूट**

पत्रांक 407/ न0पं0 राजापुर / 2024–25 दिनांक 25–09–2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त इच्छुक फर्मो एवं नगर पंचायत राजापुर में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत द्वारा शासन से प्राप्त वंदन योजना एवं पेयजल व्यवस्था योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो के ई–निविदायें दिनांक 26.09.2024 से 08.10.2024 को समय 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिनांक को अपरान्ह 02.00 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी http://etendar.up.nic.in की गयी है, जो देखी जा सकती है। उपरोक्त मदों से कराये जाने वाले कार्यो एवं शर्तो आदि से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत राजापुर, जनपद– चित्रकूट

## आयोजन

कालेजों में शीतकालीन खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

# खेलकूद से बच्चों में आती है स्वच्छ प्रतिस्पर्धा की भावना

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



प्रतियोगिता की शुरुआत कराते प्रधानाचार्य।



गोला फेंक प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माध्यमिक विद्यालयों की शरदकालीन वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता कालेजों में शुरू हो गई। बुधवार को चित्रकूट इंटर कालेज में प्रधानाचार्य डा. रणवीर सिंह चौहान ने विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद से बच्चों में स्वच्छ प्रतिस्पर्धा की भावना आती है।

डा. चौहान ने कहा कि खेलकूद से छात्रों का शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि सीनियर, जूनियर और सब जूनियर तीन वर्गों में प्रतियोगिता कराई गईं। सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं डा. आलोक शुक्ला की अगुवाई में हुईं। सभी विजेताओ को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष डा. कुंवर प्रताप सिंह ने बच्चों को ग्लूकोज पिलाया। प्रतियोगिताओं के आयोजन में डा. रमेश सिंह चंदेल, फूलचंद्र चंद्रवंशी, रामबचन सिंह, विवेक तिवारी, वीरेंद्र शुक्ला, गौरीश त्रिपाठी, शंकर यादव, सतीश रैकवार, श्रीनिवास त्रिपाठी, प्रवीण त्रिपाठी, कीर्ति मिश्रा, लक्ष्मी देवी, विवेक श्रीवास्तव, पीएन श्रीवास्तव, विजय कुमार पांडेय, लालमन, तीरथ प्रसाद कुशवाहा, तीरथ पटेल, शक्ति प्रताप सिंह सेंगर, प्रदीप शुक्ला, राकेश सिंह आदि शिक्षक व कर्मचारियों का सहयोग रहा।

**ये हैं खेलों के होनहार:** सीनियर 100 व 200 मीटर दौड़ में जयदीप ने बाजी मारी, जबकि 800 मीटर की दौड़ में धीरेंद्र सिंह प्रथम रहे। बालिका वर्ग की 100 और रंजना 200 मीटर दौड़ में रंजना अव्वल रहीं। 5000 मीटर में रंजीत कुमार, ऊंची कूद में अमित पयासी, लंबी कूद में सर्वेश सिंह प्रथम रहे। भाला फेंक में विजय कुमार, डिस्कस थ्रो में विजय कुमार, बालिका वर्ग गोला फेंक और डिस्कस थ्रो में भारती देवी अव्वल आईं। जूनियर वर्ग 100 मीटर की दौड़ में प्रदीप सिंह, शिवानी सिंह, 200 मीटर में बृजेश कुमार, शिवानी सिंह ने बाजी मारी। 800 मीटर में आजम और लवली सिंह ने अपने अपने वर्गों में पहला स्थान हासिल किया। 3000 मीटर में यश कुमार और लवली सिंह का पहला स्थान रहा। सब जूनियर वर्ग में शैलेंद्र सिंह, गणेश प्रसाद, जय गोपाल, सेजल सिंह, अंशिका और पिंकी देवी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY**

**VACANCY/REQUIREMENT**

| Post/Profile | Minimum Educational Qualification and Experience |
|---|---|
| Coordinator / Assistant Director-Accreditation and International Relations | i) Master Degree in any Discipline with 10 years Teaching and Research or other relevant experience.ii) Ph.D/. Doctoral degree holder will be preferred. iii) In depth hand-on Experience in related work (NAAC-Accreditation/ NIRF /12-B/IQS Ranking etc.) for any university./ HEIs / Research Establishment iv) Experience of International Relations for University/HEIs / Research Establishment (MoU/ Collaborations/Consultancy / FRRO ) |
| Deputy Registrar (Academics & Administration) | I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 6-7 Years Experience as Assistant Registrar or its equivalent in teaching/administrative post in University/HEIs /Research Establishment. iii) Thorough knowledge of University Establishment regulations/GovernanceSystem /Recognition and Accreditations. |
| Assistant Registrar ( Academics) | I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 5-7 years Teaching/administrative Secretarial work or its equivalent in University / HEIs / Research Establishment/ any other organisations.iii) Fully awareness of University Establishment / Governance System.iv) Proficient in Computer operations. |
| Examination Assistant | I) Minimum Graduate Degree in any Discipline. (BCA / MCA will be preferred) ii) Proficient in Computer Operation. MS Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 year of University Examination system. |
| Computer Operator/ Admin. Assistant | i) Minimum Graduate Degree in any Discipline ii) Proficient in Computer operations, MS-Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 years/Freshers may also apply. |

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly -243006 ( U.P)
Resume may be sent within 15 days from the date of Advertisement at : registrar@biu.edu.in Whattsapp: 9799527611
Applicants may also submit their updated Resume online at : www.biu.edu.in/career

# कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों पर लटकी तलवार

कार्यालय संवाददाता महोबा

- मजरों में खुले स्कूलों के सत्यापन का कार्य विभाग ने कराया शुरू
- जिले में 50 से अधिक हैं कम छात्र संख्या वाले विद्यालय



**अमृत विचार।** जिले में एक ही कैंपस में चल रहे प्राइमरी जूनियर स्कूलों को कंपोजिट विद्यालय बनाकर प्राइमरी विद्यालय को खत्म कर दिया गया है साथ ही प्राइमरी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के पद भी खत्म हो गए हैं। इसके बाद 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथकिमक विद्यालयों व 100 से कम उच्च प्राथमिक विद्यालयों के हेड मास्टर के पद का विलय किया गय है। अब 50 से कम छात्रों की संख्या होने पर पूरे विद्यालय का विलय किए जाने की शासन की तैयारी चल रही है, जिसके चलते 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का अस्तित्व खतरे में दिखाई दे रहा है। हालांकि इसमें कई मानकों को ध्यान में रखने के बाद कार्रवाई होगी।

गौरतलब है कि पूर्व की सरकारों ने ग्रामीण अंचलों के अलावा पुरवा और छोटे छोटे मजरों में भी नौनिहालों की सुविधा के लिए एक एक किमी की दूरी पर विद्यालय खोल दिए थे। जहां पर कई सालों से विद्यालय संचालित हो रहे हैं लेकिन पुरवा और मजरों की आबादी कम होने के कारण जिले में ऐसे करीब आधा सैकड़ा से अधिक विद्यालय हैं जहां पर छात्र संख्या पचास से कम है। ऐसी स्थिति में इन विद्यालयों के विलुप्त होने का खतरा मंडराने लगा है। इसी लेकर अब अभिभावक भी बच्चों की पढ़ाई को लेकर खारे चिंतित हैं।

### सत्यापन के बाद होगा निर्णय

- जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने मजरों और पुरवा में खुले पचास से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का सत्यापन कराने के खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए हैं साथ ही महकमे ने ऐसे विद्यालयों की एक्ससाइज शुरू कर दी है। इस दौरान यह भी देखा जा रहा है कि जिन विद्यालयों में पचास से कम छात्र संख्या है वहां एक डेढ़ किमी एरिये में विद्यालय है की नहीं। यदि विद्यालय है भी तो वहां रेलवे लाइन क्रासिंग की समस्या तो नहीं है और कहीं बच्चों को हाईवे पार तो नहीं करना पड़ेगा। मजरे से दूसरे विद्यालय की दूरी अधिक तो नहीं है। बीएसए राहुल मिश्रा का कहना है कि अभी पचास से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का सत्यापन कराया जा रहा है, इसके बाद उनकी समस्याओं को देखते हुए भविष्य में कोई निर्णय लिया जाएगा।

# 1 दिसंबर से शुरू होगी दुर्बल वर्ग के विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया




कार्यालय संवाददाता महोबा

- 19 मार्च 2025 तक आवेदन किया जा सकेगा

**अमृत विचार।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तरप्रदेश द्वारा निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को गैर सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक व पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन एवं लाटरी के लिए प्रथम, द्वितीय तृतीय और चौथे चरण के कार्य के साथ तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। उक्त जानकारी बेसिक शिक्षाअधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रथम चरण के लिए 01 से 19 दिसम्बर, द्वितीय चरणा के लिए 01 से 19 जनवरी 2025, तीसरे चरण के लिए 01 से 19 फरवरी 2025 और चौथे चरण के लिए 01 मार्च से 19 मार्च 2025 तक आवेदन किया जा सकता है। बीएसए द्वारा इस आवेदनों के सत्यापन के लिए प्रथम चरण की तिथि 20 से 24 दिसम्बर, दूसरे चरण का सत्यापन 20 से 23 जनवरी 2025, तीसरे चरण के लिए 20 फरवरी से 23 फरवरी और इसी प्रकार चौथे चरण के आवेदनों के सत्यापन की तिथि 20 मार्च से 23 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। वहीं लाटरी किलने की तिथि प्रथम चरण की 24 दिसम्बर, द्वितीय चरण की 24 जनवरी, तृतीय चरण की 24 फरवरी और चतुर्थ चरण की लाटरी निकालने की 24 मार्च तिथि है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा बच्चों को गैर शासित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में प्रवेश कराए की तिथि घोषित की गई है, जिसमें प्रथम चरण की 27 दिसम्बर, दूसरे चरण की 27 जनवरी, तीसरे चरण की 27 फरवरी और चौथे चरण की 27 मार्च है। प्रवेश के लिए तमाम शर्तों का भी निर्धारण किया गया, जिसमें अलाभित समूह द्वारा सरकार की अधिसूचना के अनुसार अनुसूचित जाति, जनजाति, समाजिक एवं आर्थिक रुप से पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा, एसआईवी, कैंसर पीडित माता पिता का बच्चा, बेघर, निशक्त तथा दुर्बल वर्ग काबच्चा प्रवेश के लिए आवेदन कर सकता है। आनलाइन आवेदन वेवसाइट के माध्यम से कर सकते हैं और आनलाइन की एक प्रति के साथ निवास प्रमाण पत्र, आधारकार्ड, वोटर आईडी, राशनकार्ड, बैंक पासबुक आदिमें से कोई एक होना अनिवार्य है साथ ही बच्चे का जन्म प्रमामण पत्र, जाति, विकलांग प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी से जारी आवेदन के साथ कार्यालय में उपलब्ध करना भी जरुरी है।

# आधे शहर में 3 दिन से जल आपूर्ति ठप, लोग परेशान

## ऊंचाई वाले इलाकों में नहीं जा रहा उर्मिल बांध से सप्लाई का पानी

कार्यालय संवाददाता महोबा


हैंडपंप से पानी भरने के लिए लगी लाइन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इस साल बारिश कम होने से उर्मिल बांध न भर पाने के कारण जल निगम ने आधे शहर में पेयजल आपूर्ति करने में अभी से कंजूसी करना शुरू कर दी है, जिससे लोगों को बारिश के मौसम में भी पानी नहीं मिल रहा है। तीन दिनों से उर्मिल बांध से पानी की आपूर्ति न होने के कारण लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। पानी की तलाश में कोई हैंडपंप तो कोई कुओं में पानी भरने के लिए पहुंच रहा है।

गौरतलब है कि शहरियों की प्यास बुझाने के लिए महोबा पेयजल योजना के तहत वर्ष 2010 में योजना का कार्य पूरा होने के कारण शहर के अलावा श्रीनगर सिजहरी गांव में पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गई थी लेकिन इस साल उर्मिल बांध में बारिश के अभाव में पर्याप्त पानी न आने से पेयजल संकट ने अभी से रुलाना शुरू कर दिया है। इससे माह मई और जून को लेकर लोग खासे चिंतित हैं। पेयजल संकट बढ़ने से लोग हैंडपंपों में पानी भरने के लिए तड़के सुबह से पहुंच जाते हैं इसके बाद भी काफी देर इंतजार करने के बाद पानी मयस्सर नहीं होता है।

शहर में पिछले तीन दिनों से उर्मिल बांध से होने वाली पानी की आपूर्ति नाम मात्र की किए जाने से शहर के ऊंचाई वाले इलाकों में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है जिससे लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। मदन सागर सरोबर से थोड़ी बहुत पानी की आपूर्ति हो जाने पर लोग रात में जागकर पानी भर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ तीन दिन से जलापूर्ति न होने के कारण लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है।

# 1 सप्ताह से बारिश न होने से गर्मी ने किया बेहाल

कार्यालय संवाददाता महोबा


बाजार में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में एक सप्ताह से बारिश न होने और तेज धूप निकलने के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त होकर रह गया है। लोगों का उमस भरी गर्मी और तेज धूप से बुरा हाल है। तेज धूप के चलते धीरे धीरे खेतों की नमी भी खत्म होती जा रही है, जिससे अक्टूबर माह से होने वाली रबी फसल क बुवाई भी प्रभावित होने के आसार बढ़ गए हैं। दूसरी तरफ लोग तेज धूप और गर्मी से खासा परेशान है।

गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से बारिश न होने के कारण मौसम का मिजाज गर्म हो गया है जिसके चलते लोग गर्मी और उमस से बुरी तरह परेशान हैं। किसानों की खरीफ फसल की कटाई और मढ़ाई हो जाने के बाद अब किसान रबी फसल की बुवाई के लिए इंद्र देवता से बारिश के लिए प्रार्थना कर रहा है। किसानों का कहना है कि बारिश एक सप्ताह के अंदर हो जाने से जहां मूंगफली की खुदाई हो जाएगी वहीं रबी फसल के लिए खेतों में बिना पानी लगाए पलेवा लग जाएगा और समय से चना मटर गेहूं राई की बुवाई हो सकेगी। इस साल सितम्बर माह की गर्मी ने पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिए है जिसके चलते लोगों को सितम्बर माह की तेज धूप मई जून की गर्मी का एहसास करा रहे हैं। पल भर के लिए बिजली जाने पर लोग गर्मी से बेहाल हो जाते हैं। सुबह आठ बजे से ही धूप अपना असर दिखाना शुरू कर देती है। वहीं तेज धूप के चलते जन जीवन अस्त व्यस्त होकर रह गया है। दिन में बाजार में आज कल सन्नाटा पसरा रहता है।

# 3 मजारों में उर्स, अकीदतमंदों की रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, महोबा


हजरत कुतुब कत्ताल शाह की मजार में जुटी भीड़। अमृत विचार

- मजारों पर चादर चढ़ाने के बाद मांगी गईं दुआएं

**अमृत विचार।** हजरत नसीरुद्दीन शाह, हजरत मोहम्मद अहमद जंगी और हजरत कुतुब कत्ताल शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया। अकीदतमंदों ने तीनों मजार ए अकदस पर पहुंचकर फातिहा पढ़ी और मन्नते मानी। उर्स के मौके पर महिलाओं की भी भारी भीड़ जुटी। उर्स दौरान मुस्लिम भाईयों के अलावा हिन्दू भाईयों ने भी मजारों पर शिरकत कर दुआएं की। मंगलवार की शाम से देर रात तक मजार पर आने जाने वालों का सिलसिला जारी रहा।

शहर के कीरत सागर के समीप स्थित हजरत हाजी कुतुब कत्ताल साहब के सालान उर्स के मौके पर मजार पर खासी भीड़ उमड़ी। अकीदतमंदों ने उर्स से पूर्व मजार परिसर में बिजली की आकर्षक सजावट की रोशनी से जगमगा दिया था। मंगलवार को रात आठ बजे चादर जुलूस निकाला गया जो प्रमुख मार्गों से होता हुआ मजार परिसर पर पहुंचा और ईशा की नमाज के बाद संदल के बाद फातिहा और दुआ मांगने का सिलसिला जारी हुआ जो देर रात तक चलता रहा। इसी तरह हजरत नसीरुद्दीन शाह की मजार पर संदल के साथ सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया, जहां पर मजार कमेटी द्वारा चादर जुलूस, लंगर और तकरीर का आयोजन किया गया।

उधर शहर की शाही मस्जिद के सामने स्थित हजरत मोहम्मद अहमद जंगी रहमतुल्लाह अलैह मजार के सालान उर्स के मौके पर सभी लोगों ने पहले चादर जुलूस निकाला, जो परंपरागत मार्गों से होता हुआ मजार ए अकदस पर पहुंचा, जहां पर सभी लोगों ने चादर चढ़ाने के बाद फातिहा पढ़ी और दुआएं मांगी। फातिहा के बाद तकरीर का आयोजन किया गया, जहां पर मौलाना ने खिताब करते हुए कहा कि मोहम्मद साहब ने हमेशा इंसानियत का संदेश दिया, बुराईयों से बचकर नेक रास्ते पर चलने की हिदायत दी। कहा कि हम सभी को मोहम्मद साहब के बताए गए रास्ते पर चलकर जिंदगी बसर करनी चाहिए। शहर के तीन मजारों का एक ही दिन उर्स होने से अकीदमंदों की मजार ए अकदस पर खासी भीड़ उमड़ी।

# एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाएं ऋणदाता

कार्यालय संवाददाता महोबा

- योजना के तहत ऋणदाता से नहीं लिया जाएगा कोई ब्याज

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि. उत्तरप्रदेश द्वारा ऐसे लोग जिन्होंने विभिन्न योजना, स्वतः रोजगार, स्वच्छकार विमुक्ति, अनुविनि तथा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी कर्मकार आदि से ऋण प्राप्त किया था, लेकिन कारणवश अभी तक उक्त ऋण जमा नहीं उनके लिए एक मुश्त समाधान योजना का संचालन किया जा रहा है। उक्त योजना एक अक्टूबर से 31 मार्च 2025 तक संचालित रहेगी।

उक्त जानकारी देते हुए उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के जिला प्रबंधक हर्षवर्धन नायक ने बताया कि ऋणदाताओं की सुविधा के लिए एक मुश्त समाधान योजना संचालित की गई है, जिससे उन्हें सहुलियत मिल सके। उन्होंने बताया कि इस योजना के ऋण में लगने वाले याज से मुक्ति मिलेगी, चक्रवृद्धि ब्याज से भी छुटकारा दिया जा रहा है साथ ही ऋण योजना से अधिक अवधि के ब्याज तथा चक्रवृद्धि ब्याज में छूट दी गई है।

जिला प्रबंधक ने बताया कि एक मुश्त समाधान योजना के जरिए ऋण चुकता करने वाले लोगों को सरकारी संस्थाओं, बैंकों से आसानी पुनः ऋण प्राप्त किया जा सकता है जिससे ऋणदाता स्टार्टअप स्थापित करके देशकी उन्नति में सहयोगी बन सकता है। उन्होंने बताया कि यह योजना एक अक्टूबर से 31 मार्च तक चलाई जा रही है, इसलिए जल्द से जल्द योजना का लाभ प्राप्त कर अपना ऋण खाता बंद कराकर बैंकों व सरकारी संस्थाओं से आसानी से ऋण लेते हुए अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार लाए।

# अक्टूबर माह से पोर्टल के जरिए बनेगी सैलरी

**महोबा।** अब कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों के अध्यापिकाओं की अक्टूबर माह से पोर्टल के जरिए वेतन बनेगा। प्रतिदिन अनुपस्थिति के अनुसार वेतन काटेगा, इसलिए अध्यापक पोर्टल पर आनलाइन अवकाश स्वीकृत कराएं।

मालूम हो कि जिला बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में शिक्षकों की सैलरी अब अक्टूबर माह से पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राहुल मिश्रा ने शिक्षकों को सख्त लहजे में चेतावनी जारी कर दी है कि वह नियमित विद्यालय आए और अवकाश लेने पर पोर्टल पर छुट्टी डालकर उसे स्वीकृत कराएं तभी उनका पूरा वेतन मिल सकेगा। बीएसए ने बताया कि सितम्बर तक मिलने वाला वेतन आफलाइन तैयार किए जाने के कारण अभी तक शिक्षकों को असुविधा नहीं हुई, लेकिन अब अक्टूबर माह से आनलाइन वेतन दर्ज की जाएगी।

# स्पर्द्धा में प्रतिभाग करने वाली छात्राएं सम्मानित

संवाददाता जैतपुर महोबा


सम्मानित होने के बाद खड़ीं छात्राएं। अमृत विचार

- राजकीय बालिका इंटर कालेज जैतपुर में समाजसेवी की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जैतपुर में छात्राओं कर सम्मान समारोह हुआ। समाजसेवी द्वारा बेटियों के पद पूजन कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मौके पर छात्राओं के मध्य सामान्य ज्ञान व वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। साथ ही एक छात्रा का जन्मदिन होने पर सभी ने धूमधाम से उसका जन्म दिवस मनाया।

समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी द्वारा अक्टूबर में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा होने वाली परीक्षा की तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि परीक्षार्थियों को समय सारणी और लक्ष्य बनाकर अपनी पढ़ाई करनी चाहिए। कहा कि छात्र छात्रओं को मानसिक स्वच्छता के साथ शारीरिक सामाजिक कार्य करने की क्षमता के साथ राष्ट्र प्रेम करते हुए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर बालिकाओं को उनके चरित्र निर्माण भारतीय संस्कृति, संस्कारों, नैतिक शिक्षा एवं संकल्प और उद्देश्य को लेकर अध्ययन करने पर बल दिया गया। संस्था की प्रधान अध्यापिका शशि देवी ने कहा कि जिस प्रकार से बुंदेलखंड क्षेत्र में समाजसेवी द्वारा बुंदेलखंड क्षेत्र के आठ जिलों में मोटरसाइकिल से 15 वर्षों से यात्रा कर रहे हैं और निजी तौर पर विद्यार्थियों को जीवन के अनुभव से आत्मविश्वास जागते हैं यह एक सराहनीय कार्य है।

कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां और जानकारी बच्चों को मिलने के कारण बच्चों का मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ाया गया साथ ही जीवन को राष्ट्र सेवा देशभक्ति और सामाजिक कार्यों में शिक्षित होकर आगे बढ़ने का संकल्प ही लिया। कार्यक्रम दौरान वाद विवाद और सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें विद्यालय की 15 छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपने कौशल का परिचय दिया। सभी प्रतिभागियों के समाजसेवी द्वारा उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया साथ ही छात्रा रानी का जन्मदिन होने पर सभी लोगों ने मिलकर धूमधाम से जन्मदिवस मनाया गया।इस मौके पर शिक्षक बबली खातून सुजाता सिंह कुमारी संध्या अभिलाष पटेरिया ज्योति विश्वकर्मा मनीष गुप्ता एवं नंदराम कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**महोबा।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आशाराम के निर्देश पर चिकित्साधीक्षक डा. प्रदीन सिंह राजपूत के नेतृत्व में काशी प्रसाद इंटर कॉलेज खरेला में बुधवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया।

इस मौके पर पर स्वास्थ्य टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निर्धारित 47 बर्थ डिफेक्ट बामारियों से अवगत कराया। इस मौके पर डाक्टरों ने बताया कि बर्थ डिफेक्ट बीमारियों का सीएससी डीएच एवं मेडिकल कॉलेज के माध्यम से उपचार एवं सर्जरी कराई जाती है जिसमे पैदाइसी दिल की बीमारी बहरापन आंखों की बीमारी टेढ़े पैर कटे होंठ एवं तालु प्रमुख बीमारियों का इलाज निःशुल्क कराया जाता है। प्रधानाचार्य डा. अशोक कुमार सिंह, डा. इफ्तेखार खान, डा. चेतना गुप्ता, रामशरण बुधौलिया, फिजियूथरेपिस्ट महेश सेन, स्टाफ नर्स नीता सोनी, मौके पर उपस्थित रहे।

**मांग** शिवसेना के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

# नवरात्र पर्व पर मांस और शराब की दुकानें रहें बंद

कार्यालय संवाददाता महोबा


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते शिवसेवा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शिवसेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नवरात्र पर्व को देखते हुए जिले में संचालित मांस और शराब की दुकानों को नौ दिनों तक बंद किए जाने को लेकर बुधवार को कलेकक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबाधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति पर अतिरक्त एसडीएम को सौंपा।

शिवसेना के जिलाध्यक्ष अनुज कुमार तिवारी के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे, नवरात्र पर्व पर सामाजिक और सनातनी आस्था और सुरक्षा के तहत मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि आगामी 03 अक्टूबर से नवरात्र पर्व शुरू हो रहे हैं। नौ दिन तक चलने वाले इस पर्व में जगह जगह देवी प्रतिमाओं को पंडालों में विराजमान किया जाता है। यही नहीं शहर के देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में माता बहने और देवी भक्त पूजा अर्चना करने के लिए सुबह शाम आते जाते हैं। बताया कि मंदिरों और देवी पंडालों के मार्ग पर मांस और मदिरा की दुकानें संचालित हैं। नौ दिन तक चलने वाले नवरात्र पर्व पर संचालित मांस और मदिरा की दुकानें बंद रखने के आदेश दिए जाएं, जिससे अराजकतत्वों द्वारा महिलाओं के साथ छीटाकशी की वारदात न हो सके। जिलाध्यक्ष ने बताया कि नवरात्र पर्व पर नौ दिनों तक मांस और शराब की दुकानों को पूर्णतः बंद किया जाए साथ ही मंदिरों और देवी पंडालों के आसपास और मार्गों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाए। जिससे यहां से आने जाने वाले भक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और देवी की श्रद्धाभाव के साथ पूजा अर्चना की जा सके। ज्ञापन देने वालों में आशीष शुक्ला, शिवम चौरसिया, अमन चौरसिया, संजय, रोहित विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी अजय अनुरागी, राजेंद्र अवस्थी, अभिषेक अनुरागी, धनराज सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, संगम, राजेंद्र सोनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दस गाड़ियों का काफिला लेकर शिकोहाबाद जाएंगे व्यापारी

**महोबा।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा कार्यालय में बुधवार को व्यापार बंधुओं की बैठक हुई। बैठक में 29 सितम्बर को शिकोहाबाद में हो रहे प्रदेश कार्यकारिणी व्यापार सम्मेलन में सहभागिता पर चर्चा की गई।

मंडल के युवा अध्यक्ष मनु गुप्ता ने बताय कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए हमें रणनीति के तहत कार्य करना होगा। संगठक के प्रत्येक पदाधिकारी को पहुंचकर भागीदारी निभाना होगा। सम्मेलन में जाने के लिए 10 गाड़ियां लेकर चलेंगे। सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान, मंत्री नटवर गोयल व व्यापारी कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग प्रदेश अध्यक्ष अरुण अग्रवाल तमाम लोग सम्मलित होगा।

# हर्षोल्लास से मनाई पं. दीनदयाल की जयंती

कार्यालय संवाददाता महोबा


कार्यक्रम को संबोधित करते पं . जगप्रसाद तिवारी। अमृत विचार

- सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में एकात्म मानवतावाद के पुजारी पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर उनके जीवन और राष्ट्र के प्रति सेवा भाव पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कालेज के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने कहा कि संपूर्ण भारत देश उसके आदर्श को याद कर रहा है। उपाध्यायजी ने अविवाहित रहकर अपना समस्त जीवन राष्ट्र की सेवा में लगा दिया।

संगीताचार्य पं. जगप्रसाद तिवारी ने कहा कि दीनदयाल जी के अंदर बाल्यकाल स ही राष्ट्र भक्ति के गुण दिखाई देते थे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक के साथ साथ वह एक महान चिंतक, समाज सुधारक, विचरक तथा पुस्तकों के लेखक के अलावा एक राजनेता भी थे। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तर प्रदेश के मथुरा में हुआ था। वे एक महान भारतीय विचारक, संगठनकर्ता और राजनीतिक नेता थे, जिन्होंने भारतीय समाज की जड़ों को मजबूत करने और देश के गरीब और वंचित लोगों के उत्थान के लिए आजीवन काम किया। आचार्य राजाबाबू तिवारी तथा जगनारायण तिवारी ने भी पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन व व्यक्त्व पर विस्तार से प्रकाश डालते एकात्म मानववाद का प्रेणता बताया। अंत्योदय दिवस हर साल 25 सितंबर को मनाया जाता है। भारतीय समाज में गरीबों और वंचितों के उत्थान के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

# एसबीआई की शाखा में लगी आग, मचा हड़कंप

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** स्टेट बैंक शाखा कालपी में बुधवार दोपहर को बिजली का शॉर्टसर्किट होने से आग लग गई। इससे कर्मचारियों में कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। सभी ग्राहक और कर्मचारी बाहर आ गए। बैंक परिसर में मौजूद अग्निशमनयंत्र से आग पर काबू पाया गया। बैंक प्रबंधन का कहना है कि आग से किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को शाखा के परिसर में रोजाना की तरह बैंक का कार्य चल रहा था। इसी दौरान बिजली का शार्ट सर्किट हुआ और शाखा के एक हिस्से में आग लग गई तथा धुआं पूरे परिसर में भर गया। धुआं होते ही कर्मचारियों और ग्राहकों में अफरातफरी का माहौल हो गया। लोग बैंक छोड़कर बाहर आ गए। आग लगते ही बैंक में स्थापित सायरन बजने लगा। शाखा प्रबंधक मनोहर सिंह के निर्देश पर बैंक में स्थापित आग बुझाने के उपकरण तथा सिलेण्डर के द्वारा आग पर तुरंत काबू पाया गया। बुधवार को बैंक ऑडिट कार्य शाखा में चल रहा था। पूर्व मैनेजर विनोद कुमार सिंह मौके पर मौजूद थे। आग का धुआं फैलते ही स्टाफ के लोग तथा ग्राहक बाहर निकल आए। शाखा प्रबंधक के मुताबिक आग से कोई भी नुकसान नहीं हुआ। सायरन बजते ही कालपी कोतवाली पुलिस तथा अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। आग पर काबू नहीं पाया जाता तो भारी क्षति हो सकती थी।


आग की घटना के दौरान एसबीआई की शाखा के बाहर खड़े कर्मचारी व अन्य।

- **शॉर्ट-सर्किट होने से लगी आग, नहीं हुआ कोई नुकसान**


बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर जलता हुआ ट्रक। अमृत विचार

## आग का गोला बना चलता हुआ ट्रक, खलासी-ड्राइवर बचे

**उरई।** जालौन कोतवाली क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर शार्ट सर्किट के चलते ट्रक में आग लग गई। झांसी निवासी अंकित कुशवाहा 39 वर्ष मंगलवार रात को अपने हेल्पर राहुल वंशकार 19 वर्ष के साथ मंगलवार रात को ट्रक लेकर झांसी से हरदोई की ओर जा रहा था। इस दौरान जब वह बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर छिरिया टोल टैक्स के पास से गुजर रहे थे। तभी अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से ट्रक के केबिल में आग लग गई। जिससे ट्रक से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते ट्रक धू-धूकर जलने लगा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर आग का गोला बना ट्रक देखकर वहां अफरातफरी मच गई, गनीमत रही कि समय रहते चालक और खलासी ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई और ट्रक तरह जल गया। ट्रक में मौरंग लदी थी।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और एक्सप्रेसवे की टीम ने ड्राइवर व खलासी को तुरंत चिकित्सा जांच के लिए भेज दिया। हालांकि दोनों को कोई गंभीर चोट नहीं आई। पुलिस ने ट्रक के मालिक राजेश साहू को आग की जानकारी दे दी है। घटना के बाद से एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया था। जिसे पुलिस ने नियंत्रित कर जल्द ही बहाल कर दिया। और फायर ब्रिगेड की टीम को भी सूचना दी गई, ताकि आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सके। ट्रक में लगी आग के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन प्राथमिक रूप से इसे शॉर्टसर्किट का मामला माना जा रहा है।

## 10 अक्टूबर तक गड्ढा मुक्त होंगी सड़कें

**कालपी।** नगर के विकास कार्यों तथा सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए नगर पालिका परिषद के द्वारा कवायद तेज कर दी गई है। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि मोहल्ला रामचबूतरा में आनन्दी देवी से फूला देवी तक तथा खानकाह शरीफ से बिजली घर तक की सड़क क्षतिग्रस्त है, इन सड़कों को प्राथमिकता से गड्ढा मुक्त करने की योजना तैयार की गई है। नगरीय क्षेत्र की सड़क जहां पर टूटी हुई है शासन की मंशा के अनुरूप 10 अक्टूबर तक गड्ढा मुक्त कराया जाएगा। इसके लिए सर्वे किया जा चुका है। बताया कि नगरीय विकास कार्यों के लिए सभासदों तथा आम जनता से भी राय ली जा रही है गत दिनों नगर के गण नागरिकों की आयोजित बैठक में विकास कार्यों को लेकर व्यापक चर्चा की गई थी उन्होंने बताया कि नगर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के लिए पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में कर्मचारियों की टीम जुटी हुई है उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को प्राथमिकता से कराया जा रहा है।

# लेखपाल से मारपीट के मामले में किसान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**फालोअप**

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** लेखपाल व किसान के साथ हुई मारपीट के मामले में किसान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

तहसील में ग्राम लौना क्यामदी क्षेत्र में तैनात लेखपाल विनोद कुमार ने पुलिस को बताया था कि मंगलवार की सुबह करीब सात बजे मौजा अम्मरगढ़ में फसल का सर्वे करने के लिए गए थे। इसी दौरान गांव के किसान रामनिवास अपने दो साथियों के साथ वहां आ गए और उनके खेत का पहले मुआयना करने और उन्हें मुआवजे के 20 हजार रुपये पहले की देने का दबाव बनाने लगे। जब उन्होंने कहा कि वह उनके खेत का मुआयना कर चुके हैं और मुआवजे की धनराशि स्वीकृति के बाद खाते में आएगी तो वह अभ्रदता करते हुए गाली गलौज करने लगे, बाइक की चाबी भी निकाल ली। मना करने पर साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं मौजा का नक्शा भी उनके हाथ से छीनकर मलंगा नाले में फेंक दिया। लेखपाल के साथ हुई मारपीट की जानकारी जब तहसील क्षेत्र के लेखपालों को हुई तो उन्होंने काम बंद कर दिया था। शाम को लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष वैभवकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में रिपोर्ट दर्ज कराने और लेखपालों की सुरक्षा को लेकर एक ज्ञापन भी दिया गया था। वहीं देर शाम पुलिस के लेखपाल की तहरीर पर आरोपी किसान रामनिवासी व उनके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


25 सितंबर के अंक में प्रकाशित खबर।

## एक नजर

### नाले में गिरा चरवाह, मौत

**उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम बिचौली से गुजर रहे गंदे नाले में गिरकर वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बरामद किया है। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम बिचोली के बाहर से गुजरा गंदा नाला इन दिनों ओवरफ्लो चल रहा है। मंगलवार शाम को गांव का ही वृद्ध शिवकुमार 60 वर्ष जब अपनी बकरियों को चराकर वापस घर लौट रहे थे। तभी अचानक वह नाले में गिरकर डूब गया। इस दौरान वहां मौजूद गांव के लोगों ने उसे नाले में डूबते देखा तो उनमें हड़कंप मच गया और उन्होंने मामले की खबर गांव व उसके परिजनों को दी। जानकारी पाकर परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे और वृद्ध की तलाश शुरू कर दी। पानी ज्यादा होने की वजह से कोई जानकारी नहीं हो सकी है। जिसके चलते बुधवार सुबह पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसकी खोजबीन शुरू करवा दी। पुलिस की मौजूदगी में नाला खंगालने में लगे गोताखोरों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद वृद्ध का शव घटना स्थल से करीब सौ मीटर दूरी पर ही बरामद कर लिया। मृतक के लड़के आशुतोष ने बताया कि पिता रोजाना बकरी चराने जाते थे और गंदा नाले के आसपास ही रहते थे, वापस लौटते वक्त उनके साथ घटना हो गई।

### साहब! मेरी भूमि पर कुछ लोग कब्जा कर रहे

**उरई।** शहर के कोंच रोड़ स्थित मुहल्ला मैकेनिक नगर निवासी वेबा सरोज वर्मा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर उसकी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत की गई। महिला ने बताया कि अनुसूचित जाति की विधवा महिला है। जिसके पति की कोरोना महामारी के दौरान मृत्यु हो गयी थी। जिसकी बजह से प्रार्थनी विधवा व बेसहारा है। जिसकी पैतृक जमीन ग्राम अजनारी तहसील उरई के खसरा संख्या 410 क्षेत्रफल 0 .1700 हेक्टेयर है। जिस पर कब्जा किया जा रहा है।

### ग्रामसभा की भूमि को कब्जा मुक्त कराएं

**कालपी।** कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम कीरतपुर में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि ग्रामसभा की भूमि एवं पट्टे नपवाकर कब्जेधारकों से जमीन को मुक्त कराया जाए।

# मौके पर जाकर करें शिकायतों का निस्तारण

## मंडलीय समीक्षा बैठक में आयुक्त ने दिए निर्देश, अभियान चलाकर पूरी कराएं राशनकार्ड धारकों की ई-केवाईसी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने मंडलीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए आईजीआरएस मामलों का निस्तारण मौके पर जाकर करें। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण विशेष ध्यान देते हुए गुणवत्ता से करें 1 राशनकार्ड़ों की ई केवाईसी को पूरा करने को अभियान चलाने के निर्देश दिए 1

बुधवार को आयुक्त कार्यालय सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त ने मंडलीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस प्रकरणों का निस्तारण स्थलीय निरीक्षण करते हुए तथा शिकायतकर्ता से संम्पर्क करके गुणवत्ता से करें। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का विशेष ध्यान रखते हुए गुणवत्ता से किए जाने के निर्देश दिये। राशन कार्डों के ई-केवाईसी जो अभी शेष हैं, अभियान चलाकर कराएं। आयुक्त ने कहा की एक्सप्रेसवे व सड़कों के किनारे गांवों में कोई भी गोवंश विचरण करते नहीं मिलें, इसके लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी बांदा नगेन्द्र प्रताप, जिलाधिकारी चित्रकूट शिवशरणअप्पा जीएन, जिलाधिकारी हमीरपुर घनश्याम, जिलाधिकारी महोबा मृदुल चौधरी, अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त यशवंत कुमार सिंह सहित मंडल के समस्त मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा मंडलीय अधिकारी उपस्थित थे1

**दवा वितरण व पर्चा के लिए अतिरिक्त काउंटर बनाएं** :आयुक्त ने मंडल के सभी जिला अस्पतालों में जहां मरीजों की भीड अधिक रहती है वहां दवा वितरण व पर्चा के लिए एक-एक और 1 काउंटर खोले जाने के निर्देश दिए 1 अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यालयों को ई-आफिस किये जाने की व्यवस्था पूरी करें1


मंडलीय समीक्षा बैठक करते आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी व जिलाधिकारी। अमृत विचार

### बांदा-हमीरपुर में पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति बढ़ाएं

- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन बढायें, बांदा व हमीरपुर में योजना में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये।

### सम्मान निधि योजना की 15 दिन में पूरी कराएं ई-केवाईसी

- किसान सम्मान निधि योजना में जिन किसानों की ई-केवाईसी किया जाना शेष रह गया है, उसको 15 दिनों में पूरा कराए जाने के निर्देश दिये। सोलर लाइटों के जलने की चेकिंग कराये जाने तथा विद्युत आपूर्ति निर्धारित अवधि के अनुसार किये जाने को बांदा जिले में सुधार किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन गरीब लोगों के मकान कच्चे व खराब स्थिति में हैं, ऐसे पात्र लोगों को चिन्हित कर योजना का लाभ दिलाया जाए।

### गौशालाओं में नहीं मिलना चाहिए कीचड़

- निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए आयुक्त मुख्य विकास अधिकारियों एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं का निरीक्षण कर वहां पर गौवंशों को आवश्यक व्यवस्थाएं कराते हुए गौशालाओं में कीचड़ आदि न रहने पाये तथा गोवंशों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक गौशाला में केयर टेकर की हर समय उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

## सार-संक्षेप


समीक्षा बैठक करते पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह। अमृत विचार

### लंबित प्रारंभिक जांचों को समय से पूरा कराएं

**बांदा।** चित्रकूट धाम परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षकों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की तथा अपराध नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही शिकायत प्रकोष्ठ (जनसुनवाई) से संबंधित लंबित प्रार्थना पत्रों का शीघ्र निस्तारण हो। आईजीआरएस से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए। प्रचलित अभियान आपरेशन कन्विक्शन, आपरेशन दृष्टि व आपरेशन त्रिनेत्र में कार्यवाही के संबंध में और लम्बित प्रारम्भिक जांच एवं विभागीय कार्यवाही को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने को कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन आदि के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए। आपरेशन ईगल की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल, चित्रकूट अरूण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डा .दीक्षा शर्मा, पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल एवं पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल मौजूद रहे ।

### पति ने लगाया अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

**जालौन।** छह दिन पूर्व नगर में स्थित प्राइवेट चिकित्सालय में हुई महिला व उसके बच्चे की मौत के मामले में मृतका के पति ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाकर सीओ को शिकायती पत्र देकर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलाईपुरा निवासी कृष्ण कुमार की 26 वर्षीय पत्नी पूजा कुशवाहा गर्भवती थी। उसकी डिलीवरी होनी थी। जिसके चलते वह गांव के आशा बहू के साथ 19 सिंतबर की रात नगर में सब्जी मंडी स्थित एक प्राइवेट चिकित्सालय पहुंच गया था। पति ने सीओ शैलेंद्र बाजपेई को शिकायती आरोप लगाया कि उसने रात में पत्नी को अस्पताल में भर्ती करा दिया। स्टॉफ ने उसे नार्मल डिलीवरी का भरोसा दिलाया गया और उससे 15 हजार रुपये जमा करा लिए गए। रात में पत्नी की हालत खराब होने पर भी स्टॉफ ने कुछ नहीं किया। बल्कि सुबह हालत और अधिक खराब होने पर उसे मेडीकल कॉलेज भेज दिया। जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने जच्चा बच्चा को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित पति ने अस्पताल प्रबंधन व स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सीओ से मामले में अस्पताल प्रबंधन व स्टॉफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### रुपये हड़पने की चचेरे भाइयों व बहन पर रिपोर्ट दर्ज

**कालपी।** रेलवे में संविदा पर नौकरी के नाम पर सवा लाख रुपये हड़पना चचेरे भाइयों व बहन को मंहगा पड़ गया। पुलिस ने जांच के बाद पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। नगर के मुहल्ला उदनपुरा निवासी हसनैन खांन ने बीते दिनों कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया था कि नगर के मुहल्ला रावगंज निवासी अनमोल ठाकुर ने रेलवे विभाग मे सँविदा पर नौकरी लगवाने का बादा कर उससे विभिन्न माध्यमों से सवा लाख रुपए लिए थे। लेकिन काफी दिन बीत जाने के बाद भी जब नौकर नहीं लगी तो उसने अपना रुपये बापस मागना शुरू किया, लेकिन वह टरकाता रहा। बताया कि जब उसने सख्ती की तो वह व उसकी बहन प्रिया ठाकुर, चचेरा भाई ओम ठाकुर उसे धमकाने लगे थे। जिसकी शिकायत उसने कोतवाली पुलिस से की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। जिसपर उसने इस मामले की शिकायत पुलिस उपाधीक्षक डा . देवेन्द्र पचौरी से की थी। जिस पर जांच की तो सही निकला और उन्ही के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी अनमोल ठाकुर, ओम ठाकुर व बहन प्रिया ठाकुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में 2 महिलाओं की हुई मौत

संवाददाता जालौन

- **कोतवाली क्षेत्र के 2 गांवों में हुईं घटनाएं**

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अलग अलग गांवों में संदिग्ध परिस्थितियों में दो महिलाओं की मौत हो गई। परिजनों ने मौत का कारण बीमारी बताया है। महिलाओं की मौत के मामले में सूचना मिलने पर पुलिस ने महिलाओं के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करवाया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरगांव निवासी अरविंद कुमार की (33) वर्षीय पत्नी गीता देवी की मौत हो गयी है। परिजनों ने बताया कि वह लंबे समय से बीमार थी जिसका उपचार चल रहा था। बीमारी के चलते उसकी मौत हो गयी हैं। उधर, ग्राम हरकौती निवासी मगन की (32) वर्षीय पत्नी नेहा लंबे समय से बीमार चल रही थी। बुधवार को उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे उच्च संस्थान लेकर जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत गयी। किसी तरह का विवाद न हो इसके लिए पुलिस ने शवों का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

# अहंकार व्यक्ति के विनाश का कारण

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** अहंकार व्यक्ति के विनाश का कारण बनता है, इस लिए जीवन में कभी भी अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार समूल नाश की जड़ है। यह बात बुधवार को कथा वाचक व्यास आचार्य शिवम द्विवेदी ने राजा बलि की कथा के दौरान श्रीआनन्दी देवी रामचबूतरा में चल रही भागवत कथा के पांचवें दिन कही।

उन्होंने ने दानवीर राजा बलि और बामन प्रभु की कथा से शुरुआत की। कहा बलि सप्त चिरंजीवी में से एक प्रसिद्ध विष्णु भक्त दानवीर महान योद्धा थे। विष्णु प्रभु बावन देव के रूप में उसके पास पहुंचे और दान में तीन पग भूमि मांगी। अहंकारी बलि ने सोचा ये तो छोटी सी काम है, मेरा पूरी धरती पर अधिकार है मैं इसे तीन पग भूमि दान दे देता हूं। बलि बामन प्रभु को तीन पग भूमि देने के लिये संकल्प कर रहे थे उस समय दैत्यों के गुरू शुक्राचार्य ने उसे रोकने की कोशिश की। दर असल शुक्राचार्य जान गये थे कि बामन के रूप में स्वयं प्रभु विष्णु हैं। पर बलि ने हाथ में जल का कमंडल लिया तो शुक्राचार्य छोटा रूप धारण करके कमंडल की दंडी में जाकर बैठ गये, ताकि कमंडल से पानी ही बाहर न निकले और राजा बली संकल्प न ले सके। बामन देव शुक्राचार्य की योजना समझ गये, उन्होने तुरंत एक पतली लकड़ी ली और कमंडल की दंडी में डाल दी जिससे अन्दर बैठे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई और वे तुरंत कमंडल से बाहर आ गये। इसके बाद राजा बलि ने बामन देव को तीन पग भूमि दान करने का संकल्प ले लिया।


आचार्य शिवम द्विवेदी।

**प्रदर्शन** विधायक की अगुवाई में सपाइयों ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

# क्षतिग्रस्त सड़कों की कराई जाए मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** बबेरु विधानसभा तहसील क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत डाली गई पाइप लाइन से क्षतिग्रस्त सड़के एवं अघोषित विजली कटौती व लो वोल्टेज तथा ध्वस्त कानून ब्यवस्था को लेकर क्षेत्रीय विधायक विशम्भर सिंह यादव की अगुवाई में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा ।

विधायक ने कहा कि ध्वस्त व क्षतिग्रस्त सड़को को मानक पूर्ण कर बनवाया जाए मरम्मत के नाम पर हो रही लीपापोती की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए व अधूरी पड़ी पाइप लाइन को को कराया जाए, अघोषित बिजली कटौती, लोकल फाल्ट व लो वोल्टेज के कारण ट्यूबवेल नही चल पा रहे है किसानों की फसलें सूख रही हैं इन्हें तत्काल ठीक कराए जाने की मांग की है।

विधायक ने कहा कि समस्यायों से क्षेत्रीय जनता को अविलम्ब निजात दिलाई जाए कहा की मांग पूरी न होने पर पार्टी आंदोलन को बाध्य होगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा महासचिव एजाज खान, इंद्रजीत यादव लाखन निषाद, दिलीप सोनी, रामभवन चंद्रवंशी, अर्चना पटेल, रजनी यादव, अखिलेश पाल, जयकरण श्रीवास, विजयपाल यादव, कमल पाल, शिवकांत प्रजापति, राजेन्द्र तिवारी, उदयवीर यादव, वीर सिंह, धर्मेंद्र खेगर, नरेंद्र यादव, शिवबहादुर यादव, रहमत उल्ला आदि मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते विधायक विशम्भर सिंह यादव व सपा कार्यकर्ता।

# बच्चों ने मनाया मीना महोत्सव

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** औरेखी स्थित कम्पोजिट विद्यालय मंन मीना के जन्मदिन के अवसर पर मीना महोत्सव का आयोजन मीना मंच की टीम द्वारा गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी का आयोजन कर बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. गीतांजलि ने कहा कि स्वच्छता को अपनाकर कई प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि खाने से पहले हाथ धोएं और कोई भी फल आदि को धोकर खाएं। उन्होंने बच्चों का हाथ धोने के तरीके भी सिखाए। कार्यक्रम में बच्चों को विज्ञान प्रोजेक्ट के माध्यम से विज्ञान विषय से जोड़ा गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान गुड्डी देवी, एसएमसी अध्यक्ष राजेंद्र, मिडिया प्रभारी अनिल प्रजापति, कमल सिंह, अनिल सिंह, बलवान सिंह, विवेक सक्सेना, कमल कुशवाहा, सुमनलता, अर्चना गौतम, मोहम्मद खालिद आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद बच्चों की टीम। अमृत विचार

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** सेवा पखवाड़ा के तहत पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जयंती के अवसर पर भाजपाइयों ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौराहे पर उनकी प्रतिमा को दुग्ध स्नान कराया। इसके साथ ही परिसर व आसपास साफ सफाई की गई। ग्रामीण क्षेत्र में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौराहा परिसर व आसपास साफ सफाई की गई। इस दौरान पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने उन्हें याद किया और उनके बताए पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा ली। कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक ने उनकी प्रतिमा को दुग्ध स्नान कराया। पूर्व पालिकाध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने प्रतिमा को जल से स्नान कराया। वहीं, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने इमरती का भोग लगाया और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष धीरज बाथम ने आरती की। इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष वाचस्पति मिश्रा, नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत, महामंत्री कुंवर सिंह यादव, प्रदीप सक्सेना, योगेंद्र राठौर, डॉ. भूपेंद्र, कार्यक्रम संयोजक सभासद ईलू मेंबर, रवि कुशवाहा, ललित शुक्ला, विवेक कंचन, दीपू राजावत, यादवेंद्र सिंह, केजी संतोष, कैलाश पाटकर, आदि मौजूद रहे। उधर, ग्रामीण क्षेत्र में सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने खनुआ, लहचूरा, कोरीपुरा में पहुंचकर गांव के लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज बदल, संजीव तिवारी, प्रशांत अवस्थी, सौरभ पटेल, जितेंद्र चौहान, योगी ठाकुर, शिवम गुप्ता, सब्बू सभासद, जयनारायण साहू, पुष्पेंद्र वर्मा, दीपक आदि मौजूद थे।


चौराहे परिसर की साफ-सफाई करने के बाद खड़े भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2625-2650 आर.आर.21. 2725-2750 गेहूंफारम 2850-2900 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7100 -7200 अरहर 8500 -9000 मसूर 5500 -5600 मटर 3600 -3700 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400-15500 अरहरस्पेशल 12200-12300 चनादाल 8950-9100 मटरदाल 4450-4550 मसूरमलका 7100-7150 मसूरदाल 7300-7350 उड़ददाल 9000- 13800 उड़द धोवा 10000- 12800 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1580-1670 मैदा 1630-1670 सूजी 1650-1700 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1530-1550 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900-6000 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000-11500 मूंगफली दानाषिवपुरी 9400- 11200 बटाली 8800-11200 सेहुआं 4000-4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 14700-14800 अलसी 12200-12300 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1970-1974 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 5150-5200 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1985-1984 मयूर 1985-1984 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौर लडडू 4900-4950 देशी भेली 4600-4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4150-4180 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 93150 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 77350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 57650-57850 |

# भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 7 प्रतिशत पर एडीबी ने रखा कायम

## बेहतर कृषि तथा उच्च सरकारी खर्च से अर्थव्यवस्था में तेजी की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- अपनी एडीओ में एडीबी ने कहा-निर्यात अनुमान से अधिक सेवा निर्यात में वृद्धि के कारण रहेगा



एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2024-25 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है। एडीबी ने बुधवार को कहा कि बेहतर कृषि उत्पादन तथा उच्च सरकारी खर्च से आगामी तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है। सितंबर के अपने एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में एडीबी ने कहा कि 2024-25 में निर्यात पूर्व के अनुमान से अधिक रहेगा, जिसका श्रेय सेवाओं के निर्यात में वृद्धि को जाता है। हालांकि, 2025-26 में वस्तु निर्यात वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहेगी।

एडीबी ने कहा कि 2024-25 (31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष) में जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत और 2025-26 में 7.2% रहने की उम्मीद है। दोनों ही अनुमान अप्रैल, 2024 के समान हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 में 8.2% की दर से बढ़ी थी। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में 7.2% की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। इसमें कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि धीमी होकर 6.7% रह गई, लेकिन कृषि क्षेत्र में सुधार, उद्योग व सेवाओं के लिए मजबूत परिदृश्य से तेजी आने की उम्मीद है।

### कृषि सुधारों से होगी ग्रामीण व्यय में वृद्धि

एडीबी के भारत के निदेशक मियो ओका ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच उल्लेखनीय जुझारु क्षमता दिखाई है और यह स्थिर वृद्धि के लिए तैयार है। कृषि सुधारों से ग्रामीण व्यय में वृद्धि होगी, जो उद्योग तथा सेवा क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के प्रभावों के अनुरूप है। औसत से अधिक मानसून से कृषि में वृद्धि होगी जिससे 2024-25 में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

# प्री ओपन मार्केट : एक महत्वपूर्ण ट्रेडिंग सेशन

प्री ओपन मार्केट एक महत्वपूर्ण ट्रेडिंग सेशन है, जो स्टॉक एक्सचेंज के नियमित खुलने से पहले होता है। यह आमतौर पर सुबह 9 से 9 :15 बजे तक चलता है। इस अवधि में निवेशक शेयरों की प्रारंभिक कीमतों का निर्धारण कर सकते हैं और अपने ट्रेडिंग ऑर्डर को प्लेस कर सकते हैं। प्री ओपन सेशन का मुख्य उद्देश्य बाजार की तरलता बढ़ाना और पिछले दिन के समापन मूल्य के आधार पर नए मूल्य का निर्धारण करना है। यह निवेशकों को ताजे समाचारों और घटनाओं के प्रभाव को समझने का मौका देता है, जिससे वे बेहतर निर्णय ले सकें। आइए इस बारे में थोड़ी जानकारी करते हैं....

**समय सीमा :** प्री ओपन सेशन आमतौर पर 15 मिनट का होता है। इसमें निवेशक खरीद और बिक्री की सीमाएं तय कर सकते हैं।

**कीमत निर्धारण :** इसका मुख्य उद्देश्य स्टॉक की प्रारंभिक कीमतों को तय करना होता है। यह अंतिम प्री ओपन मूल्य पर निर्भर करता है, जोकि दिन के समापन मूल्य और प्री ओपन के दौरान हुई ट्रेडिंग पर तय किया जाता है।

**खुला ट्रेडिंग :** प्री ओपन में ट्रेडिंग आम तौर पर नॉन-डिस्क्रीट और रैंडम तरीके से होती है, ताकि बाजार में तरलता बनी रहे।

**समाचार का प्रभाव :** यदि किसी कंपनी या क्षेत्र से संबंधित कोई बड़ा समाचार आता है, तो प्री ओपन मार्केट में उसका प्रभाव तेजी से देखा जा सकता है।



### जानकारी कैसे करें

- **स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट :** निफ्टी, सेंसेक्स, या अन्य एक्सचेंज की वेबसाइट पर जाकर प्री ओपन मार्केट की जानकारी ले सकते हैं।
- **फाइनेंशियल न्यूज :** बिजनेस न्यूज चैनल्स और वेबसाइट्स जैसे कि सीएनबीसी, ईटीनाव या मनीकंट्रोल पर भी जानकारी मिलती है।

### प्री ओपन मार्केट के जोखिम

- **अत्यधिक उतार-चढ़ाव :** प्री ओपन में शेयरों की कीमतों में तेजी से परिवर्तन हो सकता है, जिससे निवेशकों को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।
- **कम लिक्विडिटी :** कुछ स्टॉक्स में प्री ओपन सेशन में कम लिक्विडिटी हो सकती है, जिससे खरीदने या बेचने में कठिनाई हो सकती है।
- **सूचनाओं का प्रभाव :** ताजा समाचार या घटनाओं का तात्कालिक प्रभाव हो सकता है, जो अनिश्चितता और निवेशकों के लिए जोखिम बढ़ा सकता है।
- **निवेशकों की भावना :** प्री ओपन में भावनात्मक निर्णय लेने की प्रवृत्ति हो सकती है, जिससे गलत ट्रेडिंग के परिणामस्वरूप हानि हो सकती है।
- **ऑर्डर फुलफिलमेंट :** प्री ओपन में सभी ऑर्डर फुलफिल नहीं हो सकते हैं, जिससे इच्छित कीमत पर व्यापार नहीं हो पाता।
- **ट्रेडिंग कॉस्ट :** अधिक उतार-चढ़ाव के कारण, प्री ओपन में ट्रेडिंग करना महंगा हो सकता है, जिसमें स्प्रेड और कमीशन शामिल हैं।

**मार्गदर्शन :** प्री ओपन मार्केट एक महत्वपूर्ण समय है जो निवेशकों को बाजार में बदलाव का अंदाजा लगाने और संभावित लाभ उठाने का मौका देता है। सही जानकारी और रणनीति के साथ, निवेशक इस समय का सही उपयोग कर सकते हैं।

## भारत का खाद्यान्न उत्पादन 33.22 करोड़ टन पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत का खाद्यान्न उत्पादन जून में समाप्त फसल वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 33.22 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गेहूं और चावल की बंपर फसल से कुल खाद्यान्न उत्पादन बढ़ा है। कृषि मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि फसल वर्ष 2023-24 के लिए अंतिम अनुमान इससे पिछले वर्ष के 32.96 करोड़ टन से 26.1 लाख टन की वृद्धि दर्शाता है। चावल उत्पादन रिकॉर्ड 13.78 करोड़ टन पर पहुंच गया, जो 2022-23 में 13.57 करोड़ टन था। गेहूं का उत्पादन 2022-23 के 11.05 करोड़ टन की तुलना में बढ़कर 11.32 करोड़ टन पहुंच गया। दलहन 2.60 करोड़ टन से घटकर 2.42 करोड़ टन रह गया और तिलहन 4.13 करोड़ टन से घटकर 3.96 करोड़ टन रह गया। मंत्रालय ने दालों, मोटे अनाजों, सोयाबीन और कपास के उत्पादन में गिरावट का कारण कई राज्यों में सूखे की स्थिति को बताया है।

## ब्रोकर-निवेशक का विवाद आपराधिक कार्यवाही से बाहर

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- सेबी एक्ट विशेष अधिनियम, सामान्य कानून लागू नहीं : हाईकोर्ट

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में सेबी एक्ट की व्याख्या करते हुए कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी एक्ट) विशेष अधिनियम है। कानून के अनुसार एक बार विशेष अधिनियम लागू होने पर सामान्य कानून जैसे आईपीसी या सीआरपीसी के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति पर आईपीसी की धारा 409 विश्वासघात और 420 धोखाधड़ी का मामला एक ही आरोप पर नहीं चलाया जा सकता है।

वर्तमान मामले में कोर्ट ने माना कि विपक्षी ने शेयर बाजार के जोखिमों को जानते हुए भी निवेश किया, साथ ही धोखाधड़ी व आपराधिक विश्वासघात के मामले में लेन-देन की शुरुआत से बेईमानी का इरादा मौजूद होना आवश्यक है जो मामले में स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है, इसलिए याची के खिलाफ 409 और 420 के तहत अपराध नहीं बनता है। कोर्ट ने यह भी पाया कि किसी को निवेश के रूप में अपनी संपत्ति सौंपने के लिए धोखे से प्रेरित नहीं किया जा सकता है। अतः न्यायमूर्ति अनीश गुप्ता की एकलपीठ ने जितेंद्र केसरवानी के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया। उपरोक्त आपराधिक कार्यवाही को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि ब्रोकर और निवेशक के बीच निवेश विवाद सेबी एक्ट की धारा 15-एफ के दायरे में आते हैं। ऐसे मामलों में आपराधिक अभियोजन की कार्यवाही नहीं चलाई जा सकती है।

मामले के अनुसार मेसर्स एलडीके शेयर एंड सिक्योरिटीज प्राइवेट लि. के निदेशक के खिलाफ पुलिस स्टेशन हरीपर्वत, आगरा में आईपीसी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई। शिकायतकर्ता का आरोप था कि शेयर ब्रोकर होने के नाते याची ने उसे अपनी कंपनी के माध्यम से शेयरों में निवेश और व्यापार के लिए कहा था और बदले में उसे कुछ सुविधाएं देने का दावा किया था, लेकिन बाद में शिकायतकर्ता द्वारा कई मांगों के बावजूद याची ने 9,69,450 रुपए वापस नहीं किए, जिसके कारण प्राथमिकी दर्ज करवाई गई।

## कोयला आयात 9 प्रतिशत बढ़कर 9.05 करोड़ टन

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के पास पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार : मंत्रालय



देश ने 2024-25 के पहले चार माह अप्रैल-जुलाई में 9.05 करोड़ टन कोयला आयात किया, जो सालाना आधार पर 0.9 प्रतिशत अधिक है। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है, और उसके पास पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है।

अप्रैल-जुलाई अवधि के दौरान कोयला उत्पादन इससे पिछले वित्त वर्ष के 29.33 करोड़ टन से 9.56 प्रतिशत बढ़कर 32.14 करोड़ टन हो गया। मौजूदा खपत की स्थिति आयात की महत्वपूर्ण जरूरत को दर्शाती है, विशेष रूप से कोकिंग कोल और उच्च श्रेणी के तापीय कोयला के लिए जो घरेलू भंडार में उपलब्ध नहीं है। इस कमी से प्रमुख उद्योगों को समर्थन देने के लिए आयात की जरूरत है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### सेना अधिकारी व उसकी मंगेतर को दी गई सुरक्षा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने सैन्य अधिकारी और उनकी मंगेतर को सुरक्षा मुहैया कराई है, जिनका भरतपुर पुलिस थाने में हिरासत के दौरान कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया था। भुवनेश्वर-कटक पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार के निर्णय के बाद दोनों के लिए निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) तैनात किए गए हैं। जब वे शहर में कहीं भी जाएंगे तो पीएसओ उनके साथ-साथ रहेंगे। ओडिशा सरकार ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है जब सैन्य अधिकारी, उनकी मंगेतर और उनके पिता तथा कुछ पूर्व सैन्यकर्मियों ने राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से मुलाकात की थी।

### शिवाजी की नई प्रतिमा के लिए निविदा जारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने सिंधुदुर्ग जिले में शिवाजी की प्रतिमा गिरने के बाद, वहां 60 फुट ऊंची नयी प्रतिमा के लिए निविदा जारी की है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि नई प्रतिमा का आकार पिछली प्रतिमा से दोगुना होगा। प्रतिमा 20 करोड़ में बनाई जाएगी और सरकार ने इसके लिए छह महीने की समय सीमा तय की है। प्रधानमंत्री मोदी ने राजकोट किले में शिवाजी की 35 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया था जो 26 अगस्त को तेज हवा से गिर गई थी।

### राहुल गांधी को धमकी पर मणिपुर में शिकायत दर्ज

**इंफाल।** मणिपुर कांग्रेस ने राहुल गांधी को कथित धमकी को लेकर बुधवार को इंफाल सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई। मणिपुर कांग्रेस अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कार्यकारी अध्यक्ष विक्टर कीशिंग और उपाध्यक्ष हरेश्वर ओजा इमो के साथ भाजपा और राजग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि राजग और भाजपा नेताओं ने विभिन्न मंचों पर गांधी को धमकी दी है।

# कांग्रेस बर्बाद कर देगी हरियाणा : मोदी

## गोहाना में भाजपा की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्षी पार्टी पर बोला हमला

सोनीपत, एजेंसी



हरियाणा के सोनीपत में चुनावी रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- आरोप लगाया- आरक्षण का विरोध और उससे नफरत उनके डीएनए में

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि अगर वह गलती से भी हरियाणा में सत्ता में आ गई तो उसकी अंदरूनी कलह से स्थिरता और विकास दांव पर लग जाएगा और यह राज्य को बर्बाद कर देगी। विधानसभा चुनाव के लिए गोहाना में भाजपा की चुनावी रैली में मोदी ने आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा और आरोप लगाया कि आरक्षण का विरोध और उससे नफरत उसके डीएनए में है। कांग्रेस सरकारें अस्थिरता के लिए जानी जाती हैं।

मोदी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक का उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ सालों में जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें बनीं, मुख्यमंत्री और मंत्री अंदरूनी कलह में शामिल रहे। तेलंगाना और हिमाचल में भी यही कहानी है। मोदी ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान उसकी अंदरूनी कलह का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि याद रखिए, अगर कांग्रेस गलती से भी सत्ता में आ गई तो वह हरियाणा को बर्बाद कर देगी। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा एससी, एसटी और ओबीसी को भागीदारी से वंचित रखा। कांग्रेस के शाही परिवार से जो भी प्रधानमंत्री बना, उसने हमेशा आरक्षण का विरोध किया। आरक्षण का विरोध और नफरत कांग्रेस के डीएनए में है। ये तो बाबासाहेब आंबेडकर थे, जिन्होंने दलितों को आरक्षण दिया। वरना ओबीसी की तरह आरक्षण के लिए कांग्रेस की हार का इंतजार करना पड़ता।

### राहुल गांधी को नहीं पता ब्रेन-ड्रेन क्या होता है : विज

**चंडीगढ़।** भाजपा नेता अनिल विज ने बुधवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नहीं पता कि ब्रेन-ड्रेन क्या होता है। विज ने कहा कि गांधी ने भाजपा से सवाल किया है कि हरियाणा के युवा क्यों डंकी रूट से बाहर जा रहे हैं और जिंदगी खराब कर रहे हैं, राहुल गांधी की दादी और पिता प्रधानमंत्री रहे हैं, तो इनको पता नहीं है कि उस समय ब्रेन-ड्रेन किसको कहते थे। उस समय ब्रेन-ड्रेन का रिवाज था। भारत के काबिल लोग नौकरी की चाह में विदेशों में चले जाते थे। विज ने भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला और सैलजा के कथित रूप से खुद को मुख्यमंत्री के रूप में पेश करने के बारे में कहा कि सूत न कपास, जुलाहे में लठम लठा। मुख्यमंत्री तो भाजपा का बनेगा, ये तो सपने देख रहे हैं और इस पर टैक्स नहीं लगता है।

## दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ा एक्यूआई खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में तीन महीने और 19 दिनों के बाद बुधवार को लोगों ने वायु गुणवत्ता में गिरावट महसूस की। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 235 रहा, जो खराब श्रेणी में आता है। 5 जून को एक्यूआई के 248 तक पहुंचने के बाद यह पहली बार है, जब राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, वायु प्रदूषण के लिए परिवहन क्षेत्र जिम्मेदार है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, मंगलवार शाम 4 बजे तक एक्यूआई 197 के साथ मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया था। उस दिन पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शीतकालीन कार्य योजना का अनावरण किया, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के उद्देश्य से 21 केंद्रित पहल शामिल हैं।

## अल्पसंख्यक मंत्रालय कांग्रेस के समय मुस्लिम मंत्रालय था : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी



- मंत्रालय सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए कर रहा काम

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस के समय इस मंत्रालय को मुस्लिम मंत्रालय के तौर पर देखा जाता था क्योंकि वो मुसलमानों को वोटबैंक मानते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए काम रहा है। मंत्रालय के काम लोगों तक पहुंचाना जरूरी है। पहले लोग सोचते थे कि यह मुस्लिम मंत्रालय है जबकि इसमें छह समुदायों के लिए काम होता है। कांग्रेस मुसलमानों को वोटबैंक बनाते थे, इसलिए मुस्लिम-मुस्लिम करते रहते थे। रीजीजू ने 100 दिनों में मंत्रालय द्वारा किए कार्यों का उल्लेख किया।

### वक्फ विधेयक पर संसदीय समिति की रिपोर्ट जल्द

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति जिस गति से काम कर रही है उससे उन्हें उम्मीद है कि इसकी रिपोर्ट जल्द संसद में रख दी जाएगी। भाजपा के सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

## रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय गौरव, सांप्रदायिक राजनीति के लिए इतिहास को न बांटें

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह प्रबंधन समिति को लगाई फटकार

दिल्ली हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह प्रबंधन समिति को निंदनीय दलीलें देने पर फटकार लगाते हुए बुधवार को कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय गौरव हैं और इतिहास को सांप्रदायिक राजनीतिक आधार पर बांटना नहीं चाहिए। समिति ने सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह पार्क में रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने के खिलाफ याचिका दाखिल की है, जिसपर सुनवाई के दौरान अदालत ने यह टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने कहा कि समिति का इरादा अदालत के माध्यम से सांप्रदायिक राजनीति का है और मामले को धार्मिक रंग दिया जा रहा है। मनोनीत मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने कहा कि इसे धार्मिक रंग दिया जा रहा है। यह गर्व की बात है कि आपके पास यह प्रतिमा है। एक तरफ हम महिला सशक्तीकरण की बात कर रहे हैं। एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली समिति की अपील पर सुनवाई कर रही पीठ ने सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह पार्क में झांसी की रानी की प्रतिमा स्थापित करने पर रोक लगाने की याचिका को खारिज कर दिया कि याचिका में कोई कारण नहीं बताया गया है।

## चिकित्सा के छात्रों को बॉण्ड भर एक साल देनी होंगी सेवाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने चिकित्सा संस्थानों से अखिल भारतीय कोटे और राज्य कोटे के तहत पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों के लिए एक वर्षीय अनिवार्य सेवा बॉण्ड की शुरुआत की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से जारी आदेश के अनुसार इस नए विनियमन के तहत, सुपर-स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों समेत स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में पढ़ाई करने वाले छात्रों को दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (जीएनसीटी) सरकार के तहत आने वाले चिकित्सा संस्थानों में एक वर्ष तक सेवाएं देनी होंगी। दाखिले के समय यूजी छात्रों को 15 लाख जबकि पीजी व सुपर-स्पेशियलिटी के छात्रों को 20 लाख का बॉण्ड जमा करना होगा। यदि कोई छात्र एक वर्ष की अनिवार्य सेवा अवधि पूरी नहीं करता है, तो ये बॉण्ड जब्त कर लिए जाएंगे। स्नातक वालों को जूनियर रेजिडेंट जबकि पीजी करने वालों को सीनियर रेजिडेंट के पद पर नियुक्त किया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं करने पर सड़कों पर उतरेंगे : राहुल

जम्मू, एजेंसी



- जम्मू की रैली में विपक्ष के नेता ने भाजपा का किया घेराव

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर भाजपा नीत सरकार विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं करती है तो इंडिया गठबंधन संसद में अपनी ताकत का इस्तेमाल करेगा और सड़कों पर भी उतरेगा। कांग्रेस नेता ने जम्मू की रैली में कई मुद्दों पर भाजपा का घेराव भी किया।

जम्मू की रैली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को 2019 में दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर प्रदेश के लोगों के साथ बड़ा अन्याय किया था। ऐसा कभी नहीं होना चाहिए था और मैं गारंटी देता हूं कि अगर भाजपा राज्य का दर्जा बहाल नहीं करती है, तो हमजम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लोकसभा, राज्यसभा में पूरी ताकत लगाएंगे और सड़कों पर भी उतरेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल के माध्यम से बाहरी लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए जम्मू कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन लिया गया। यही वजह है कि जम्मू कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन लिया गया। उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों से कहा कि राज्य का दर्जा बहाल होना आपका अधिकार और आपका भविष्य है तथा जम्मू कश्मीर इसके बगैर आगे नहीं बढ़ सकता।

## फीस जमा न होने से आईआईटी सीट गंवाने वाले युवक को शीर्ष मदद का आश्वासन

नई दिल्ली, एजेंसी

- अंतिम तिथि तक 17,500 रुपये जमा नहीं करा पाने पर युवक ने गवां दी सीट

सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी मेहनत के बाद अंतिम प्रयास में आईआईटी की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उस गरीब दलित युवक को मदद का आश्वासन दिया है, जो धनबाद स्थित संस्थान में अंतिम तिथि तक 17,500 रुपये फीस जमा नहीं करा सका और सीट गंवा दी।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मंगलवार को 18-वर्षीय अतुल के वकील से कहा कि हम आपकी यथासंभव मदद करेंगे, लेकिन आप तीन महीनों से क्या कर रहे थे, क्योंकि शुल्क जमा करने की निर्धारित समय सीमा 24 जून को समाप्त हो गई है। युवक के माता-पिता ने सीट बचाने को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण और मद्रास हाईकोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था। युवक के वकील ने बताया कि कुमार ने अपने दूसरे और अंतिम प्रयास में जेईई एडवांस्ड पास कर लिया और अगर शीर्ष अदालत उसकी मदद नहीं करती है तो वह परीक्षा में फिर से शामिल नहीं हो पाएगा।

## गुजरात के साबरकांठा में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

साबरकांठा (गुजरात), एजेंसी

गुजरात के साबरकांठा जिले में हिम्मतनगर के पास राजमार्ग पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार कार ट्रेलर ट्रक से जा टकराई, जिससे सात लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बचाव दल ने गैस कटर से कार के हिस्से हटाए जिसके बाद शवों को निकाला गया। हादसा उदयपुर को अहमदाबाद से जोड़ने वाले एनएच पर सुबह 6.30 बजे हुआ। एसपी विजय पटेल ने बताया कि इस दुर्घटना में कार में सवार सात लोगों की मौत हो गई।

### तेलंगाना में भी सड़क दुर्घटना, सात की मौत

**चेन्नई।** तेलंगाना में उलुंदूरपेट के पास एनएच पर बुधवार को वैन सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे छह लोगों की मौके पर मौत हो गई। तिरुनावलूर पुलिस ने बताया कि चालक को नींद आ गई थी और वाहन पेड़ से टकरा गया। वैन में सभी पुरुष थे। पर कुछ समय के लिए यातायात जाम हो गया था।

## आरएसएस ने चूहों की तरह की राज्य में की घुसपैठ : हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को आरएसएस की तुलना चूहों से की और भाजपा व आरएसएस पर चुनावी फायदे के लिए राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश का आरोप लगाया। साहिबगंज जिले के भोगनाडीह की जनसभा में सोरेन ने दावा किया कि भाजपा हिंदू और मुस्लिम समुदाय में द्वेष के बीज बो रही है। उन्होंने विशेष तौर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा की इसमें संलिप्तता का दावा किया। रांची से ऑनलाइन माध्यम से भोगनाडीह जनसभा में सोरेन ने कहा कि आरएसएस चूहों की तरह राज्य में घुसपैठ कर इसे बर्बाद कर रहा है। जब आप उन्हें गांवों में हंडिया और दारू के साथ दाखिल होते देखें तो खदेड़ दें...वे चुनाव से पहले सांप्रदायिक अशांति और तनाव पैदा करना चाहते हैं।

## श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन में वृद्धि की आतिशी ने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली की मुख्यमंत्री ने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का लगाया आरोप

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को असंगठित क्षेत्र के अकुशल श्रमिकों के लिए 18,066, अर्ध-कुशल के लिए 19,929 और कुशल श्रमिकों के लिए 21,917 रुपये न्यूनतम वेतन की घोषणा की।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर प्रभार संभालने के बाद आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप सरकार ने मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन लागू किया है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि भाजपा द्वारा शासित राज्यों में न्यूनतम वेतन दिल्ली में दिये जा रहे वेतन का आधा है। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने न केवल अदालत के माध्यम से न्यूनतम वेतन लागू किया, बल्कि भाजपा द्वारा खड़ी की गईं बाधाओं के बावजूद हर साल दो बार इसमें संशोधन भी सुनिश्चित किया।





# जर्मनी के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करेगी : हरमनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मंगलवार को कहा कि वह जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा और इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों में इस खेल के प्रति भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी।



- 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से मिलेगा खुद को परखने का मौका

यह दोनों मैच मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेले जाएंगे। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक दशक के बाद पुरुषों की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी। इससे पहले यहां आखिरी बार 2014 में हॉकी वर्ल्ड लीग के मैच खेले गए थे। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में कहा यह श्रृंखला दो टीमों के बीच आपस में खेलने को लेकर ही सीमित नहीं है। इससे दिल्ली में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। हमें उम्मीद है कि यह श्रृंखला इस क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। इतने वर्षों के बाद के बाद दिल्ली में घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलना एक टीम के रूप में हमारे लिए वास्तव में विशेष है। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से बहुत सारा इतिहास और यादें जुड़ी हैं और यहां टीम का नेतृत्व करना बड़ा सम्मान होगा। हरमनप्रीत ने कहा कि इस महीने के शुरू में चीन में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जीतने के बाद इस श्रृंखला से टीम को खुद को परखने का एक और मौका मिलेगा।

# ओलंपियाड विजेता टीम को 3.20 करोड़ देने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

- एआईसीएफ के अध्यक्ष ने सम्मान समारोह के दौरान की घोषणा

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने बुधवार को यहां एक सम्मान समारोह के दौरान 45वें ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीमों के लिए 3.2 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की। एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान यह घोषणा की।

भारत की पुरुष और महिला विजेता टीमों के प्रत्येक खिलाड़ी को 25 लाख रुपये मिलेंगे जबकि पुरुष और महिला टीमों के कोच अभिजीत कुंटे और श्रीनाथ नारायणन को 15-15 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। भारतीय दल के प्रमुख ग्रैंडमास्टर दिव्येंदु बरुआ को 10 लाख रुपये और सहायक कोच को साढ़े सात लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान कहास्वर्ण पदक की भूख हंगरी में खत्म हो गई लेकिन सफलता की चाहत जारी है। ओपन वर्ग में हमने दबदबा बनाया और महिला वर्ग में हमने कड़ी जीत हासिल की। हमारे खिलाड़ी शतरंज की बिसात पर स्टीक निशानेबाज हैं। विश्वनाथन आनंद द्वारा बोए गए बीज जंगल बन गए हैं।



## ओलंपियाड विजेता टीम से प्रधानमंत्री ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 45वें फिडे शतरंज ओलंपियाड 2024 का खिताब जीतने वाली भारतीय महिला और पुरुष टीम के सदस्यों से मुलाकात की। आज यहां प्रधानमंत्री आवास पर महिला और पुरुष टीम के सदस्यों ने श्री मोदी से मुलाकात की। इस दौरान शतरंज टीम के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करते हुए अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के सामने पुरुष टीम के दो खिलाड़ियों ने शंतराज भी खेला। उल्लेखनीय है कि हांगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुए शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने रविवार को पहली बार 45वें शतरंज ओलंपियाड में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को शिकस्त देकर स्वर्ण पदक जीते थे। इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में 195 देशों की 197 टीमें तथा महिला वर्ग में 181 देश की 183 टीमों ने भाग लिया था।

## खेल डायरी

### ओसाका ने चीन ओपन में दर्ज की एकतरफा जीत

**बीजिंग।** जापान की चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका ने बुधवार को यहां इटली की लूसिया ब्रोंजेटी पर सीधे सेट में 6-3, 6-2 से जीत से चीन ओपन में अपने अभियान की शुरुआत की। ओसाका ने रैंकिंग में 77वें नंबर की ब्रोंजेटी के खिलाफ पहले दौर का मैच लगभग 80 मिनट में जीतकर अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। 2019 में चीन ओपन का खिताब जीतने वाली ओसाका अब दूसरे दौर में कजाखस्तान की 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यूलिया पुतिनत्सेवा से भिड़ेंगी। ओसाका ने मैच के बाद कहा मुझे खुशी है कि मैं फिर से इस कोर्ट पर खेल रही हूं और उम्मीद है कि मैं जल्द ही फिर ट्रॉफी जीतूंगी। चार डब्ल्यूटीए (महिला टेनिस संघ) 1000 प्रतियोगिताओं की विजेता और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज पोलैंड की इगा स्वियातेक व्यक्तिगत कारणों से इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं। वहीं पुरुषों का टूर्नामेंट गुरुवार से शुरू होगा जिसमें शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर और तीसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज भाग लेंगे।

### भारत 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को घोषणा की कि भारत 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ फीफा मैत्री मैच की मेजबानी करेगा। हालांकि एआईएफएफ ने अभी मैच के आयोजन स्थल पर कोई फैसला नहीं किया है और कहा कि इसकी घोषणा बाद में की जाएगी। मलेशिया वर्तमान में फीफा (अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ) रैंकिंग में 132वें जबकि भारत 126वें स्थान पर है। दोनों टीमों की पिछली भिड़ंत अक्टूबर 2023 में हुई थी जिसमें भारत को 2-4 से हार मिली थी।

### मकाऊ ओपन: श्रीकांत दूसरे दौर में पहुंचे

**मकाऊ।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और उनके हमवतन भारतीय आयुष शेट्टी और तस्नीम मीर ने बुधवार को यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। मई में लगी चोट से उबरने के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे छठे वरीय श्रीकांत ने पुरुष एकल के पहले दौर में इजराइल के दानिल दुबोवेनको को 21-14, 21-15 से हराया जबकि 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य विजेता आयुष ने अलाप मिश्रा को 21-13, 21-5 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक तस्नीम ने महिला एकल में हमवतन देविका सिहाग को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष एकल के दूसरे दौर में विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत का सामना ऑल इंडियन मुकाबले में आयुष से होगा।

### जैस्मिन ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर में बनाई बढ़त

**गुरुग्राम।** जैस्मिन शेखर ने पहले दौर में शानदार प्रदर्शन के साथ यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 13वें चरण में तीन शॉट की बढ़त बना ली। पिछले साल पेशेवर बनने वाली 19 साल की जैस्मिन ने सात बर्डी और एक बोगी से छह अंडर 66 का स्कोर बनाया। जैस्मिन ने टूर पर कई बार की विजेता अनुभवी रिद्धिमा दिलावरी (69) पर तीन शॉट की बढ़त बना ली है। अनुभवी खिलाड़ी हिताषी बक्शी, ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर मौजूद और टूर पर पिछली चार में से तीन प्रतियोगिता जीतने वाली विधात्री उर्स और गौरिका बिश्नोई तीनों एक अंडर 71 के स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

### महिला टी-20 विश्व कप : 18 से कम उम्र वालों को मुफ्त प्रवेश

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने से शुरू होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री बुधवार से शुरू हो गई है जिसमें सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम (लगभग 114 रुपए) का है। टूर्नामेंट का पहला मैच तीन अक्टूबर को खेला जाएगा और इस तरह से प्रतियोगिता शुरू होने से केवल एक सप्ताह पहले टिकट बिक्री के लिए जारी किए गए हैं। पहले इस टूर्नामेंट का आयोजन बांग्लादेश में होना था लेकिन वहां राजनीतिक अशांति के चलते इसकी मेजबानी संयुक्त अरब अमीरात को सौंपी गई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बयान में कहा टिकटों की कीमत दर्शकों की पहुंच को ध्यान में रखकर तय की गई है। सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम जबकि प्रीमियम सीट का टिकट 40 दिरहम (लगभग 910 रुपए) का है।

# भारत-बांग्लादेश टीम ने नेट पर बहाया पसीना

## ग्रीनपार्क स्टेडियम में नेट प्रैक्टिस की, पहले किया वार्मअप, बल्लेबाजों ने लगाए लंबे शॉट, गेंदबाजों ने भी किया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश की टीम ने 27 सितंबर से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को लेकर बुधवार को ग्रीनपार्क स्टेडियम में कड़ा अभ्यास किया। बांग्लादेश की टीम ने सुबह साढ़े 9 से लेकर साढ़े 12 बजे तक नेट पर पसीना बहाया। इसके बाद दोपहर डेढ बजे से भारतीय टीम ने तेज धूप में प्रैक्टिस की। अभ्यास के पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने हल्का वार्मअप किया और दौड़कर मैदान के कई चक्कर लगाए।

चेन्नई में पहला टेस्ट मैच जीतने से टीम इंडिया के खिलाड़ी जोश से भरे दिखे, वहीं बांग्लादेश के खिलाड़ी कड़े अभ्यास से दूसरे टेस्ट मैच का रुख बदलने के मूड में नजर आए। सुबह लगभग सवा 9 बजे होटल लैंडमार्क से बांग्लादेश टीम के खिलाड़ी ग्रीनपार्क स्टेडियम पहुंचे। यूपीसीए के पदाधिकारियों से मुलाकात के बाद मैदान पर नेट अभ्यास शुरू किया। सबसे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास और मेहंदी हसन मिराज ने पसीना बहाया। नईम हसन और नाहिद ने अपनी गेंदबाजी को धार दी। बॉलिंग कोच आंद्रे एडम की देखरेख में तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद, हसन मसूद ने गेंदबाजी का कड़ा अभ्यास किया। बल्लेबाजी में मोमिनुल हक, शाकिब अल हसन, नजमुल हसन शांतो ने लंबे शॉट लगाए। दोपहर डेढ़ बजे के बाद टीम इंडिया अभ्यास के लिए मैदान पर उतरी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने करीब आधे घंटे तक नेट पर पसीना बहाया। पूरे समय विराट कोहली भी कप्तान के साथ डटे रहे। दोनों खिलाड़ियों ने स्पिन और तेज गेंदबाजों को खेलकर बल्लेबाजी का अभ्यास किया। खिलाड़ियों ने वार्मअप के लिए फुटबाल भी खेला। मैदान पर प्रैक्टिस के लिए बने तीन नेट्स पर अलग-अलग खिलाड़ी डटे रहे। रोहित और विराट के बाद यशस्वी जायसवाल ने मोर्चा संभाला। आर अश्विन, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा ने बालिंग की। शुभमन गिल, रिषभ पंत और लोकेश राहुल भी प्रैक्टिस के लिए मैदान पर उतरे तो कुलदीप यादव, आकाशदीप ने जमकर गेंदबाजी की।





कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय और बांग्लादेश की टीमें। ● अमृत विचार

### खोया प्रदर्शन वापस पा लेंगे: हाथुरुसिंघा

**कानपुर।** बांग्लादेश टीम के कोच चंडिका हाथुरुसिंघा ने स्टेडियम के मीडिया हॉल में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि पहले टेस्ट में सफल नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि हम पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन न होने से निराश हैं, लेकिन उम्मीद है कि दूसरे टेस्ट में खोया प्रदर्शन वापस पा लेंगे। पिच और यहां की कंडीशन देखने के बाद टीम पर फैसला करेंगे। वहीं टीम इंडिया के गेंदबाज आकाशदीप ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि ग्रीनपार्क स्टेडियम के बारे में बचपन से बहुत सुना था, आज देखकर बहुत खुशी हुई। अपना तीसरा अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने आए आकाशदीप ने कहा कि वह वाराणसी के रहने वाले हैं और यूपी में ग्रीनपार्क ही मेरे समय का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम था। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों का पूरा सपोर्ट मिलता है। चेन्नई में हुए पहले टेस्ट मैच में सिर्फ लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करने पर फोकस था, जिसमें सफलता मिली। दूसरे टेस्ट में भी लाइन-लेंथ और सधी गेंदबाजी लक्ष्य रहेगा।

### पंत टेस्ट में शीर्ष 10 में, रोहित-कोहली खिसके

**दुबई।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने वापसी टेस्ट में शानदार शतक की बदौलत बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में छठे स्थान पर प्रवेश किया लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली तालिका में खिसक गए। पंत (731 रेटिंग अंक) ने चेन्नई बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के पहले मैच में शतक जड़ा था। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे जबकि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (751) टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक की बदौलत पांचवें स्थान पर पहुंच गए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हालांकि शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा है लेकिन वह पांच स्थान खिसक गए हैं और 10वें स्थान पर बने हुए हैं। उनके 716 रेटिंग अंक हैं। कोहली को भी पांच स्थान का नुकसान हुआ जिससे वह शीर्ष 10 से बाहर हो गये और अब वह तालिका में 12वें स्थान पर हैं। गॉल में श्रीलंका और न्यूजीलैंड टेस्ट में शीर्ष 10 गेंदबाजी रैंकिंग में बदलाव हुआ है जिसमें प्रभात जयसूर्या ने नौ विकेट झटककर खेल के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर के तौर पर खुद को साबित करते हुए पांच पायदान की छलांग लगायी और आठवें स्थान पर पहुंच गए। जयसूर्या (743 अंक) श्रीलंका के तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं।

# धमकी भरे पत्रों, अतिरिक्त खर्चों पर चर्चा करेगी आईओए की कार्यकारी परिषद

नई दिल्ली, एजेंसी

- उषा और कोषाध्यक्ष के बीच बढ़ते तनाव को लेकर होगी बैठक

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की गुरुवार को यहां होने वाली कार्यकारी परिषद की बैठक में काफी गहमागहमी रहने की उम्मीद है क्योंकि इसके सदस्यों ने एजेंडे में विवादास्पद मुद्दों को भी जोड़ा है जिसमें अध्यक्ष पीटी उषा द्वारा उन्हें जारी कथित धमकी भरे पत्र भी शामिल हैं। यह बैठक उषा और आईओए कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में हो रही है।

मंगलवार को यादव ने अपनी छवि को बदनाम करने के लिए उषा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी थी क्योंकि उन्होंने पद पर बने रहने की उनकी योग्यता को चुनौती देने वाली शिकायत के आधार पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कार्यकारी परिषद द्वारा जोड़े गए 14 बिंदुओं के एजेंडा में अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी समिति के सदस्यों को समय-समय पर जारी किए गए अवैध और धमकी भरे पत्रों पर चर्चा शामिल है। अध्यक्ष से संबंधित दो अन्य मुद्दों के अनुसार परिषद आईओए संविधान के तहत अध्यक्ष की शक्तियों के दायरे पर चर्चा और विचार-विमर्श करेगी तथा अध्यक्ष के आचरण की रिपोर्ट आईओए नैतिकता आयोग को देने की आवश्यकता पर निर्णय लेगी। बैठक के बारे में आधिकारिक संवाद परिषद के 12 सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया है जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव, उपाध्यक्ष और पूर्व ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग, सदस्य और पूर्व पहलवान योगेश्वर दत्त आदि शामिल हैं।

### मैनचेस्टर सिटी ने लीग कप में वॉटफोर्ड को हराया

**मैनचेस्टर।** आर्सेनल के खिलाफ प्रीमियर लीग में कड़ा मुकबला खेलने के दो दिन बाद मैनचेस्टर सिटी ने टीम में काफी बदलाव करने के बावजूद मंगलवार को एतिहाद स्टेडियम में इंग्लिश लीग कप के तीसरे दौर में वॉटफोर्ड को 2-1 से हरा दिया। सिटी की इस जीत के नायक जेरेमी डोकू (पांचवें मिनट) और मैथियूस न्यूनस (38वें मिनट) रहे जिन्होंने पहले हाफ में ही अपनी टीम को दो गोल की बढ़त दिला दी थी। वॉटफोर्ड के लिये टॉम इन्स ने 86वें मिनट में एकमात्र गोल किया। इसके अलावा चेल्सी, एस्टन विला और लीसेस्टर ने भी अपने अपने मैच जीते।। चेल्सी ने बैरो को 5-0 के बड़े अंतर से हराया जिसमें क्रिस्टोफर नकुंकू ने हैट्रिक लगाई जबकि विला ने वायकॉम्बे को 2-1 से पराजित किया।

# एम्बाप्पे ने फिर दागा गोल, रियाल मैड्रिड को दिलाई एक और जीत

मैड्रिड, एजेंसी

- स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया

किलियन एम्बाप्पे ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले पांच मैच में अपना छठा गोल दागा जिससे रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया। एम्बाप्पे को खेल के 40वें मिनट में बॉक्स के अंदर गेंद मिली और उन्होंने एक डिफेंडर को छकाकर बड़ी खूबसूरती से उसे गोल में बदल दिया।

एम्बाप्पे को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 80वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा था। लुकास वाजक्वेज और रोड्रिगो ने भी मैड्रिड की तरफ से गोल किए। इससे मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में अपने अजेय अभियान को 39 मैच तक पहुंचा दिया है। इसमें पिछले सत्र की 29 जीत और 10 ड्रॉ भी शामिल हैं। अलावेस ने 85वें मिनट में कार्लोस बेनाविदेज़ और 86वें मिनट में किके गार्सिया के गोल की मदद से वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन अंतिम क्षणों में कुछ अच्छे मौके मिलने के बावजूद वह बराबरी नहीं कर पाया। एम्बाप्पे के अब मैड्रिड के साथ सभी प्रतियोगिताओं में नौ मैचों में सात गोल हो गए हैं।

## बॉलीवुड हलचल



### सलमान ने शेयर किया सिकंदर का फर्स्ट लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले साजिद नाडियाडवाला फिल्म सिकंदर बना रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन गजनी फेम निर्देशक ए.आर. मुरुगादॉस कर रहे हैं। फिल्म सिकंदर में सलमान खान, रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल की मुख्य भूमिका है। इस बीच सोशल मीडिया पर सलमान खान की एक लेटेस्ट तस्वीर सामने आई है जिसमें वह जिम में पसीना बहाते दिख रहे हैं और उनके पीछे दीवार पर सिकंदर का नाम लगा हुआ नजर आ रहा है। सलमान खान ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट फोटो को शेयर किया है। जिसमें वह जिम में प्री चेयर बाइसेप्स कर्ल की एक्सरसाइज करते नजर आ रहे हैं।

### कार्तिक की भूल भुलैया 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 जल्द ही प्रदर्शित होने जा रही है। कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 सुपरहिट साबित हुई थी इसके बाद भूल भुलैया 3 को लेकर भी काफी बज बना हुआ है। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म भूल भुलैया 3 के नए पोस्टर की झलक शेयर की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर जो पोस्टर शेयर किया है उसमें एक बड़ा सा दरवाजा नजर आ रहा है और उस पर ताला लगा हुआ है। कार्तिक ने इसके साथ ही मजेदार कैप्शन भी दिया है। कार्तिक ने पोस्ट के साथ लिखा है कि दरवाजा खुलेगा इस दिवाली भूल भुलैया 3। फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी और विद्या बालन भी अहम रोल में हैं। इस फिल्म को टी-सीरीज फिल्म्स और सिने 1 स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है, जबकि इसे अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है। यह फिल्म दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज होगी।

### अक्षय ने दिखाई हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने अपनी आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल का पांचवा संस्करण बना रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बन रही फिल्म हाउसफुल 5 की झलक अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर शेयर की है। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर अपने सह-कलाकारों जैकलीन फर्नांडीज, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन और डिनो मोरिया को दिखाया है। अक्षय कुमार, डिनो मोरिया, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन कैजुअल लुक में दिखे, वहीं जैकलीन फर्नांडीस ने ऑल-ब्लैक आउटफिट में जलवा बिखेरा। अक्षय ने तस्वीर के साथ लिखा, इस अविश्वसनीय कलाकारों के साथ बस एक और दिन। अभिनेताओं से भरा हाउसफुल, एक क्रूज और बताने के लिए अंतहीन कहानियां! हाउसफुल 5, 6 जून 2025 को रिलीज होने वाली है।

# ब्रुक का शतक, इंग्लैंड ने थामा ऑस्ट्रेलिया का विजय अभियान

चेस्टर ली स्ट्रीट, एजेंसी

कप्तान हैरी ब्रुक के वनडे में पहले शतक की मदद से इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित तीसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस पद्धति से 46 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला को जीवंत बनाए रखा। इंग्लैंड ने 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्रुक के नाबाद 110 रन की मदद से जब 37.4 ओवर में चार विकेट पर 254 रन बनाए थे तब भारी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद आगे खेल नहीं हो पाया। उस समय इंग्लैंड डकवर्थ लुईस पद्धति से काफी आगे था।

इस तरह से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के वनडे में लगातार 14 मैच जीतने के अभियान पर रोक लगा दी। ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरान पिछले साल भारत में वनडे विश्व कप भी जीता था। उसने पहले दो वनडे में इंग्लैंड को आसानी से हराया थाऔर इस तरह से अब वह श्रृंखला में 2-1 से आगे है। श्रृंखला का चौथा मैच शुक्रवार को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। ब्रुक ने तब क्रीज पर कदम रखा जब इंग्लैंड 11 रन के अंदर दो विकेट गंवाकर संघर्ष कर रहा था। उन्होंने अपनी 94 गेंद की पारी में 13 चौके और दो छक्के लगाए तथा इस बीच अपने पिछले सर्वोच्च स्कोर 80 रन को पीछे छोड़ा। ब्रुक ने विल जैक्स (82 गेंद पर 84 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 156 रन की साझेदारी करके टीम को शुरुआती झटकों से उबारा।

### सीमित ओवरों में वापसी को तैयार हैं स्टोक्स

**चेस्टर ली स्ट्रीट।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि ब्रेंडन मैकुलम का टेस्ट के साथ-साथ सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम का कोच बनने के बाद वह एक दिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्टोक्स ने यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान स्काई स्पोर्ट्स से कहा अगर मुझसे पूछा जाता है कि क्या मैं खेलना चाहता हूं तो निश्चित तौर पर मेरा जवाब हां होगा। स्टोक्स ने 2019 में वनडे विश्व कप और 2022 में टी-20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड की तरफ से मैच विजेता पारियां खेली थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## चौटी पर हौसला



नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स (एनआईएमएएस) की एक टीम अरुणाचल प्रदेश की गोरीचेन रेंज में 20,942 फीट ऊंची ऊंची चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ने के बाद पोज देती हुई। छठे दलाई लामा रिग्जेन त्सांगयांग ग्यात्सो के सम्मान में इस चोटी का नाम अब त्सांगयांग ग्यात्सो पीक रखा गया है।

# टोल पर नहीं होगी टेंशन, सैटेलाइट से कटेगा टैक्स

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। जीएनएसएस एक सैटेलाइट बेस्ड यूनिट है, जिसे वाहनों में लगाया जाएगा। अब तक टोल बूथों पर मैन्युअली या फास्टैग के जरिए टोल टैक्स का भुगतान किया जाता है। इससे कई बार वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर लंबी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन जीएनएसएस सिस्टम आने से वाहन चालकों को टोल टैक्स पर रुकने की कोई जरूरत नहीं है। अब टोल प्लाजा में अलग से डेडिकेटेड जीएनएसएस लेन बनाई जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने जीएनएसएस शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। अब टोल देने के लिए वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर गाड़ी रोककर फास्टैग के जरिए या मैन्युअली पैसे देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### जीएनएसएस टोल सिस्टम कैसे काम करता है

जीएनएसएस सिस्टम लागू करने के लिए वाहनों में ऑन-बोर्ड यूनिट या ट्रैकिंग डिवाइस लगाई जाएगी। फास्टैग की तरह सरकारी पोर्टल पर ऑन-बोर्ड यूनिट भी उपलब्ध होगी। इससे वाहन से रोज तय की जाने वाली दूरी के हिसाब से टैक्स वसूला जाएगा। जीएनएसएस से लैस प्राइवेट कार मालिकों के लिए हर दिन नेशनल हाईवे या एक्सप्रेस-वे पर 20 किलोमीटर तक का सफर टैक्स फ्री रहेगा। इसके लिए उनसे कोई टोल टैक्स नहीं वसूला जाएगा। 21वें किमी से टोल काउंटिंग शुरू हो जाएगी। जीएनएसएस सिस्टम के तहत भुगतान मौजूदा फास्टैग की तरह ही किया जाएगा, जो सीधे बैंक अकाउंट से लिंक होगा।

### फास्टैग और जीएनएसएस में अंतर

फास्टैग और जीएनएसएस सिस्टम दोनों का काम टोल टैक्स का भुगतान करने में मदद करना है, लेकिन इसमें कुछ मुख्य अंतर है। जीएनएसएस सिस्टम का ट्रायल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कर्नाटक में नेशनल हाइवे 275 के बेंगलुरु-मैसूर खंड और हरियाणा में नेशनल हाइवे 709 के पानीपत-हिसार खंड पर किया गया था। इसके अलावा अभी देश में कहीं भी जीएनएसएस के लिए डेडिकेटेड लेन नहीं है। एक बार जब सभी गाड़ियों में जीएनएसएस यूनिट लग जाएगी और सभी लेन जीएनएसएस इक्विप्ड होंगी तो सड़कों से सभी टोल बूथ हट जाएंगे।

### देखने को मिल सकती हैं कुछ परेशानियां

- जीएनएसएस सिस्टम वाहन के मूवमेंट को ट्रैक करेगा, जिससे चालकों को प्राइवेसी की समस्या हो सकती है।
- टनल में होने पर सिग्नल की समस्या आ सकती है।
- बारिश या कोहरे में नेटवर्क की दिक्कत आ सकती है।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में संक्रामक रोग से दो की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के परवान प्रांत में एक अज्ञात संक्रामक बीमारी के फैलने से दो लोगों की मौत हो गई और 500 से अधिक लोग संक्रमित हो गए हैं। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता हिकमतुल्ला ने एक्स पर कहा कि राजधानी काबुल से लगभग 80 किमी उत्तर में शिनवारी जिले के कफशान क्षेत्र में चार दिनों में अज्ञात संक्रामक बीमारी से 500 से अधिक लोग संक्रमित हो गये हैं और यह संख्या बढ़ती जा रही है। प्रवक्ता ने बताया कि संक्रमित लोगों में से 50 मरीजों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### देउबा ने की नेपाली छात्र की रिहाई में मदद की अपील

**काठमांडू।** नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने विश्व समुदाय से नेपाली छात्र बिपिन जोशी की हमास की कैद से सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने में मदद करने का आग्रह किया है। काठमांडू पोस्ट ने यह जानकारी दी है। देउबा ने सोमवार को गुटनिरपेक्ष आंदोलन की मंत्रिस्तरीय बैठक में अपने देश के छात्र की कठिन स्थिति ओर ध्यान आकर्षित किया और उसकी रिहाई सुनिश्चित उनासीवें संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क पहुंची विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल उत्सुकता से बिपिन की घर वापसी की प्रतीक्षा कर रहा है।

### ईरान से मेरी जान को बड़ा खतरा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरान उनके जीवन और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। ट्रंप ने ईरान द्वारा अमेरिका को अस्थिर करने के प्रयास में उनकी हत्या करने की कथित धमकियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिकी सेना अब इस पर नजर रख रही है।

### ब्रिटेन में जसलीन कौर की कलाकृति प्रदर्शित की गई

**लंदन।** ग्लासगो में पैदा हुईं कलाकार जसलीन कौर की कलाकृतियों की प्रदर्शनी बुधवार को लंदन के प्रसिद्ध कला संग्रहालय टेट ब्रिटेन में आम लोगों के लिए शुरू हुई। जसलीन कौर की कलाकृतियां स्कॉटलैंड के सिख समुदाय में उनके जीवन से प्रेरित हैं और उन्हें प्रतिष्ठित टर्नर पुरस्कार के लिए चुना गया है। लंदन में रह रहीं कौर ने एकत्रित और पुनः निर्मित वस्तुओं से अपनी कलाकृतियां बनाई हैं।

# जेलेंस्की का वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

## संयुक्त राष्ट्र परिषद में कहा- प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का करें सम्मान

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को मास्को के साथ शांति वार्ता की धारणा को खारिज करते हुए रूस को शांति के वास्ते मजबूर करने और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पालन करने के लिए वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर कहता है कि प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करे।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक अंतर्राष्ट्रीय अपराध कर रहे हैं और उन्होंने इतने सारे अंतर्राष्ट्रीय नियम तोड़े हैं कि वह अपने आप नहीं रुकेंगे। जेलेंस्की ने महासभा में विश्व नेताओं की वार्षिक सभा के मौके पर एक बैठक में कहा और यही कारण है कि यह युद्ध आसानी से खत्म नहीं हो सकता। यही कारण है कि इस युद्ध को बातचीत से शांत नहीं किया जा सकता उन्होंने कहा रूस को केवल शांति के लिए मजबूर किया जा सकता है, और यही आवश्यक है - इस युद्ध में एकमात्र हमलावर, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के एकमात्र उल्लंघनकर्ता के रूप में रूस को शांति के लिए मजबूर करना। यूक्रेन में ढाई साल से चल रहे युद्ध पर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में परिषद के 15 सदस्य देशों में से 14 के मंत्रियों ने भाग लिया। रूस ने अपने निचले स्तर के संयुक्त राष्ट्र राजदूत को भेजा। बैठक की शुरुआत में वासिली नेबेंजिया ने विरोध जताया कि ज़ेलेंस्की को फिर से संयुक्त राष्ट्र का ध्यान आकर्षित करने का मौका दिया जा रहा है। उन्होंने यूक्रेन के नेता को 'घिसी-पिटी बातें दोहराने की अनुमति देने के लिए' स्लोवेनिया की भी आलोचना की, जो इस महीने परिषद की अध्यक्षता कर रहा है।



अमेरिका में उच्चाधिकारियों के साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की। ● एजेंसी।

### भारत से गहराती साझेदारी पर गर्व : अमेरिका

**न्यूयॉर्क।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि भारत-अमेरिका संबंध मजबूत तथा और मजबूत हो रहे हैं। उसने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन जब अपने कार्यकाल पर गौर करेंगे तो उन्हें भारत के साथ साझेदारी को गहरा करने, इसे अधिक समावेशी एवं व्यापक बनाने पर सबसे ज्यादा गर्व होगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकर जॉन किर्बी से पूछा गया था कि वह बाइडन का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने के मद्देनजर उनके तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में द्विपक्षीय संबंधों का वर्णन कैसे करेंगे। इस पर किर्बी ने कहा मुझे लगता है कि एक शब्द, असल में तीन शब्द - मजबूत और मजबूत। बाइडन ने भारत के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों में काफी निवेश किया है।

### दूसरे शांति सम्मेलन के लिए भारत को आमंत्रित कर चुके हैं : यूक्रेन

**संयुक्त राष्ट्र।** जेलेंस्की ने यूक्रेन संघर्ष पर सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दुनिया को गुटों या क्षेत्रीय समूहों में नए और अनावश्यक विभाजन किए बिना एकजुटता के साथ मिलकर काम करना चाहिए। मैं, आप व सभी प्रमुख देशों को इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं जो वाकई में संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा हम चीन को आमंत्रित करते हैं। हम ब्राजील को आमंत्रित करते हैं। मैंने भारत को पहले ही आमंत्रित किया है।

### मोदी ने भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने की अपील की

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) के सदस्यों से अमेरिका में भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करने की अपील की है, ताकि अमेरिकी नगारिकों को भारत भ्रमण के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। एक अधिकारी ने बताया कि मोदी ने यह टिप्पणी सोमवार को अमेरिका की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में ओएफबीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में की।

### इजराइल के राष्ट्रपति संयुक्त राष्ट्र सभा को करेंगे संबोधित

**यरुशलम :** एक वर्ष पहले ही संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पश्चिम एशिया में एक नई शांति व्यवस्था कायम होने का पूरे जोश के साथ दावा किया था किंतु एक साल बाद जब वह उसी मंच पर वापस आएंगे तो उनकी यह घोषणा तार-तार होकर बिखरती प्रतीत हो रही है। गाजा में विनाशकारी युद्ध को एक साल होने वाला है। इजराइल ईरान समर्थित लेबनानी समूह हिजबुल्ला के साथ एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध के मुहाने पर खड़ा है।

# भारत और चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- जयशंकर ने कहा- चीन के साथ भारत का कठिन इतिहास रहा



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा और साथ ही स्पष्ट किया कि सबसे पहले द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सीमा पर शांति बहाल करने की आवश्यकता है। जयशंकर ने एशिया सोसाइटी और एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि चीन के साथ भारत का एक कठिन इतिहास रहा है तथा दोनों देशों का समानांतर विकास बहुत-बहुत अनोखी समस्या पेश करता है।

उन्होंने भारत, एशिया और विश्व विषयक कार्यक्रम में कहा मुझे लगता है कि भारत-चीन संबंध एशिया के भविष्य के लिए अहम है। एक तरह से आप कह सकते हैं कि अगर दुनिया को बहु-ध्रुवीय बनाना है, तो एशिया को बहु-ध्रुवीय होना होगा। इसलिए यह रिश्ता न केवल एशिया के भविष्य पर, बल्कि संभवतः दुनिया के भविष्य पर भी असर डालेगा। उन्होंने कहा आपके पास दो ऐसे देश हैं जो आपस में पड़ोसी हैं, वे इस दृष्टि से अनोखे हैं कि वे एक अरब से अधिक आबादी वाले देश भी हैं, दोनों वैश्विक व्यवस्था में उभर रहे हैं और उनकी सीमा अक्सर अस्पष्ट हैं तथा साथ ही उनकी एक साझा सीमा भी है। इसलिए यह बहुत जटिल मुद्दा है। मुझे लगता है कि अगर आप आज वैश्विक राजनीति में देखें तो भारत और चीन का समानांतर विकास बहुत, बहुत अनोखी समस्या है। जयशंकर ने कहा मुझे लगता है कि अगर आप वैश्विक राजनीति में आज देखें तो भारत और चीन का समानांतर विकास बहुत, बहुत अनोखी समस्या पेश करता है। जयशंकर ने हाल में कहा था कि चीन के साथ सैनिकों की वापसी की लगभग 75 प्रतिशत समस्याओं को सुलझा लिया गया है। जयशंकर ने कहा कि पिछले चार वर्षों में हमारा ध्यान सबसे पहले सैनिकों को सीमा पर से हटाना है ताकि वे वापस उन सैन्य अड्डों पर चले जाएं, जहां से वे पारंपरिक रूप से काम करते हैं।

# कमला हैरिस 38 अंकों से ट्रंप से आगे

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से 38 अंकों से आगे हैं। एक नए सर्वेक्षण के परिणामों में यह जानकारी दी गई। एनओआरसी ने शिकागो विश्वविद्यालय में यह सर्वे किया और मंगलवार को इसके परिणाम जारी किए गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा जुलाई में राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से अपना नाम वापस लेने और इसके बाद कमला हैरिस के उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार यह सर्वे किया गया है। सर्वे के अनुसार, एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच कमला हैरिस (59) पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (78) से 38 प्रतिशत अंकों से आगे हैं। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में 66 प्रतिशत एशियाई अमेरिकी मतदाता कमला हैरिस के पक्ष में जबकि 28 प्रतिशत ट्रंप के समर्थन में वोट कर सकते हैं। छह प्रतिशत मतदाता ऐसे भी हैं जो किसी अन्य उम्मीदवार के लिए मतदान कर सकते हैं या अनिर्णित हैं।



- एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच सर्वे रिपोर्ट हुई जारी, हैरिस की लोकप्रियता बढ़ी

### बाइडन की तुलना में हैरिस में अधिक संज्ञानात्मक विकार : ट्रंप

इसी बीच, डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उनकी प्रतिद्वंदी और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को राष्ट्रपति जो बाइडन की तुलना में अधिक संज्ञानात्मक विकार है। संज्ञानात्मक विकार किसी व्यक्ति की सोचने, सीखने, याद रखने और निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करता है। डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्जिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया उपराष्ट्रपति हैरिस पर हंस रही है।

## सिंगापुर पुलिस से दुर्व्यवहार पर चार भारतीयों पर रिपोर्ट दर्ज

**सिंगापुर।** सिंगापुर में उपद्रव करने और पुलिस के एक अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में भारतीय मूल के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, दो मिनट का एक वीडियो फेसबुक पर पोस्ट किया गया है जिसमें चारों आरोपियों को पुलिस अधिकारी के साथ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए देखा जा सकता है। खबर के अनुसार चारों आरोपियों मोहम्मद डिनो मार्सियानो अब्दुल वहाब (44), एलेक्स कुमार ज्ञानसेकरन (37), मोहम्मद यूसोफ मोहम्मद याहिया (32) और मोहनन वी बालकृष्णन (32) ने लिटिल इंडिया में रविवार सुबह कथित हत्या के एक मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी से कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया।

# हिजबुल्ला ने इजराइल पर 300 से ज्यादा रॉकेट दागे

**यरुशलम, एजेंसी**

हिजबुल्ला ने इजराइल में लगभग 300 रॉकेट और अन्य प्रोजेक्टाइल दागे हैं। इजराइल रक्षा बलों ने कहा कि उत्तरी इजराइल के हाइफा के दक्षिण में एक तटीय शहर अटलिट में एक विस्फोटक ड्रोन गिरा, जो पहली बार हिजबुल्ला के रॉकेट को इस क्षेत्र में पहुंचा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की ओर दो अतिरिक्त ड्रोन दागे गए थे, लेकिन उन्हें रोक दिया गया।

इजराइल की बचाव सेवाओं के अनुसार, ड्रोन से कोई हताहत नहीं हुआ। सेना ने कहा कि अधिकांश रॉकेटों को इजराइल की हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराया गया। उधर, हिजबुल्ला ने एक बयान में हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि उसके लड़ाकों ने अटलिट बेस में इजराइल की विशेष नौसैनिक टास्क यूनिट शायेत 13 के मुख्यालय पर ड्रोन के एक स्क्वाड्रन के साथ हवाई अभियान चलाया।



### हिजबुल्ला ने शीर्ष कमांडर इब्राहिम की मौत की पुष्टि की

**बेरूत।** हिजबुल्ला ने अपने एक शीर्ष कमांडर इब्राहिम कोबेसी की मौत की पुष्टि की, जो दक्षिणी बेरूत उपनगर में इजराइली हमले में मारा गया। हमले में छह मंजिला इमारत की तीन मंजिलों को निशाना बनाया गया था। एक सप्ताह से भी कम समय में बेरूत पर यह इजराइल का तीसरा हमला था।

## चीन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

**बीजिंग।** चीन की सेना ने बुधवार को डमी वारहेड के साथ एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम) का प्रशांत महासागर में सफल परीक्षण किया। इसे स्थानीय समयनुसार सुबह 8.44 बजे पीपल्स लिबरेशन आर्मी की रॉकेट बल द्वारा प्रक्षेपित किया गया।

चीनी रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण वार्षिक अभ्यास का एक हिस्सा था। चीनी रक्षा मंत्रालय ने वीचैट पर एक बयान में कहा, यह प्रक्षेपण वार्षिक प्रशिक्षण योजना के हिस्से के रूप में किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय अभ्यास के अनुसार है। यह प्रक्षेपण किसी विशेष देश या लक्ष्य के खिलाफ लक्ष्य करके नहीं किया गया। चीन सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) के अनुसार, मिसाइल अपने अपेक्षित जगह समुद्री क्षेत्र में गिरी।

# बांग्लादेश नदियों के जल बंटवारे पर करेगा बातचीत

**ढाका, एजेंसी**

- जल संसाधन सलाहकार रिजवान ने कहा- अंतर्राष्ट्रीय नदियों का जल बंटवारा एक जटिल मुद्दा

बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। अंतरिम सरकार के एक सलाहकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत और बांग्लादेश 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारे पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इसका समर्थन करने से इनकार कर दिया।

सरकारी बीएसएस समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार, यहां साझा नदियों के जल पर बांग्लादेश का उचित हिस्सा शीर्षक से आयोजित एक संगोष्ठी में जल संसाधन सलाहकार सईदा रिजवाना हसन ने कहा कि बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि बातचीत जनता की राय पर विचार करने के बाद की जाएगी और बातचीत के नतीजों को लोगों के साथ साझा किया जाएगा। रिजवाना ने कहा कि यद्यपि अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय नदियों का जल बंटवारा एक जटिल मुद्दा है, लेकिन आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान राजनीतिक नहीं होना चाहिए।

## भारतीय इजराइली सैनिक के परिवार के आव्रजन में मदद की अपील की

**यरुशलम।** भारतीय मूल के यहूदियों के आव्रजन के मामले में सबसे आगे रहने वाले इजराइल के एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने एक मृत सैनिक के परिवार के इजराइल में आव्रजन के संबंध में मदद की अपील की है। यह एनजीओ भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर और मिजोरम से भारतीय मूल के यहूदियों को इजराइल में बसाने की पुरजोर वकालत करता है। पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर और मिजोरम में रहने वाले यहूदियों को आम तौर पर बेनी मेनाशे के नाम से जाना जाता है। स्टाफ सार्जेंट गेरी गिदोन हंगहल (24) की इस महीने की शुरुआत में ड्यूटी के दौरान वेस्ट बैंक के बेत एल बस्ती के पास असफ जंक्शन के निकट एक वाहन से टक्कर लगने के बाद मौत हो गयी थी।

**खगोल विज्ञान** | डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी जरूरी

# मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है डार्कमैटर का ब्लैकहोल

**संवाददाता, नैनीताल**

अमृत विचार : डार्क मैटर के खतरों से इंकार नही किया जा सकता है। नई जानकारी के मुताबिक डार्क मैटर वाले ब्लैक होल मंगल ग्रह की कक्षा को डगमगा सकते हैं। यह खबर ग्रहों के सुरक्षित भविष्य को लेकर सावधान करने वाली है। खगोलविदों का मानना है कि डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी होगी।

गुरुत्व बल, डार्क एनर्जी, डार्क मैटर, ब्लैक होल और जेट ब्रह्मांड की महाशक्तियां हैं। जिनके बल पर समूचा ब्रह्मांड संचालित होता है। अब मंगल ग्रह को लेकर सामने आ रही खबर चौकाने वाली है। एमआईटी के शोधकर्ताओं का कहना है कि डार्क मैटर छोटे प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना हो सकता है और जब ये ब्लैक होल सौर मंडल से होकर गुजरेंगे तो मंगल की कक्षा थोड़ी डगमगा सकती है। इससे यह पता चलता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल डार्क मैटर का एक प्रमुख स्रोत हैं, जो ग्रहों मे उतार चढ़ाव पैदा कर सकते हैं। 17 सितंबर को मंगल ग्रह के उतार चढ़ाव पर यह शोध हुआ है। जिसमें कहा गया है कि अब लाल ग्रह मंगल की कक्षा में होने वाले परिवर्तनों पर नज़र रखनी होगी। यह गुजरते हुए डार्क मैटर का पता लगाने का एक तरीका हो सकता है।

ब्रह्मांड में अधिकांश डार्क मैटर सूक्ष्म प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना है। यह विचार पहली बार 1970 के दशक मे आया था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यदि डार्क मैटर का ब्लैकहोल मंगल की साइड से गुजरेगा तो मंगल की कक्षा में एक हद तक डगमगाहट ला सकता है। इस जानकारी से स्पष्ट हो जाएगा कि वर्तमान तकनीक वास्तव में डार्क मैटर का पता लगा सकती है। इस तरह की खोज से इस विचार को समर्थन मिल सकता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल पूरे ब्रह्मांड में डार्क मैटर का प्राथमिक स्रोत हैं। नया शोध खगोलविद डेविड कैसर एमआईटी के नेतृत्व मे हुआ है।



डार्कमैटर के ब्लैकहोल की काल्पनिक तस्वीर।

### ब्रह्मांड का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान

**नैनीताल :** ब्रह्मांड में भौतिक पदार्थों का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान है। जिनमें तारों और ग्रहों से लेकर नजर आने वाली अन्य वस्तुएं शामिल हैं। बाकी हिस्सा डार्क मैटर से बना है, जो अदृश्य है। अदृष्य भाग ब्रह्मांड के असल ताकत है, जो तारों और आकाशगंगाओं की गति को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त गुरुत्वाकर्षण बल लगाता है। इस अदृष्य शक्ति का पता लगाने के लिए खगोलविद लंबे समय से जूझ रहे हैं।